e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 209
गुरुवार
01.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी एक खेल है, यदि आप इसे खिलाड़ी की तरह खेलते हो, तो जीत सकते हो, लेकिन अगर दर्शक की तरह देखते हो, तो बस ताली बजा सकतो हो या दुखी हो सकते हो, लेकिन जीत नहीं सकते।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की ईरान में हुई हत्या

**तेहरान** : हमास की राजनीतिक इकाई के प्रमुख की ईरान में हत्या कर दी गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, तेहरान में स्थित इस्माइल हानिया के घर पर हमला हुआ, जिसमें एक अंगरक्षक समेत इस्माइल हानिया की मौत हो गई। ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि हमला बुधवार की सुबह हुआ और घटना की जांच की जा रही है। बयान में इस्माइल हानिया की मौत पर दुख जताया गया और फलस्तीन के लोगों के प्रति समर्थन जताया गया। हमास ने भी बयान जारी कर इस्माइल हानिया की मौत की पुष्टि की है और साथ ही हत्या का आरोप इस्राइल पर लगाया है।

### जाति जनगणना को लेकर भाजपा-कांग्रेस कर रही है नाटकबाजी : मायावती

**लखनऊ** : लोकसभा में जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस और भाजपा में हुई तीखी बहस को लेकर गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना को लेकर भाजपा-कांग्रेस नाटकबाजी कर रही, यह देश का एक गंभीर मुद्दा है।मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि मंगलवार को संसद में ख़ासकर जाति व जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस व भाजपा आदि में जारी तकरार नाटकबाज़ी तथा ओबीसी समाज को छलने की कोशिश है, क्योंकि इनके आरक्षण को लेकर दोनों ही पार्टियों का इतिहास खुलेआम और पर्दे के पीछे भी घोर ओबीसी-विरोधी रहा है। इन पर विश्वास करना ठीक नहीं।

### केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने वायनाड में भूस्खलन क्षेत्र का दौरा कर घायलों का जाना हालचाल

**नई दिल्ली** : केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने बुधवार को केरल के वायनाड में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। वायनाड में भूस्खलन के कारण अब तक 143 लोगों की जान जा चुकी है।केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पीड़ितों के बचाव कार्य के लिए राज्य सराकर को हरसंभव सहायता देने को तैयार है।कुरियन ने कहा कि उन्हें केंद्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने का काम सौंपा है। उन्होंने घायलों को केंद्र से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार केंद्र से अतिरिक्त संसाधन भेजे जायेंगे।

### दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े सीबीआई केस में केजरीवाल, सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े सीबीआई मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत 9 अगस्त तक बढ़ा दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया। तीनों को न्यायिक हिरासत अवधि खत्म होने की वजह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।सीबीआई ने 29 जुलाई को इस मामले में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### यूपीएससी ने पूजा खेडकर की उम्मीदवारी की रद्द, भविष्य में नहीं दे पाएंगी कोई एग्जाम

**नई दिल्ली** : संघ लोक सेवा आयोग ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी के रूप में पूजा खेडकर का चयन रद्द कर दिया है. साथ ही भविष्य में आयोग की तरफ से आयोजित होने वाले किसी भी परीक्षा में शामिल होने पर भी रोक लगा दी है. यूपीएससी ने उन्हें कई बार फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा देने का दोषी पाया है. यूपीएससी ने एक बयान में कहा है कि खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा के नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 24° |

**फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ सीएम ने की उच्च स्तरीय बैठक**

# पूरी तैयारी के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारें : हेमंत

*** 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाय**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना और अबुआ आवास योजना समेत राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है।

इन योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार अड़चन आने की शिकायतें सामने आती रहती है। ऐसे में पूरी योजना और तैयारी के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारें, ताकि सहूलियत के साथ इसका लाभ राज्य की जनता को मिल सके।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

इस बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव प्रवीण टोप्पो सचिव प्रशांत कुमार, सचिव श्री कृपानंद झा, सचिव विप्रा भाल, सचिव मनोज कुमार एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्सी उपस्थित थे।

### 30 अगस्त से आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का चलेगा तीसरा चरण

राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर -2024 तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण चलेगा। इस चरण में राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर पर पहुंचकर एक बार फिर दिया जाएगा। ऐसे में इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाय। उन्होंने दूसरे चरण की आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार卐 कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन की पूरी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है , उसका निष्पादन यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।

**सभी योग्य पात्रों को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का मिले लाभः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अति महत्वाकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक हजार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना से सभी योग्य पात्र बहन- बेटियों को जोड़ने की दिशा में कदम उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी योग्य महिलाएं इस योजना के लिए सहूलियत से आवेदन कर सकें, इसकी पुख्ता व्यवस्था हो। बैठक में अधिकारियों ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर चल रही तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**मुख्यमंत्री ने दिए कई और अहम निर्देश**

झारखंड अल्पसंख्यक एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण योजना, पोशाक योजना और सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की पहल करें। सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर वन पट्टा वितरण में गति लाएं। सभी जिलों में वन पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो।



### विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें, इसपर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है । लेकिन, इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में जानकारी का अभाव है । जिस वजह से वे इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो।

### जेपीएससी और जेएसएससी द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही है। मुख्यमंत्री ने इस बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अहम निर्देश दिए।

## बीजेपी विधायकों को विधानसभा में बनाया गया बंधक : वाजपेयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : सदन के भीतर एनडीए विधायकों के धरना का मामला राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है. झारखंड बीजेपी के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया है कि विधायकों को बंधक बना लिया गया है.बिजली काट दी गई है. एसी को बंद कर दिया गया है. विधायकों को पानी तक नहीं दिया जा रहा है, उन्हें बाथरूम भी जाने नहीं दिया जा रहा है.चारों तरफ मार्शल लगा दिए गए हैं. यह लोकतंत्र की हत्या है. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अधूरे वादों पर जवाब की मांग की थी. लेकिन स्पीकर ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया. इससे आहत एनडीए विधायक सदन के भीतर वेल में धरना पर बैठ गये. उन्होंने सरकार से मांग की है कि धरना पर बैठे एनडीए विधायकों को सदन से बाहर आने दिया जाए. साथ ही अनुबंध कर्मियों की मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की है.दरअसल, भाजपा विधायक अनंत ओझा के जल जीवन मिशन से जुड़े सवाल पर सरकार के जवाब के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि वह विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे.भोजनावकाश के बाद सभा की कार्यवाही शुरू होते नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने व्यवस्था के तहत स्पीकर से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री को कार्यवाही के अंतिम दिन जवाब देकर भागने नहीं दिया जाएगा. उन्हें तमाम वादों पर जवाब देना होगा.हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने सभा की कार्यवाही एक अगस्त कोई 11 बजे तक स्थगित कर दी. इसी दौरान भाजपा के विधायकों के साथ आजसू के विधायक लंबोदर महतो विल में बैठ गए और घोषणा कर दी कि जब तक सीएम जवाब नहीं देते, उनका धरना जारी रहेगा.

**लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अधूरे वादों पर जवाब की मांग की थी. लेकिन स्पीकर ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया. इससे आहत एनडीए विधायक सदन के भीतर वेल में धरना पर बैठ गये. उन्होंने सरकार से मांग की है कि धरना पर बैठे एनडीए विधायकों को सदन से बाहर आने दिया जाए. साथ ही अनुबंध कर्मियों की मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की है.**

## संतोष गंगवार ने झारखंड के राज्यपाल पद की ली शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने बुधवार को यहां झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। राजभवन के बिरसा मंडल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें शपथ दिलाई। गंगवार ने सीपी राधाकृष्णन की जगह ली।समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आशा लकड़ा , झारखंड हाई कोर्ट के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए। 75 वर्षीय संतोष गंगवार बरेली, उत्तर प्रदेश के रहनेवाले हैं। श्री गंगवार बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं। वह केंद्र में श्रम व रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहित वित्त राज्यमंत्री, कपड़ा राज्यमंत्री व पेट्रोलियम राज्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने संसदीय कार्य राज्यमंत्री के रूप में भी काम किया है। संतोष गंगवार बीएससी और एलएलबी की है। 1996 में उत्तर प्रदेश भाजपा के महासचिव भी रहे हैं। बरेली में उनकी ख्याति विकास पुरुष के रूप में है। वो बरेली में शहरी को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरपर्सन भी रह चुके हैं। संतोष गंगवार मंगलवार को रांची पहुंचे।

## लोकसभा चुनाव के झटके से मोदी सरकार ने नहीं लिया सबक : सोनिया गांधी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जीत का मंत्र दिया। सोनिया ने कहा कि इस वक्त माहौल कांग्रेस के पक्ष में है, लेकिन इस गति को बनाए रखना और लोकसभा चुनाव में पार्टी ने जो साख बनाई है, उसे बरकरार रखना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा,हमें लगता था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सही सबक लेगी। इसके बजाय, वह समुदायों को विभाजित करने और भय और शत्रुता फैलाने की अपनी नीति पर कायम है।सोनिया ने कहा कि हमें बिल्कुल भी लापरवाह नहीं होना है। न ही हमें अति-आत्मविश्वास से भरना है। मैं यह कह सकती हूं कि अगर हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो लोकसभा चुनाव में जैसा माहौल दिखा उस आधार पर राष्ट्रीय राजनीति अब बदलने जा रही है। सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की संभावना के मद्देनजर पार्टी नेताओं में जोश भरने का प्रयास किया।

## हथियार सफाई के दौरान गोली लगने से जवान की मौत

**मृतक जवान प्रमोद सिंह मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के पोलपोल के धोकही गांव का रहने वाला था।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह** : छिपादोहार थाना क्षेत्र के करमडीह पुलिस पिकेट में पद स्थापित पुलिस के जवान आरक्षी नंबर 791 प्रमोद सिंह पिता ईश्वरी सिंह की पिकेट में बुधवार को हथियार सफाई करने के दौरान गोली लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह एसडीपीओ वेंक्टेश कुमार छिपादोहार ,थाना प्रभारी धीरज कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर छिपादोहार हॉस्पिटल लाया गया जहा बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयंत लकड़ा ने मृत घोषित किया। शव को लातेहार पोस्मार्टम के बाद उनके परिजनों को दे दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक जवान प्रमोद सिंह मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के पोलपोल के धोकही गांव का रहने वाला था। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि आरक्षी नंबर 791 प्रमोद सिंह करमडीह पुलिस पिकेट मे पद स्थापित था।मृतक 3 अक्टूबर 2018 को लातेहार मे योगदान किया था। इसकी मौत की हर पहलू पर गहनता से जांच की जा रही है।

# पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस सांसद ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर की टिप्पणी के मामले में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। बता दें कि पंजाब के जालंधर से लोकसभा सांसद चरणजीत सिहं चन्नी ने इस नोटिस में दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनुराग ठाकुर के भाषण के उस हिस्से के वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया जिन्हें सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी का यह कदम सदन के विशेषाधिकार का हनन है। चरणजीत सिंह चन्नी ने लोकसभा अध्यक्ष को दिए नोटिस में कहा- मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप मेरा प्रस्ताव स्वीकार करें और इसे सदन में लाने की अनुमति दें। मेरा यह आग्रह भी है कि प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई आरंभ की जाए। दरअसल भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए जाति जनगणना की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखे प्रहार किए थे।भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण के दौरान कहा था, जिसकी जाति का पता नहीं, वह गणना की बात करता है। हालांकि इस पर कांग्रेस सदस्यों ने गहरी आपत्ति जताई और सदन में पुरजोर हंगामा किया।

### प्रीति सूदन आज संभालेंगी यूपीएससी चेयरमैन का पदभार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**: संघ लोक सेवा आयोग की 2022 से सदस्य प्रीति सूदन आज एक अगस्त को आयोग के चेयरमैन का पदभार संभालेंगी। वह महेश सोनी का स्थान लेंगी। सोनी ने हाल ही में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था।राष्ट्रपति ने यूपीएससी चेयरमैन के कर्तव्यों का निर्वाहन करने के लिए प्रीति सूदन के नाम को मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति 1 अगस्त से अगले आदेश तक अथवा 29 अप्रैल 2025 जो भी पहले हो तब तक के लिए होगी।



# भाजपा विधायक आलोक चौरसिया को पसंद नही आ रहा मोदी का चेहरा : कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल में डाल्टनगंज विधानसभा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। इस मौके पर बिट्टू पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जमीनी पकड़ पूरी तरह ढ़िली हो चूकी है.इस वास्तविकता को अब भाजपा के विधायक भी समझने लगे है, इसलिए अब खुल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर के विरोध में बोलने लगे है। भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने इसकी शुरूआत कर दी है। जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि विधायक आलोक चौरसिया खुद कह रहे उन्हें बडे पोस्टर और बैनर से कोई लेना देना नही है। जबकि यह सभी जान रहे है कि प्रचार में भाजपा माहिर है। विधायक को इस सत्य का ज्ञान हो गया है कि अब मोदी थक चूके है। विधायक आलोक चौरसिया कुछ भी कर ले, इस बार न तो उनकी दाल गलेगी और न ही भाजपा की. डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता दोहरे चरित्र वाले पार्टी और उनके नेताओं को भली-भांति समझ चुकी है और इस बार सबक सिखाने के मूड में है। आगे पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने दावा किया है कि डालटनगंज विधानसभा सीट पर कांग्रेस की शानदार जीत होगी। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए विस चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा है। मौके पर महासचिव सतनारायण सिंह विजयकांत चौबे, विनोद कुमार तिवारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का हुआ अयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।इस दौरान लाभुकों को दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न वाहन के चाबी भी सौंपे। आज के इस कार्यक्रम में 10 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित 1,27,06,556 राशि का ऋ ण उपलब्ध कराया गया। इनमें तरहसी के राहुल कुमार को 1300915 रुपए का बोलेरो, तरहसी के ही नेहा कुमारी को 1255703 रुपए का बोलेरो प्रदान किया गया। इसी तरह विकास कुमार सोनी को 13 लाख का सोनालिका का ट्रैक्टर दिया गया। वहीं आशीष कुमार, गोविंद कुमार मेहता, अजय कुमार व रणजीत सिंग को स्कोर्पिओ का चाबी दिया गया।इसके अलावे सतबरवा के संजय कुमार सिंह को टेंट हाउस का रोजगार करने के लिये 10 लाख का ऋण दिया गया।इसी तरह हरिहरगंज के कन्हाई ठाकुर को हार्डवेयर के व्यापार के लिये 15 लाख का ऋण दिया गया वहीं हैदरनगर के अविनाश कुमार को जेनेरल स्टोर का रोजगार करने हेतु 50 हज़ार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया।

## प्रेम विवाह के बाद रुकसाना बानो की संदिग्ध मौत

**हुसैनाबाद,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत के झाझागोदाम (खगड़िया मुहल्ला) निवासी 23 वर्षीय रुकसाना बानो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। रुकसाना के पति राजा उर्फ मिराज राइन और उनके परिवार का कहना है कि रुकसाना ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। दूसरी ओर, रुकसाना के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुकसाना बानो का मायका हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला में है। मृतका का पति जपला बाजार में सब्जी बेचने का व्यवसाय करता है। उन्होंने करीब एक साल पहले ही प्रेम विवाह किया था, जिसके चलते उनके संबंधों में पहले से ही तनाव की स्थिति बताई जा रही है। घटना के बाद रुकसाना के शव का पोस्टमार्टम हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया और शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुखद घटना की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आ पाएगी कि यह आत्महत्या थी या हत्या। पुलिस द्वारा इस मामले की गहन जांच की जा रही है ताकि सच सामने आ सके और दोषियों को सजा मिल सके। इस मामले ने स्थानीय मुहल्ले में सनसनी फैला दी है। रुकसाना की मौत ने प्रेम विवाह और उससे जुड़ी सामाजिक चुनौतियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया पर टिकी हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक घटना से संबंधित किसी ने आवेदन नहीं दिया है।

## हैदरनगर अध्ययन केंद्र मे बीबीए और एमकॉम की पढ़ाई शुरु

**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विदेश सिंह इंटर कालेज हैदरनगर स्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र के संचालक सह सचिव विनोद सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि विदेश सिंह इंटर कालेज हैदरनगर स्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र में कई नए कोर्स की शुरुआत की गई है। नामांकन प्रारंभ किया गया है। कामकाजी घर बैठे महिला और पुरुष कोर्स के इच्छुक अभ्यर्थी नामांकन ले पायेंगे। यह कोर्स विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी और डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो से मान्यता प्राप्त है।स्नातक स्तर पर बीबीए और पीजी लेबल पर मास्टर ऑफ कॉमर्स की पढ़ाई होगी। उन्होंने बताया कि बीबीए का कुल शुल्क तीस हजार रूपए एवम एमकॉम का कुल शुल्क अठारह हजार छह सौ रुपए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया गया है। इसके अलावे इकतीस सर्टिफिकेट डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा का कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इन सभी कोर्सों में झारखंड सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप का लाभ भी बच्चों को दिया जा रहा है। बहुत जल्द ही झारखंड स्टेट ओपन स्कूलिंग के माध्यम से मैट्रिक और इंटर कोर्स का संचालन किया जायेगा। इन कोर्स के संचालन से गरीब दलित बच्चे बच्चियों को लाभ मिलेगा।

## जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर मारवाड़ी समाज ने किया शोक प्रकट



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अप्पर बाजार निवासी समाजसेवी, मारवाड़ी समाज के प्रमुख अंग, राष्ट्रीय सेवक संघ के जिला पूर्व संचालक, प्रतिष्ठित व्यवसाय एवं कई संगठन के शिर्ष में रहे जुगल किशोर पोद्दार जी के निधन पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन, जिला सेवा भारती, श्री राणी सती मंडल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके आत्मा के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की जुगल पोद्दार जी हम सभी के अभिभावक तुल्य थे उनके निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है इनकी जगह कोई नहीं ले सकता। वर्तमान में वे अपने परिवार के साथ रायपुर में रहते थे। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, शिव प्रसाद राजगढ़िया, डॉ कुमुद अग्रवाल, किशोर बंका, राकेश शर्मा, पवन सर्राफ, जय प्रकाश शर्मा, निखिल सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, अवधेश मित्तल, निशांत सर्राफ, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, अजय पोद्दार, शुभम शर्मा, प्रमोद पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, शंषाक वर्मन, सुबोध महतो मनिष राजगढ़िया, चेम्बर के पूर्व सचिव राजेश महतो, मनोज गुप्ता, सत्यम सर्राफ, विमल बांका, रिंकू केसरी, सुबोध महतो, अतुल सराफ, अनिल मोदी आदि शामिल है।

# नगर मंडल भाजपा द्वारा एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में गढ़वा वार्ड न 11 मे वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद पांडेय अधिवक्ता के घर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार वृक्षारोपण किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा, मंडल महामंत्री यशवंत कुमार मिश्रा, भाजपा नेता चंचल दुबे, जिला मीडिया प्रभारी बजेंद्र पाठक, ओबीसी मोर्चा पलामू प्रभारी विनय चंद्रवंशी, चंदन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, संजय ठाकुर, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, टिंकू गुप्ता, संतोष राम आदि लोग उपस्थित थे। मां के नाम के तहत सभी ने एक एक पौधा लगाया। मौके पर मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण का कार्य बहुत ही सराहनीय और पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने का कार्य है। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश के द्वारा जो टास्क हम सभी को दिया गया है ,सभी को एक पेड़ लगाना चाहिए। हर व्यक्ति को संकल्प के रूप में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

# सेवा काल में सेवानिवृत्त एक सतत् प्रकिया : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** किसी भी विभाग में कर्मियों के सेवा काल में सेवानिवृत्ती एक सतत् प्रकिया है। उक्त बातें पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कही वे बुधवार को पंडवा बीआरसी में आयोजित दो सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों के विदाई सह सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि किसी भी सेवा काल में बेदाग सेवानिवृत्त होना सौभाग्य की बात है। कहा कि सेवानिवृत्ति सभी कर्मियों को नसीब नहीं होता। भाग्यशाली कर्मी ही सेवानिवृत्त का लाभ ले पाते हैं। कहा कि शिक्षक बच्चों के लिए मां के समान है जो पढ़ाता, खेलता और शिक्षा भी देता है। कहा कि सेवा निवृत्ती के बाद आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और संयमित रहे। मालूम हो कि प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरा के सहायक अध्यापक सुनिल कुमार व एनपीएस अहोरी के सहायक अध्यापक नागेन्द्र मेहता के सेवानिवृत्त को ले सहायक अध्यापक संघ पंडवा ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया था। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव तिवारी ने किया। इस मौके पर शिक्षक अंजलि सेंगर, सुजाता कुमारी, उर्मिला कुमारी, निर्मला कुमारी, दिलीप कुमार सिंह सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## खेत में काम करने के दौरान बज्रपात से किसान की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू :** हैदरनगर थाना के रानीदेवा गांव निवासी 70 वर्षीय किसान वासुदेव सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे। काम करने के दौरान वज्रपात से वह बुरी तरह झुलस गए। तत्काल उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डा दीपक सिन्हा ने बताया कि किसान को देखने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# आवास के लाभुको को बालू उपलब्ध कराए सरकार : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरकार ने इनकम टैक्स के दायरे से बाहर रहने वाले लोगों को मुफ्त बालू देने की घोषणा की है। यह अच्छी बात है, मगर टैक्स देने वाले लोगों को भी पैसे से ही बालू उपलब्ध कराना जरूरी है। उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार तत्काल आवास के लाभुको व फ्री राशन के लाभुकों को बालू उपलब्ध कराए। यह प्रमाणित है की आवास व राशन के लाभुक इनकम टैक्स के दायरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त बालू मिले अच्छी बात है। मगर जो लोग टैक्स देकर देश की प्रगति में योगदान कर रहें हैं, उन्हे पैसा लेकर ही सही, बालू मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपन्न लोगों में ठेकेदार भी शामिल हैं। उन्हें बालू नहीं मिलने से राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है।जिससे झारखंड की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार बालू को सभी के लिए फ्री करे या बालू घाटों की नीलामी समय रहते कराए। यह काम सरकार नहीं करती है तो माना जायेगा की राज्य सरकार के संरक्षण में बालू की कालाबाजारी होती है। उन्होंने कहा कि अगर बालू का अवैध उठाव नहीं हो रहा है, तो झारखंड के विभिन्न इलाकों में भवन, सड़क, पुल पुलिया का निर्माण होने के साथ राज्य की राजधानी रांची में भी बड़े बड़े भवनों का निर्माण कैसे हो रहा है। सरकार को इसपर विचार करना चाहिए।

# सांप काटने से 45 वर्षीय मजदूर की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के धनगाई गांव निवाशी के मोती महरा के 45 वर्षीय पुत्र सागर महरा की सांप क काटने के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुशार सागर महरा बिहार के भभुआ मोहनिया काम करने गया हुआ था। सोमवार की रात्रि में सोने के क्रम में मच्छरदानी में लिपटा जहरीला सांप ने उसे काट लिया। इसके बाद अन्य साथियों के द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इसके बाद परिजनों को जानकारी देते हुए ठेकेदार ने शव को गाँव भेजा गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ है।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
### जिला- लातेहार

**खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 15/2023–24(4th Call)**

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 08.08.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 06.08.2024 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 06.08.2024 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 06.08.2024 |

नोटः– उपरोक्त दुकान से संबंधित नियम एवं शर्तों को कार्यालय के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है, या राज कुमार वर्मा, नगर प्रबंधक नगर पंचायत लातेहार से कार्यालय के कार्य अवधि में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 331350 Urban Development(24-25).D


## भव्य ठाकुर बारी मंदिर संगीतमय सुन्दरकाड पाठ का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी ग्राम के ठाकुर बारी मंदिर मे मानस मर्मज्ञ पंडीत रजनीकांत पाठक के द्वारा भक्ती मय सुन्दरकाड पाठ का कार्य क्रम संचालित गया, उनके साथ पलामू गढ़वा के मसहुर तबला वादक शिशिर कुमार शुक्ला अपने तबले की अवाज से लोगो को झुमाते रहे यह कार्यक्रम पंडीत राजन मिश्रा के ग्रिह प्रवेश पर मुख्य रूप से आयोजित की गई थी, ईश कार्य क्रम मे काफी संख्या मे पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे पंडीत रजनीकांत पाठक ने बताया भगवान के पाठ से बना हुआ नयी मकान यवं अगल बगल इलाके जहा तक अवाज जाती है शुद्धि होती है इसलिए अयसे अवसर पर लोगो को पाठ जरूर करानी चाहिए।

## तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे ...

# संगीत कला महाविद्यालय में स्व. रफी के पुण्य तिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि



**कमलेश सिन्हा @ प्रभात मंत्र**

**गढ़वा :** संगीत कला महाविद्यालय में सुर सम्राट स्वर्गीय मोहम्मद रफी की 44वीं पुण्यतिथि पर रफी साहब के सुरमई गीतों के द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम मनाया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्र, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, जीएन कॉन्वेंट के निदेशक एमपी. केशरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप आदि ने संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपविकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्र ने कहा कि मोहम्मद रफी इस दुनिया से दूर चले गए है लेकिन संगीत प्रेमियों के दिलो से कभी जुदा नही होने पाएंगे। उनकी गायिकी के बारे में कुछ भी कहना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। दशकों से चली आ रही श्रद्धांजलि कार्यकर्मों को संगीत कला महाविद्यालय द्वारा बहुत ही शानदार तरीके निभाया जा रहा है। इसके लिए प्रमोद सोनी की जीतनी तारीफ किया जाए कम ही होगा। नप की पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त ने कहा कि मोहम्मद रफी की गायिकी ने सरहद और मजहब की सीमा को मिटा दिया। मेराल प्रमुख दीपमाला ने कहा कि रफी साहब के गीतों से मैंने बहुत कुछ सीखी हूँ। नप अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केशरी ने कहा कि मोहम्मद रफी गीतों के माध्यम से हम सभी के दिलो में जिंदा हैं। निदेशक एमपी. केशरी ने कहा कि रफी साहब द्वारा गाया गीत मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा आज जीवंत हो जाता है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में मेरा गढ़वा जिला अव्वल है। कार्यक्रम की शुरूआत कौशल रवि ने पुकारता चला हूं से की। रंजीत ने बदन पे सितारे लपेटे हुए, राजकुमार यादव ने आप आये बहार आये, खुशी कुमारी एवं राजकुमार ने कोयल बोली दुनिया डोली, धर्मेंद्र कुमार एवं नुसरत ने युही तुम मुझसे बात करती हो, वरिष्ठ कलाकार गोपाल प्रसाद कश्यप ने तुम मुझे यू भुला ना पाओगे, दीपमाला एवं राजकुमार ने छुप गए सारे नजारे, वरिष्ठ कलाकार विजय प्रताप देव ने पत्थर के सनम तुझे हमने समेंत नैतिक, परिधि गुप्ता आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। मंच का संचालन राजकुमार मधेसिया ने किया।


## झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
### (झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

का0:अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, 455/A, रोड नं0–5, अशोक नगर, राँची।
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com TOLL FREE No. 18008891131
ई–निविदा सूचना संख्या ल0 व0 प0 प0 [के0 प0(पूराना)]–07/2023
वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत "जैसा है जहाँ है" केन्दू पत्ती की बिक्री हेतु ई–निविदा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत एवं भण्डारित केन्दू पत्ती की प्रचयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" पर "जैसा है जहाँ है" के आधार पर बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन निम्नवत प्राप्त की जायेगी :–

| निविदा चक्र (निविदा रेफरेन्स सं0) | समय | निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| सैंतीसवाँ चक्र (KL(OLD)/37/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 07.08.2024/12.08.2024 | 14.08.2024 |
| अड़तीसवाँ चक्र (KL(OLD)/38/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 16.08.2024/21.08.2024 | 23.08.2024 |
| उनतालीसवाँ चक्र (KL(OLD)/39/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 27.08.2024/02.09.2024 | 04.09.2024 |
| चालीसवाँ चक्र (KL(OLD)/40/2023) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0/अन्त 5.00 बजे अप0 | 05.09.2024/11.09.2024 | 13.09.2024 |

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षो के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेजों की एक–एक प्रति निविदादाता निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व (11.00 बजे पूर्वाहन्) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबंधित शर्तें एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 8789362839
(2) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 9153989366

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची

PR 331376 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(24-25)#D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### कार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**रांची :** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित पंडरा बाजार समिति के गेट के पास तेज रफ्तार कार ने बुधवार को एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। महिला की शिनाख्त रिंकू देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पंडरा बस्ती निवासी पति छोटू प्रसाद महतो की पत्नी रिंकू देवी (35 ) वह फल बेचती थी। महिला फल लेकर सड़क पार कर रही थी इसी दौरान कार (जेएच 10सीसी3202) ने टक्कर मार दी, इससे उसकी मौत हो गयी। आनन फानन में महिला को मेडिका अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। ओपी प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है। चालक को भी पकड़ लिया गया है।

### आरपीएफ ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी मनोज कुमार को पंडरा ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने बुधवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन उपलब्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। गुप्त सूचना पर पंडरा ओपी के आरएस कंप्यूटर दुकान में छापेमारी की गई। इस दौरान रेलवे के 11 ई-टिकट बरामद की गई। बरामद टिकट का मूल्य 18 हजार 500 पाया गया। पूछताछ पर दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि व्यक्तिगत लाभ के लिए ग्राहकों को बेचने के लिए अपनी व्यक्तिगत आईडी से टिकट बनाता था।

# जब तक मुख्यमंत्री जवाब नहीं देंगे, तब तक सदन में बीजेपी विधायक रहेंगे धरने पर : नेता प्रतिपक्ष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रति पक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने यह फैसला किया है कि जब तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन युवाओं व अनुबंध कर्मियों के मुद्दों एवं अपने घोषणा पत्र के सारे वादे पर सदन में एक स्पष्ट जवाब नहीं देंगे तब तक भारतीय जनता पार्टी के विधायक सदन नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को झारखंड के सभी विषयों जिसमें पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी, मनरेगा कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, एएनएम जीएनएम, होमगार्ड, पंचायत सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा ऑपरेटर, जेएसएलपीएस, नगर पालिका सफाई कर्मचारी, बीआरपी सीआरपी एवं सभी समस्त अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण, बेरोजगारी भत्ता, स्थानीय नीति, जेएसएससी घोटाला, जेपीएससी घोटाला आदि सभी विषयों पर मुख्यमंत्री को आज सदन के अंदर जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यदि सत्र के अंतिम दिन बोलकर चले जाएंगे तो अंतिम सत्र के कारण जनता को इन सभी विषयों पर जवाब नहीं मिल सकेगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब तक मुख्यमंत्री इन सभी विषयों पर जवाब नहीं देंगे, भारतीय जनता पार्टी का कोई भी विधायक सदन से बाहर नहीं जाएगा। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक सदन में मौजूद है जबकि सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

## विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में ठेका प्रथा को खत्म करने की मांग की



रांची। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने मानसून सत्र के दौरान ठेका प्रथा में चल रही व्यावसायिक शिक्षा को खत्म कर नियमित करने के मामले को सदन पटल पर रखा।इस दौरान उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्रश्न करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित व्यावसायिक शिक्षा का संचालन झारखंड में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण सहयोगियों के सहयोग से कराया जा रहा है जो वर्ष 2015-16 से संचालित है व वर्तमान में राज्य के 446 सरकारी प्लस टू विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा जारी है वहीं राज्य के सरकारी प्लस टू विद्यालय में कार्यरत प्रशिक्षकों की नियुक्ति इकरारनामा के आलोक में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई है। जबकि केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राज्यों को व्यवसायिक शिक्षा संचालक एवं प्रशिक्षकों की नियुक्ति संबंधित दिशा निर्देश में प्रशिक्षकों की नियुक्ति राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा सीधी भर्ती करने अथवा राज्य के शिक्षा विभाग सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से प्रशिक्षकों की नियुक्ति करने का आदेश प्राप्त है। उन्होंने व्यवसायिक प्रशिक्षकों के नियमित नहीं होने के कारण होने वाले परेशानियों का उल्लेख करते हुए बताया कि व्यावसायिक प्रशिक्षक ठेका प्रथा होने के कारण मानदेय के भुगतान में काफी दिक्कत होती है वही 2018-19 से अब तक मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई है।विधायक ने सरकार से देश के अन्य राज्यों के व्यावसायिक शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक शिक्षा को ठेका प्रथा से मुक्त करने की मांग की।

## त्रुटिपूर्ण जनजातीय भाषाई सर्वे को रोकने का मुख्यमंत्री ने दिया आदेश : शिल्पी नेहा तिर्की



रांची । मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय भाषा के त्रुटिपूर्ण सर्वे को रोकने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को आदेश दिया। तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि, जल्द ही नये सिरे से निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पुनः सर्वे का आदेश सरकार द्वारा जारी किया जायेगा।ज्ञातव्य है कि अनुबंध पर भाषाई शिक्षक नियुक्ति हेतु सरकार ने सर्वे का आदेश दिया, लेकिन उसके त्रुटिपूर्ण होने के कारण जिन क्षेत्रों में कुँड़ुख (उरांव) भाषा-भाषियों की बहुतायत है वहाँ भी उन्हें शून्य दर्शाया गया है और उक्त क्षेत्र के विद्यालयों में अन्य जनजातीय भाषाओं के शिक्षक की नियुक्ति के संदर्भ में अनुशंसा की गयी थी। इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके विधानसभा कक्ष में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ तिर्की ने मुलाकात की और इसी दौरान सोरेन ने यह निर्देश दिया। तिर्की ने कहा कि सभी जनजातीय भाषाओं और अपनी समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के प्रति वे समर्पित हैं।

## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने राज्यपाल को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के नये और 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेने के उपरांत संतोष गंगवार का पुष्प गुच्छ भेंटकर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने राजभवन के बिरसा मंडप में शुभकामनाएं और बधाई दीं तथा ये उम्मीद जतायी कि नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार के लंबे राजनैतिक और सामाजिक जीवन के अनुभवों का लाभ झारखंड एवं झारखंडवासियों को मिलेगा, उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि उनके मार्गदर्शन में राज्य में वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों में तेजी आएगी।

## धीमी गति से कार्य करने पर एसडीएम ने बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा -30 जुलाई 2024 को बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर (एच टू एच ) मतदाता सत्यापन एवं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने से संबंधित मतदान केन्द्र संख्या-05, 06, 08, 17, 52, 56. 58 के बी.एल.ओ. द्वारा किये गये कार्य का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी बी.एल.ओ. एवं बी.एल.ओ. पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि अविलम्ब शत-प्रतिशत मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें तथा प्रति बी.एल.ओ. कम से कम 50 आवेदन प्राप्त करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें।



**धीमी गति से कार्य करने के कारण स्पष्टीकरण की मांग:** अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची के द्वारा मतदान केन्द्र संख्या-05, 06 तथा मतदान केंद्र संख्या 58 के बी. एल.ओ. द्वारा धीमी गति से कार्य करने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निरीक्षण कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा तथा क्षेत्र में बी.एल.ओ. एवं बी. एल.ओ.पर्यवेक्षक के अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आज से रांची व आसपास के मकान और जमीन हो जायेंगे महंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एक अगस्त से रांची और इसके आस पास ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन और मकान महंगी होने जा रही है। जमीन-मकान की कीमत में एक समान 5 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

बढ़ी हुई दर से स्टांप और निबंधन शुल्क में आपको अपनी जेब ढीली करनी होगी। कृषि योग्य सबसे सस्ती जमीन बुढ़मू के कोराबर गांव की रहेगी ।

बताया जा रहा है कि इसकी बढ़ी हुई दर 1677 रुपए प्रति डिसमिल है। यहां आवासीय जमीन 3354 व व्यवसायिक जमीन 5900 रुपए प्रति डिसमिल है।

सबसे महंगी जमीन कांके अंचल के बोड़ेया मौजा की है। कृषि योग्य जमीन लगभग 274811, आवासीय जमीन लगभग 549622 व व्यवसायिक जमीन लगभग 988807 रुपए प्रति डिसमिल होने की संभावना है। इसी तरह अन्य अंचल की जमीन की दर में बढ़ोतरी की गई है। पिछली बार 2022 में 10 फीसदी तक बढ़ोतरी की गई थी।

निबंधन कार्यालय में भीड़ भी देखने को मिली । अन्य दिनों की अपेक्षा प्रॉपर्टी की अधिक रजिस्ट्री हुई। वर्तमान दर पर सिर्फ एक दिन 31 जुलाई को जमीन-मकान की रजिस्ट्री हुई।

एक अगस्त को नई दर अपलोड किया जाएगा। दो अगस्त से ग्रामीण इलाके की रजिस्ट्री शुरू हो जायेगी।

## एआईएमआईएम ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** एकरा मस्जिद चौक (रतन टॉकीज) पर एआईएमआईएम रांची महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी के नेतृत्व में हाथों में पोस्टर लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट किया गया । झारखंड सरकार के द्वारा अल्पसंख्यकों को नजर अंदाज करने अल्पसंख्यकों के हक अधिकार इस कार्यकाल में पूरे नहीं होने समेत अन्य मुद्दें पर शांतिपूर्ण तरीके से हाथों में तख्ती लेकर झारखंड सरकार सहित इंडिया




गठबंधन को जागरूक किया गया।मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ने कहा अगर इस विधानसभा के आखिरी सत्र में भी हमारे मामले हल नहीं हुए तो इसका खामियाजा सरकार को 2024 के विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा और साथ ही साथ पूरे झारखंड का दौरा कर शोषित वंचित मजलूमों को एकत्रित कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता इमरान राजा अंसारी, शामस कमर लड्डन, रिजवान खान,आरिफ खान, मोहम्मद शमी, फहीम अहमद ,सरवर खान, रिजवान मोजीबी अनवर हुसैन,समीर खान, शमीम अंसारी,सदाब आलम, मोहम्मद इमरान अहमद, काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक रंजीत प्रसाद का निधन, विभाग ने शोक व्यक्त किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग से सेवानिवृत रंजीत प्रसाद का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अचानक दिल का दौरा पड़ने पर उन्हें कोकर चौक के नजदीक सैम्फोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को मर्चरी में रखा गया हैं। उनकी छोटी बेटी लंदन में है, जो गुरुवार भारत पहुंचेगी। बेटी के रांची आने के बाद विधि-विधान के साथ दाह संस्कार के लिए पार्थिव शरीर को



घर लाया जाएगा। बताया गया कि विगत कुछ महीने पूर्व उनकी हार्ट की सर्जरी हुई थी। रंजीत प्रसाद के निधन पर एसएसपी चंदन सिन्हा , सिटी एसपी राजकुमार मेहता , डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, डीआईजी रांची जोन अनुप बिरथरे , आईजी रांची जोन अखिलेश झा, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री महताब आलम, झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्ण सिंह, पुलिस मेंस एसोसिएशन रांची के सहायक महामंत्री रहमान खान, तकनीकी शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक शाह फैसल , सादीक सहित झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी भी अस्पताल पहुंचे और दुख व्यक्त किए। बता दें कि रंजीत प्रसाद रांची में सिटी एसपी और ट्रैफिक एसपी के पद पर कार्यरत कर चुके थे, इसलिए इनका आमजनों एवं समाजसेवी के बीच में भी अच्छी जान पहचान थी।

## अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर अविलंब बंद हो : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त रांची नगर निगम रांची के नाम अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहे कोचिंग संस्थान को बंद करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अभी हाल ही में दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रही कोचिंग सेंटर ( सेल्फ स्टडी क्लास) में पानी भरने से 3 छात्र को मौत हो गई थी । इस घटना से पूरे देश में शोक की लहर उत्पन्न हुई थी । इस तरह की घटना दोबारा न हो इसको लेकर हम सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है परंतु रांची में भी बहुत से ऐसी कोचिंग सेंटर है जो बिल्डिंग के बेसमेंट में अपनी कोचिंग संस्थान चला रहे है और दिन भर सैकड़ो छात्र छात्राओं का आना जाना लगा रहता है और ज्यादा बारिश के समय में बेसमेंट में पानी भर जाने की में आशंका भी रहती कोचिंग की प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार भी एक ही है निकलने की कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नही है रांची में भारी बारिश भी हो रही है बिल्डिंग के आस पास बारिश में नाली भर जाती है आने जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है । भविष्य में रांची के भी कोचिंग संस्थान में दिल्ली के तर्ज पर कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर आजसू नगर निगम प्रशासन से मांग करती है को रांची में अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रही कोचिंग संस्थान को जल्द से जल्द बंद कराया जाए ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो सभी छात्र छात्राओं स्वच्छ वातावरण अपना शिक्षा ग्रहण कर सके । इस तरह के कोचिंग संस्थान अभिलंब रोक नही लगाया गया तो इस विषय को लेकर आजसू बाध्य हो चरणबद्ध आंदोलन करेगी । ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, जमाल गद्दी,आशुतोष सिन्हा, जय कुमार, आनंद यादव, राजेश सिंह, सक्षम झा, नीलाभ रत्न, बबलू मंडल, पवन सिंह, यश सोनी, अभिषेक चौधरी, इत्यादि उपस्थित थे।

## प्रशिक्षित होम गार्ड जवानों की मदद से रांचीवासियों को सड़क जाम से मिलेगी राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर में जाम की समस्या आम हो चुकी है, इस अव्यवस्था को लेकर झारखंड हाई कोर्ट भी गंभीर है। कई बार निर्देश देने के बाद अब यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए यातायात पुलिस के साथ-साथ होमगार्ड के जवानों की भी मदद ली जा रही है। उक्त बातें रांची जोन के आईजी अखिलेश झा ने यातायात प्रबंधन प्रशिक्षण प्रथम सत्र समापन सह सम्मान समारोह के आयोजन के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। आईजी ने बताया कि रांची शहर में सभी ट्रैफिक पोस्ट, चौक चौराहों पर जाम की स्थिति रहती है, बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग , ठेला, खोमचा द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण आए दिन सड़क जाम की समस्या होती रहती है, इन समस्याओं का समाधान कराने के लिए हम लोगों ने कोलकाता, इंदौर, भोपाल सहित कई बड़े शहरों का मुयैना किया और वहां की बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को रांची शहर में उतरने की कोशिश की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में हम लोगों ने होमगार्ड के सात सौ जवानों की मदद ले रहें हैं। जिसमें से प्रथम सत्र में 146 होमगार्ड के जवानों को प्रशिक्षण दिया गया है। उसे अनुशासन, व्यवहारिक, शारीरिक और मानसिक दृढ़ता के प्रति जागरुक एवं प्रशिक्षित किया गया है, ताकि यातायात में अपना बेहतर समय के साथ-साथ योगदान भी दे सके। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि



ट्रैफिक पुलिस पूरे पुलिस फोर्स का चेहरा होता है , यदि एक ट्रैफिक पुलिस अपने किसी स्थान पर किसी व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार करता है, तो इससे पूरे पुलिस प्रशासन की छवि खराब होती है, उम्मीद करते हैं कि जो जिम्मेदारी दी जा रहा है उसे ईमानदारी पूर्वक और बेहतर तरीके से करेंगे , शिकायत की मौका नहीं देंगे। क्योंकि जिस चौक चौराहे पर आप खड़े होते हैं उसी चौक चौराहे से कई गणमान्य लोग भी गुजरते हैं, उनकी नजर आप पर होती है। होमगार्ड के डीआईजी अजय लिंडा ने कहा की होमगार्ड के जवानों को किसी काम में लगाया जाना यह सबसे बड़ी काम है। इसी के तहत होमगार्ड जवानों को यातायात पुलिस में जोड़ा जा रहा है।

50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है , उसका भी लाभ इन्हें दिया जाएगा, उनके पास उम्र की सीमा भी बची हुई है, तो यह आगे भी पुलिस बहाली में अपनी योग्यता को देखते हुए आवेदन कर सकते हैं। यातायात एसपी डॉ कैलाश करमाली ने कहा बेहतर और सुगम यातायात व्यवस्था लागू कराने की जरूरत है, जाम मुक्त बनाने में सब को मदद करनी होगी । जहां भी जरूरत होगी वहां पर होमगार्ड के जवानों को प्रशिक्षित करके उसे उस चौक - चौराहे पर तैनात किया जाएगा, ताकि सड़क जाम की समस्या उत्पन्न न हो सके। इस मौके पर जिला समादेष्टा हरिहर सिंह मुंडा, परचरी प्रवर अजीत चौबे, यातायात पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद केसरी सहित होमगार्ड के कई जवान उपस्थित थे । इस दौरान कई यातायात होमगार्ड जवान और यातायात पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र , मोमेंटो एवं राशि देकर सम्मानित किया गया।

## विस में आज हुई आपातकाल की पुनरावृत्ति : प्रतुल शाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष पर जोरदार हमला बोला। प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस सरकार ने देश के लोकतंत्र के इतिहास का आज काला अध्याय लिख दिया। विधानसभा में सरकार के इशारे पर आपातकाल की पुनरावृत्ति हुई।पहली बार देश के इतिहास में विधायकों के रहते ही विधानसभा की बिजली पानी कटवा दी गई।महिला विधायकों को भी नहीं बख्शा गया।शौचालय तक पर जाने पर पाबंदी लगा दी गई। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन का अधिकार सबको है ।लेकिन जिस तरीके से आज सरकार ने अपना हिटलर शाही चेहरा दिखाया, वह शर्मसार करने वाला है।प्रतुल ने कहा कि विधानसभा सत्ता और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है। परंतु इस सरकार ने विधानसभा पर कब्जा कर इसे सरकारी विधानसभा बना




दिया है।नेता प्रतिपक्ष सदन में मुख्यमंत्री से अनुबंध कर्मी, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का बेरोजगारी भत्ता, प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार, परीक्षाओं की सीबीआई जांच,आदि मुद्दों पर बयान देने के लिए धरना पर बैठे थे। सदन के नेता बाहर जाकर तानाशाही कर बिजली पानी कटवा देते हैं। प्रतुल ने कहा कि स्पीकर का पद संवैधानिक पद होता है। लेकिन झारखंड में स्पीकर सरकार के टूल किट बनकर रह गए हैं।युवाओं, बेरोजगारों एवम भाजपा नेताओं पर केस,मुकदमा करते-करते यह सरकार अब सारी सीमाएं लांघ बैठी है।कहा कि इसी सरकार ने मुफ्त बिजली पानी देने की घोषणा की थी और इसी सरकार ने विधानसभा में विधायकों के रहते की बिजली पानी काट दी।

## इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा की नयी कमिटी गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 31 जुलाई को इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने जे के सदन हरमू में नयी कार्यकारिणी समिति का गठन किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची महिला विश्वविद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ सुप्रीता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नयी कार्यकारिणी समिति में दीपा चौहान अध्यक्ष, सोमा भादुड़ी उपाध्यक्ष, नीता शेखर सचिव, अर्चना त्रिवेदी कोषाध्यक्ष, शालिनी सिन्हा आइएसो और निशी श्रीवास्तव एडिटर चुनी गई। इनरव्हील क्लब 325 की



डिस्ट्रिक्ट आए एस ओ नीता नारायण ने नवगठित टीम को बधाई दी और क्लब के द्वारा किए कार्य की सराहना की। क्लब की सिनीयर सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्लब की ओर से पेस्टालोजी विधालय को वाटर फिल्टर दिया गया एवं चेशायर होम में एक वीइलचेयर दिया गया। इनरव्हील क्लब आफ साउथ, इनरव्हील क्लब आफ पलाश, इनरव्हील क्लब आफ प्रगति ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शिखा सुप्रिया ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

## रेलवे क्वार्टर ने बरसात में जंगल का रुप लिया



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रेल मड़ल के मुरी रेलवे क्वार्टर के समीप बरसात आते ही रेलवे क्षेत्रों में जंगल झाड़ी का भरमार हो गया है। इस बरसात में सांप बिच्छू का बसेरा हो जाता है।इन जगहों से कई बार अजीबों बदबू निकलने लगता है। जिसका दुर्गन्ध आसपास फैलता रहता है।सबसे ज्यादा दिक्कत रेलवे कर्मचारी को ड्यूटी आने जाने के क्रम में होता है। रेलवे कर्मचारी के परिवार को हमेशा डर बना रहता है। छोटे छोटे बच्चे इसी जगह खेल कुद करते रहते हैं जिसके डर उनके मां बाप को हमेशा बना रहता है। रेलवे अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी देख कर भी मुंह मोड़े रहते हैं। इनकी इसी नजर अंदाज के कारण गंदगी जगह जगह देखा जाता है। रेलवे क्वार्टर के समीप क्वार्टर से ज्यादा जंगल नजर आते हैं। किसी प्रकार से रेल अधिकारी द्वारा सफाई की व्यवस्था नहीं की जाती है जिससे रेलवे कर्मचारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

## चूल्हा प्रमुख हेतु तैयारी बैठक संपन्न



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज 31 जुलाई हेसातू पंचायत हेसातू में पंचायत प्रभारी निर्मला देवी एवं किरण देवी की अध्यक्षता में बैठक रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव जी के देख रेख में हेसातू पंचायत में महिला पुरूष ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुख का संगठन तैयार कर लिया गया है अब सिर्फ चुल्हा प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी युद्ध स्तर खिजरी विधानसभा के सभी पंचायतों में चल रहा है 2024 विधानसभा चुनाव में ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुख मुख्य भूमिका में होंगे। इस मौके ग्राम प्रभारी हीरालाल महतो,दीपक,अमन महतो,बानेश्वर महतो,गणेश महतो,कनेश महतो,सुनीता देवी,समी देवी,रीना देवी,बबीता देवी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## वज्रपात से हुई मौत, अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत सुरसा पंचायत के बसकी ग्राम में कल मंगलवार हुई वज्रपात से नीरज उरांव की मौत होने की सूचना पाकर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। जिसका आज अंतिम संस्कार गांव के मसना में किया गया। इस दौरान युवा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक को मिट्टी दी व परिवार को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया।

## खलारी के चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट मुन्नू शर्मा को राँची में किया गया सम्मानित

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):**खलारी के मोहन नगर निवासी चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट युवा मुन्नु शर्मा को राँची के गुरुनानक सेवक जत्था गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा रातू रोड राँची के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है.रातू रोड गुरुद्वारा सभागार में शहीद भगत सिंह के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था. जिसमे गुरुनानक सेवक जत्था के द्वारा झारखंड के सभी जिलों से सामाज के प्रति बेहतर कार्य करने वालों में कुल 72 लोगों का चयन किया गया था.जिसमें खलारी कोयलांचल से मुन्नु शर्मा को देश भर में लापता गुमशुदा लोगों की खोज करने और झारखंड में मनावतस्करी के शिकार लोगों को बचाने के इस कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया.उनके वाट्सप ग्रुप लापता हेल्प डेस्क के माध्यम से यह कार्य चल रहा है. इस समूह में देश एवं विदेश से लोग जुड़े हुए है.जिसके द्वारा पूरे देश भर से गुमशुदा भूले भटके लोगों की सूचनाओं का आदान प्रदान और लापता लोगों को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया जाता है.

# कल्याणपूर के मंडेर के पास भीषण सड़क दुर्धटना मे एक युवक की मौत, एक घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपूर-टंडवा मुख्य मार्ग के मंडेर गांव के पास बुधवार को भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है।यह घटना तेज रफ्तार कोल वाहन के कारण हुई है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची के नेजाम नगर हिन्दपीढ़ि निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद कलीम और 34 वर्षीय मोहम्मद सद्दाम अपने मोटरसाइकिल जेएच01डीई-2984 से टंडवा की ओर जा रहा था।इसी बीच कल्याणपुर-टण्डवा मुख्य मार्ग के मंडेर गांव के समीप तेज रफ्तार से आ रही कोल वाहन जेएच02बीएन- 0625 ने बाईक को चपेट में ले लिया।घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया,इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया।लेकिन रांची ले जाने के दौरान घायल मोहम्मद कलीम की मौत हो गई।वही घायल मोहम्मद सद्दाम की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।बताया गया कि तेज रफ्तार कोल वाहन टंडवा के मगध कोल परियोजना से कोयला लेकर मोनेट कोल वाशरी जा रहा था।इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। इधर घटना की सूचना पाकर कांग्रेस चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना,रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, श्रमिक नेता इस्लाम अंसारी, सिमरिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।इस संबंध में स्थानीय लोगो ने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र की सड़को पर कोल वाहनों के तेज परिचालन से आए दिन दुर्घटना होती रहती है।घनी आबादी वाले इलाको से कोल वाहनो के परिचालन से लोगो मे डर का माहौल है।जिला प्रशासन से पिपरवार टंडवा मुख्य मार्ग पर नो एंट्री लगाने की मांग की है।साथ ही कहा कि कोल वाहनों के परिचालन के कारण इस मार्ग पर आम जनता का चलना मुश्किल हो गया है।कोल वाहनो के कारण प्रत्येक दिन दुर्घटना होती रहती है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिला प्रशासन से कोल वाहनो के परिचालन को बन्द कराने की मांग की गई,लेकिन कोई पहल नहीं की गई है,जिससे ट्रांसपोर्ट कंपनियों का मनोबल बढ़ गया है और कम्पनी के द्वारा रात के अलावे दिन में भी तेज रफ्तार से कोल वाहनों का परिचालन कराया जा रहा है।इधर मृतक के परिजनो ने बताया कि मृतक कलीम की एक चार साल की बेटी व पत्नी है।वही घायल सद्दाम का तीन बेटा और एक बेटी सहित पत्नी है।वही घटना की सूचना पाकर टंडवा पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और आगे की कारवाई शुरु कर दी है। पुलिस के द्वारा ग्रामीणों को समझाने का काम किया जा रहा है।समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी है।

## मांडर मुखिया संघ ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया धरना प्रदर्शन

# पंचायती राज अधिनियम के तहत मुखिया के कामकाज में विधायक का हस्तक्षेप होना बेहद ही निंदनीय है : डॉ. परमेश्वर भगत



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के समीप मांडर प्रखंड मुखिया संघ ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं उनके पिता बंधु तिर्की के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो की मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचो प्रखंड के मुखिया संघ ने वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के खिलाफ अबूवा आवास जैसे योजनाओं में हस्तक्षेप का आरोप लगाया जा चुका है। धरना प्रदर्शन कर रहे हैं मुखियाओं ने डॉ परमेश्वर भगत को कहा कि मांडर प्रखंड अंतर्गत सरवा पंचायत के मुखिया प्रभा किस्पोट्टा को एक साजिश के तहत राजनितिक दबाव बनाकर वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं उनके पिता बंधु तिर्की ने वित्तीय पावर छीनने का काम किया है। साथ ही वर्तमान विधायक हमारे हर तरह के कामकाज में हस्तक्षेप करने का काम करती है जो पंचायती राज अधिनियम के खिलाफ़ है। इस तरह का कार्यकलाप झारखंड के किसी भी विधायक के द्वारा नही किया जाता है। पंचायती राज अधिनियम में विधायक को सीधे हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नही है। तमाम बातों को सुनने के बाद डॉ परमेश्वर भगत ने मुखिया संघ को समर्थन देते हुए विभाग के वरीय पदाधिकारी यथा निदेशक पंचायती राज, सचिव पंचायती राज से विमर्श करने का भरोसा दिलाया। मौके पर पूर्व विधायक देव कुमार धान, शमीम अख्तर आजाद, मुखिया संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी मुखिया मौजूद थे।

### सभी मजदूरों को संडे एव पीएचडी देने की मांग को लेकर प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**रोहिणी के कामगारो ने पूर्व की भांति मजदूरों को संडे एव पीएचडी देने की मांग को लेकर प्रबंधन को एक मांग पत्र सौंपा है. परियोजना के सभी कामगार मैनेजर दीपक कुमार को मांग पत्र सौंपा गया.मांग पत्र के माध्यम से कामगारो ने बताया कि दो दिन पूर्व रोहिणी हाजरी घर के बाहर संयुक्त ट्रैड यूनियन एवं रोहिणी परियोजना के समस्त कामगारों का एक बैठक आयोजित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रोहिणी परियोजना में पूर्व की भाँति संडे एवं पी.एच.डी लागू किया जाए.क्योंकि 31 दिसंबर को प्रबंधन द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि आगामी तीन महीने में जमीन संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी और उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा. रोहिणी परियोजना के सारे कर्मवीर भाइयों ने त्याग और बलिदान का परिचय देते हुए कंपनी हित में सात महीनों तक प्रबंधन का साथ दिया और लगभग सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गयी हैं और माइन ऐक्टिविटी शुरू हो गयी है. नियम पूर्वक रोहिणी परियोजना के सारे कामगारों का संडे पीएचडी शुरू हो जाना चाहिए था. लेकिन यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इस विषय में प्रबंधन का रवैया कामगार हितों के प्रति उदासीन है. मजदूरों ने बताया कि एन के क्षेत्र के सभी परियोजना अभी जमीन संबंधित समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन सभी जगह संडे पीएचडी सुचारु रूप से चल रहा है. यहाँ तक कि गैर उत्पादन इकाई जैसे सेंट्रल अस्पताल, जी एम यूनिट, रीजेनल स्टोर,भीटीसी में भी संडे पीएचडी मिल रहा है इस बात को लेकर रोहिणी कामगारों में रोष उत्पन्न हो रहा है जो कि औद्योगिक संबंध के लिए बहुत ही भयावह है.

### उपायुक्त ने बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों के संग बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 आयुवर्ग की महिलाओं को 1 हज़ार रुपए प्रति माह यानी हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे। इसके लिए प्रखंडो में आवेदन प्रक्रिया 3 से 10 अगस्त, 2024 तक विशेष कैंप के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। इस योजना के आवेदन के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आधार से लिंक्ड आवेदिका का सिंगल बैंक में खाता एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। जिले में योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने 3 अगस्त से 10 अगस्त तक सभी प्रखंडों में विशेष कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने को कहा। विशेष कैंप में आंगनवाड़ी सेविका, सीडीपीओ, सीएससी, वीएलई, बीडीओ, सीओ समेत अन्य पदाधिकारियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष कैंप के सफल आयोजन को लेकर प्रखंडों में भी बैठक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर आमजनों तक पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने की भी बात कही गई। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों से आवेदन लेने का निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एमओआईसी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने खूंटी बाईपास सड़क निर्माण के संबंध में मांगी जानकारी

**खूंटी** : स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा ने संसद में खूंटी बाईपास का निर्माण यथाशीघ्र करने का मुद्दा उठाया जो बिल्कुल ही सराहनीय कदम है। खूंटी की जनता आए दिन जाम से परेशान है बाईपास के निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राएं खूंटी के नागरिक महिलाएं किसान बच्चे व्यापारी तथा सभी आम एवं खास सभी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं। खूंटी की जनता परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारत सरकार एवं पूर्व सांसद खूंटी के साथ तत्कालिन केन्द्रीय मंत्री भी अर्जुन मुंडा एवं खूंटी के स्थानीय विधायक पूर्व मंत्री नीलकंठ मुंडा , तोरपा विधायक कोचे मुंडा और रांची के सांसद संजय सेठ की उपस्थिति में परिवहन मंत्री भारत सरकार के द्वारा पूरे ताम-झाम से ऑनलाइन खूंटी बाईपास सहित तीन अन्य सड़कों का भी शिलान्यास किया गया था। उसके संबंध में खूंटी की आम जनता जानना चाहती है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने से 3 सप्ताह पहले खूंटी में लाखों खर्च करके खूंटी बाईपास के निर्माण के साथ अन्य दो योजना का ऑनलाइन शिलान्यास खूंटी के कचहरी मैदान में ताम-झाम के साथ किया गया था उसका क्या हुआ....?


वाकई में बाईपास निर्माण करने का ईमानदारी पूर्वक पहल थी या चुनावी स्टंट खूंटी की जनता जानना चाहती है। अगर बाईपास का निर्माण सचमुच में होना है तो अभी वर्तमान में उसकी क्या स्थिति है क्या बाईपास निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी है क्या निविदा प्रकाशित हुई है क्या बाईपास निर्माण हेतू जमीन की अधिग्रहण की प्रक्रिया की शुरुआत की गई।

## खलारी व राय रेलवे स्टेशन में हुई स्टेशन परामर्श समिति की बैठक

# राय में फुट ओवरब्रिज तथा डकरा साइडिंग के निकट अंडर पास बनाने का दिया सुझाव

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी व राय रेलवे स्टेशन में स्टेशन परामर्श समिति की बैठक आयोजित की गयी. खलारी में अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक खलारी जान सोरेंग तथा राय में अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक राय संजीव कुमार ने की. परामर्श समिति की ओर से स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने सहित कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव आदि सुझाव दिए गए. जो सुझाव दिए गए उनमें खलारी स्टेशन को अपग्रेड किया जाए. खलारी और राय स्टेशन को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किया जाए. प्लेटफार्म नंबर 01 तथा 02 की लम्बाई विस्तारीकरण व इसकी उंचाई में वृद्धि की जाए . खलारी स्टेशन पर नया फुट ओवरवीज रैंप के साथ बनाया जाए. राय स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण रैंप सहित कराया जाए जिसका विस्तार राय साइडिंग पार राय शहर तक हो. खलारी और राय स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री शेड की संख्या बढ़ाई जाय. दोनो स्टेशनों पर स्वच्छ पीने का पानी का उत्तम प्रबंध हो. खलारी स्टेशन में वेटिंग हाल की व्यवस्था की जाय. टिकट काउंटर को यथावत रखा जाय, बन रहे नए बिल्डिंग में टिकट काउंटर शिफ्ट नहीं किया जाय. व्हील चेयर की व्यवस्था की जाय. विकलांग बाथरूम की व्यवस्था की जाय. स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाई जाय. खलारी स्टेशन परिसर में एक रेलवे डाक्टर की पोस्टिंग की जाय. स्टेशन पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाय. खलारी स्टेशन परिसर में बंदरों की समस्या का हल निकाला जाय. खलारी स्टेशन पर गरीब रथ एक्स्प्रेस 12877/12878, हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन 13025/13026 तथा संतरा गाछी एक्सप्रेस ट्रेन 18009/18010 का ठहराव सुनिष्चित किया जाय.रांची, टोरी भाया बरकाकाना नई मेमू ट्रेन चालू किया जाय. यात्री ट्रेनों का परिचालन समय से किया जाय. पलामू ट्रेन डाउन के समय में बदलाव किया जाय. डकरा साइडिंग और होयर बस्ती के निकट अंडर पास बनाया जाए.राय स्टेशन पर संबलपुर जम्मुतवी एक्सप्रेस 18309/18310 का ठहराव सुनिश्चित किया जाए. रांची से टोरी वाया मेसरा बरकाकाना राय खलारी एक नई ट्रेन दी जाए. गाड़ी संख्या 13347 अप पलामू एक्सप्रेस का समय पूर्व की भांति की जाए. गोमो बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन संख्या 03361 अप पैसेंजर का समय पूर्ववत किया जाए. आरसीएम साइडिंग में पानी का छिड़काव नियमित किया जाए. गाड़ी संख्या 18611/18612 एवं 18311/18312 का ठहराव खलारी स्टेशन पर है परन्तु आरक्षण लेते समय खलारी स्टेशन का आरक्षण नहीं होता है इसमें सुधार किया जाय.खलारी रोड ओवर ब्रिज पर विद्युत आपूर्ति सहित प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाए. बैठक में रेलवे की तरफ से स्टेशन अधीक्षक खलारी जान सोरेंग, स्टेशन अधीक्षक राय संजीव कुमार, यातायात रेल निरीक्षक (परिवहन) उमेश कुमार, वाणिज्य निरीक्षक (यातायात) आशुतोष कुमार एवं परामर्श समिति की ओर से शैलेंद्र शर्मा खलारी मंडल अध्यक्ष बीजेपी, रामकुमार दुबे मीडिया प्रभारी रांची जिला ग्रामीण, गोपाल महतो, सुबोधकुमार पांडेय (कार्तिक), लखन उरांव, कामेश्वर महतो शामिल हुए.

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में हवन यज्ञ एवं शिक्षक अभिभावक की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को हवन यज्ञ एवं शिक्षक अभिभावक की बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर रिशु चौधरी ने किया।जानकारी के अनुसार डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर सिविल बिपिन कुमार यजमान के रूप में शामिल हुए।विद्यालय के शिक्षक ओपी यादव के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ कराया गया।जिसके बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल के कई शिक्षक शामिल हुए।वही सुबह 10 बजे से 12 तक स्कूल प्रांगण में अभिभावक और शिक्षक की बैठक हुई।इस बैठक में स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने अभिभावकों के साथ छात्रों की समस्या और उनके सुधार करने पर चर्चा की।इस बैठक में कक्षा बाल वाटिका से लेकर कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। वही कक्षा तीन से लेकर बारहवीं तक की बैठक निर्धारित कक्षाओं में संपन्न हुई।बैठक में छात्रों के प्रगति और उनके सतत विकास पर चर्चा की गई।इस बैठक में काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## पिपरवार के अशोक परियोजना में सीटू के द्वारा गेट मीटिंग का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में बुधवार की सुबह एनसीओईए सीटू के बैनर तले गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।गेट मीटिंग की अध्यक्षता गुरूदयाल सिंह और संचालन क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने किया।इस गेट मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप मे अखिल भारतीय सीटू के महासचिव सुदीप्त दत्ता उपस्थित थे।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए महासचिव सुदीप्त दत्ता ने कहा कि कोल इंडिया मे संचालित नयी एंव पुराने खदानो को पूंजी पतियों को दे दिया जा रहा है, जिसके कारण मजदूरों के सुख और सुविधा पर हमला किया जा रहा है।वर्तमान मे एमडीओ एंव रिवेन्यू सेविंग मोड में खदान खोला जा रहा है,जिससे मजदूरों को काफी नुकसान हो रहा है।खदान क्षेत्र से प्रभावित रैयत ग्रामीण,विस्थापित एंव जमीन मालिकों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा जा रहा है।वर्तमान की केंद्र सरकार नए-नए कानून लाकर मजदूरों को नुकसान और पूंजी पतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। जिसे ऑल इंडिया सीटू बर्दाश्त नहीं करेगी।यूनियन ने मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर तरीकों से विरोध करने का निर्णय लिया है।उन्होने कहा कि सरकार की जन विरोधी नीति,मजदूर विरोधी नीति,श्रम कानून में परिवर्तन,चार लेबर कोर्ड लागू करने,वन टाइम इम्पलाईमेन्ट के खिलाफ सीटू के द्वारा आने वाले समय में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होकर आंदोलन को तेज करने की अपील की।गेट मीटिंग में मुख्य रूप से एनके एरिया के क्षेत्रीय सचिव शैलेश कुमार, मगध एरिया के क्षेत्रीय सचिव गणेश कुमार,अजय मुंडा, मोहम्मद रियाज,बिनोद कुमार,धनेश्वर गंझु,नसीब मियां,मोहम्मद जसीमुद्दीन, निजाम अंसारी,मुनिया देवी, सरिता देवी,सुनीता देवी, कविता देवी,सोमर गंझु, मुकेश पासवान,रामू महतो, अजय कुमार,विजय केसरी सहित कई मजदुर उपस्थित थे।

## पिपरवार के बेंती मे हुई विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत सचिवालय में बुधवार को पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित ग्रामीण रैयतो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता अर्जुन गंझु और संचालन जितेन्द्र राम ने किया।इस बैठक में पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित रैयतो की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।जिसमे मुख्य रूप से रोजगार,विस्थापित प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा बहाल करने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई।बैठक मे पिपरवार क्षेत्र में चल रहे प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगो को रोजगार देने,लोकल सेल मे कोयला आवांटन बढ़ाने,ठेका प्रथा मे स्थानीय विस्थापितो को प्राथमिकता देने,अशोका वेस्ट कोयला खदान को डिपार्टमेन्टल चलाने, सीएसआर योजना के तहत विस्थापित ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क,बिजली,पेयजल और शिक्षा व्यवस्था सहित बुनियादी सुविधा बहाल करने सहित अन्य कई बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में विस्थापितों का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सीसीएल प्रबंधन से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया,साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर जोरदार आंदोलन करने की बात कही गई।बैठक मे मुख्य रूप से इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन,महेन्द्र गंझु, मोहम्मद ताज,प्रकाश महतो, रामचन्द्र उंराव,सुखी गंझु, सकील अंसारी,सलीम जावेद,रामबालक गंझु,सचित गंझु,अमर महतो,कैलाश राम सहित काफी संख्या में स्थानीय विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग की बैठक कर उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे, अस्पतालों में साफ सफाई को प्राथमिकता दिए जाए, उक्त बातें उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान कहीं। आज समाहरणालय खूँटी के सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने कर्रा एवं तोरपा एमओआईसी के कार्यों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कर्रा, तोरपा समेत अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक उपस्थित नहीं रहने की शिकायत प्राप्त होती है, जो काफी लापरवाही का विषय है। सभी संबंधित एमओआईसी यह सुनिश्चित करें कि उनके स्वास्थ्य केंद्रों में अनिवार्य रूप से चिकित्सक उपलब्ध रहे, सभी का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हो एवं नियमानुसार प्रतिदिन के रोस्टर का निर्धारण किया जाए। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को इलाज कराने में समस्या ना हो। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बिना किसी कारण के समान्य मामलों को चिकित्सक रेफर ना करें, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर से संभव इलाज को प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही करें। जिससे मरीजों को सदर अस्पताल का चक्कर लगाना न पड़े।सभी चिकित्सक इस बात का विशेष ख्याल रखें। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एमओआईसी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## फिजिक्स वाला ने की स्कॉलरशिप की घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिजिक्स वाला, भारत की अग्रणी शिक्षा कंपनी, NSAT (राष्ट्रीय स्कॉलरशिप सामान्य प्रवेश परीक्षा) 2024 के तीसरे संस्करण के शुभारंभ के साथ शिक्षा की पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बदलने जा रही है। PW NSAT सबसे बड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा है। इस पहल का उद्देश्य NEET-UG और IIT-JEE परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है, भले ही उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। ह्रस्ज्ज 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन अब खुल गया है, जिसमें देशभर के छात्रों को इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मौका दिया गया है।परीक्षा 1 से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन और 6 और 13 अक्टूबर को ऑफलाइन - 2024 में चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जो सभी छात्रों के लिए सुलभ हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## इनरव्हील क्लब ने अनाथालय निर्माण कार्य में किया सहयोग




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनरव्हील क्लब ऑफ़ जमशेदपुर ज़ेस्ट की अध्यक्ष प्रीति गोयल ने क्लब के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गोलमुरी स्लम एरिया के एक अनाथालय में निर्माण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए 20,000 का सहयोग प्रदान किया है। यह जानकारी एडिटर संगीता मित्तल ने दी। उन्होंने बताया कि यह योगदान उन्हें अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करने और बच्चों के लिए बेहतर माहौल बनाने में मदद करेगा।

## रियलमी ने 23,999 रुपये में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी का किया अनावरण




**जमशेदपुर / रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में लंबे इंतजार के बाद सबसे आधुनिक उत्पाद - रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी, रियलमी वॉच एस2 और रियलमी बड्स टी310 पेश किए। रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी में दो मॉडल, रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो 5जी शामिल हैं। इसमें एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा है, जो इंप्रेशनिज़्म के महान मास्टर, क्लॉड मोनेट से प्रेरित आकर्षक डिज़ाईन के साथ अत्याधुनिक कैमरा टेक्नोलॉजी पेश करता है। रियलमी ने मिड से हाई एंड स्मार्टफोन बाजार में प्रमुख दिग्गज बनने की अपनी योजना के बारे में बताया था। यह महत्वाकांक्षा तीन मुख्य क्षेत्रोंः विशाल मैमोरी पॉपुलराईज़ेशन, क्वालिटी अपग्रेड, और हमारे एआईयूआई पॉपुलाईज़र प्लान से स्पष्ट है। युवा यूज़र्स को गहराई से समझने वाले टेक ब्रांड के रूप में रियलमी का वादा है कि भविष्य की हर नंबर प्रो सीरीज़ में स्टैंडर्ड 512जीबी का मैमोरी विकल्प मिलेगा, ताकि आबादी की बढ़ती मांगें पूरी हो सकें। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, 'हम आज रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी, रियलमी बड्स टी310 और रियलमी वॉच एस2 पेश करके बहुत उत्साहित हैं। युवा यूज़र्स की जरूरतों को समझकर हमने अपने नैक्स्ट एआई लैब और एआईयूआई पॉपुलाईज़र प्लान की घोषणा की, जिसका उद्देश्य नैक्स्ट जनरेशन के एआई अनुभवों को अगले तीन सालों में कम से कम 100 मिलियन यूज़र्स तक पहुँचाना है।

## नव ज्योति विद्या मंदिर में दो दिवसीय जीके क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव ज्योति विद्या मंदिर स्कूल, जगन्नाथपुर, गम्हरिया में छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चो ने भाग लिया। इस मौके पर न्यायकर्ता के रूप में विद्यालय के सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव, प्राचार्या अनामिका श्रीवास्तव और अनीषा श्रीवास्तव उपस्थित थीं। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सचिव डॉ श्रीवास्तव ने बच्चो को प्रतियोगिताओं के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चो को नई चीजें जानने का मौका मिलता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षिका पिया कुमारी और रुचि कुमारी ने किया था।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने प्रस्तावित नए निवेश के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एमओयू पर दस्तखत किए



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के लिये अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने छत्रपति संभाजी नगर में एक ग्रीन फील्ड निर्माण सुविधा की स्थापना की संभावना का पता लगाने के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए। कर्नाटक मुख्यालय वाली टीकेएम के पास पहले से ही विश्व स्तरीय विनिर्माण व्यवस्था है। इसमें बिदादी स्थित दो अत्याधुनिक इकाइयां हैं, जो वैश्विक ऑटोमोबाइल परिदृश्य में भारत की स्थिति को योगदान देने और मजबूत करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। महाराष्ट्र सरकार के साथ आज इस एमओयू का आदान-प्रदान डॉ. हर्षदीप कांबले (आईएएस), प्रधान सचिव (उद्योग), महाराष्ट्र सरकार और सुदीप संतराम दलवी, निदेशक और मुख्य संचार अधिकारी, टीकेएम के बीच हुआ।

## एम.के.एस.पी के कर्मियों को वेतन नहीं मिलने पर दशरथ गागराई ने सदन में उठाया मांग



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेएसएलपीएस के पलाश परियोजना में कार्यरत महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के कर्मियों को विगत अप्रैल माह से वेतन का भुगतान नहीं करने पर खरसावां के विधायक दशरथ गागराई ने झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के शून्यकाल में सरकार को ध्यान आकृष्ट करते हुए कर्मियों की वेतन भुगतान करने हेतु मांग रखी है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना कर्मियों को विगत अप्रैल माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही इन कर्मियों को ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार की निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन परियोजना में समायोजन भी किया जाना है। विधायक श्री गागराई ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग रखते हुए कहा है कि जल्द से जल्द महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना कर्मियों के मामले में त्वरित कार्यवाई की जाए।

## मंगल कालिंदी ने सदन में उठाई कुड़माली भाषा में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग


श्री मंगल कालिन्दी, मा0 सदस्य

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने हो, संथाल, मुंडारी, उरांव, एवं भूमिज एवं क्षेत्रीय भाषा कुड़माली की शिक्षक बढ़ाने की मांग सरकार से की है। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम जिले के आदिवासी भाषा हो, संथाल, मुंडारी, उरांव एवं भूमिज एवं क्षेत्रीय भाषा कुड़माली के शिक्षकों का चयन एवं उनके मानदेय निर्धारण कर प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या को आधार मानकर सर्वेक्षण किया गया है। जिसमे कुड़माली भाषा का एक भी शिक्षक का चयन नहीं हुआ है। जबकि कुड़माली भाषा के बच्चे स्कूलों में काफी संख्या में है। इसके साथ- साथ हो, संथाल, मुण्डारी, उराँव एवं भूमिज भाषा के शिक्षको की नियुक्ति भी स्कूलों में बच्चों के अनुपात में कम है जिस कारण इन सभी समुदायों में काफी रोष है। आसन के माध्यम से अपार जनहित एवं लोकहित में कुड़माली भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति के साथ-साथ हो, संथाल, मुण्डारी, उराँव एवं भूमिज भाषा के शिक्षकों की संख्या बढ़ाने हेतु सरकार से मांग करता हूँ।

# डॉ. अजय ने की अटर्नी जनरल से मुलाकात, भुईंयाडीह मामले पर की चर्चा

### एनजीटी में राज्य सरकार रखेगी अपना पक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने बुधवार को झारखंड के महाअधिवक्ता (अटर्नी जनरल) राजीव रंजन से मुलाकात की. इस संबंध में उन्होंने बताया कि एनजीटी द्वारा भुईयाडीह के कल्याण नगर, इंद्रानगर सहित नदी किनारे बसे 150 घरों को तोड़ने के दिए गए नोटिस के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई. महाअधिवक्ता ने आश्वस्त किया है कि एक भी घर को टुटने नहीं दिया जाएगा. इसके लिए जल्द ही राज्य सरकार की ओर से एनजीटी में हलफमाना दायर किया जाएगा. वहीं डॉ. अजय ने कहा कि सरकार इस मामले में संवेदनशील है. सरकार द्वारा हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है. वहीं रांची उच्च न्यायालय में भुईयाडीह के 150 लोगों के तरफ से एनजीटी के नोटिस के खिलाफ याचिका भी दायर करवाया गया है. उन्होंने कहा कि हम केवल वादा नहीं करते बल्कि पूरा भी करते है. भुईयाडीह के लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. अजय ने कहा कि आप लोग किसी के बहकावे में मत आइए, झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार के रहते भुईयाडीह के एक भी घर को टुटने नहीं दिया जाएगा. इसके लिए हर स्तर पर हम लड़ाई लड़ने को तैयार है. बस आप हमारे साथ विश्वास और धैर्य के साथ मजबुती से खड़े रहिए.



## सविता महतो ने विधानसभा के पटल पर ईचागढ़ विस में अतिरिक्त बिजली आपूर्ति की रखी मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्य काल में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अनियमित बिजली आपूर्ति का मामला को रखा। इस दौरान विधायक ने सदन पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में तमाड़ ग्रिड से नीमडीह, चांडिल, ईचागढ़ एवं कुकड़ू प्रखंड में प्रतिदिन 2 से 3 मेगावाट विद्युत आपूर्ति होता है, जो क्षेत्र में खपत की दृष्टिकोण से काफी कम है। प्राय सुबह एवं शाम में लोड सेटिंग होती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई एवं रोजमर्रा के जीवन बाधित होते हैं, साथ ही हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बिजली की लोग सेटिंग (अंधेरे) से लोग जंगली हाथियों से जान माल की क्षति से भय व्याप्त रहता हैं। साथ ही संपूर्ण क्षेत्र में बिजली के पोल तार एवं इंसुलेटर की भी कमी के कारण भी परेशानियां हो रही है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से लोकहित एवं जनहित में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3 से 4 मेगावट और अतिरिक्त बिजली आपूर्ति एवं बिजली के पोल, तार, इंसुलेटर एवं ईचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण का मांग किया।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंता कल आयेंगे जमशेदपुर, सांगठनिक बैठक को करेंगे संबोधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी गई है। ऐसे में जमशेदपुर महानगर में पार्टी के दिग्गज नेताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शुक्रवार को लौहनगरी जमशेदपुर आएंगे। इस दौरान वे बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के सभागार में जमशेदपुर महानगर की सांगठनिक बैठक के साथ चुनावी रणनीति तय करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं उनके जमशेदपुर आगमन को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में भाजपा जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों की अहम बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, प्रदीप बेसरा, जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मंत्री मंजीत सिंह, जितेंद्र राय, मनोज राम, विजय तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, सोशल मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, आईटी सेल प्रभारी कौस्तव राय, मनी मोहंती, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बीनानंद सिरका, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहम्मद निसार समेत अन्य उपस्थित थे।




## विभिन्न आदिवासी संगठनों ने प्रशासन के विरोध में हाता- चाईबासा रोड किया जाम, आवागमन बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** कोल्हान प्रमंडल में प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा असंवैधानिक तरीके से जमीन अधिग्रहण एवं हस्तांतरण के खिलाफ विभिन्न आदिवासी संगठनों ने राजनगर मुख्य बाजार स्थित सिदो-कान्हू चौक एवं चालियामा में बांस के बेरियर लगा कर हाता चाईबासा मुख्य मार्ग सात घंटे आवागमन को बाधित कर दिया. सुबह पांच बजे जाम कर्ताओं ने राजनगर बाजार स्थित सिदो-कान्हू चौक आकर बांस का बैरियर लगा दिया. जिससे दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतारें लग गई.जाम में दो पाहिया वाहन छोड़कर सभी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया. दिन के लगभग साढ़े ग्यारह बजे प्रखंड विकास पदाधिकारी मलय कुमार, अंचलाधिकारी हरिश चन्द्र मुंडा, थाना प्रभारी अमीश कुमार ने राजनगर सिदो-कान्हू चौक आकर जाम कर्ताओं से वार्ता किये. जाम कर्ताओं को समझाने के बाद दोपहर 12 बजे जाम को हटा दिया गया. जाम हाटने के बाद आवागमन पुर्ण रुप से पहले की तरह चलने लगा. राजनगर मुख्य बाजार के सभी दुकानें बंद विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा कोल्हान बंद को लेकर सभी दुकानें सुबह से ही स्वत बंद कर रखा. दोपहर बारह बजे सिदो-कान्हू चौक स्थित जाम हाट जाने के बाद दुकानदार अपने अपने दुकान खोलें. जेबीकेएसएस के केन्द्रीय संगठन मंत्री उदय बांकिरा ने कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है. आदिवासी बहुल क्षेत्र में राज्य सरकार ग्राम सभा को मान्यता नहीं दे रहे हैं. ग्राम सभा मान्यता नहीं देने के कारण तितिरबिला व दुबराजपुर गांव में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जबरदस्त जमीनदाताओं के जमीन को अधिग्रहण कर पुलिस बल तैनात कर सड़क का निर्माण किया गया. उन्होंने कहा कि हमलोग विकास विरोधी नहीं हैं. विकास भी होना चाहिए।

## मिसेस केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज ने मनाया स्नातक दिवस, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज मिसेस के.एम.पी.एम. वोकेशनल कॉलेज ने 2021-24 बैच के लिए अपने स्नातक दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में कई सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें जे.ई.एम. फाउंडेशन के प्रशासक ए.एफ. मैडन, जे.ई.एम. फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस, मिसेस के.एम.पी.एम. वोकेशनल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीता जाखनवाल और मिसेस के.एम.पी.एम. वोकेशनल कॉलेज की एकेडमिक समन्वयक डॉ. रीता कुमारी शामिल थीं। अपने संबोधन में जीजू थॉमस ने समझदारी से करियर चुनने और जो हासिल करना चाहते हैं, उस पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आपका करियर एक यात्रा है, मंजिल नहीं। आप जो करते हैं, उसके प्रति जुनूनी होना और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। ए.एफ. मैडन ने कौशल आधारित शिक्षा के महत्व और युवा मस्तिष्कों के भविष्य को आकार देने में व्यावसायिक प्रशिक्षण की भूमिका पर जोर दिया। समारोह में स्नातक करने वाले छात्रों को डिप्लोमा प्रमाणपत्र दिया गया और मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. मीता जाखनवाल, प्रिंसिपल मिसेस के.एम.पी.एम. वोकेशनल कॉलेज ने कहा, हमें अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है और हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।



## विवेक विद्यालय में मुंशी प्रेमचन्द की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय प्रांगण में आज हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य के उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद%की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह, उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ एवं बच्चों ने मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति में मुंशी प्रेमचंद की जीवनी तथा हिंदी साहित्य में उनका महत्वपूर्ण योगदान एवं उनकी ख्यातियों पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा रचित उपन्यास एवं कहानी जैसे पूस की रात, गोदान, ईदगाह, पंच परमेश्वर, आदि विख्यात रचनाओं द्वारा समाज को दिए जाने वाले संदेशों पर भी चर्चा हुई । प्राचार्य श्री अवधेश सिंह ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के सर्वश्रेष्ठ उपन्यासकार एवं रचनाकार रहे, तथा आज भी उनकी रचनाएं अपनी यथार्थता को व्यक्त करती है । समाज की कुरीतियों एवं उनके विचारों के प्रति मुंशी प्रेमचंद की प्रत्येक रचना एक दर्पण का काम करती है।




## झारखंड ऑफिसर्स टीचर एण्ड इम्प्लॉइज फेडरेशन का चेतना जागरण कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में झारखंड ऑफिसर्स टीचर एण्ड इम्प्लॉइज फेडरेशन का कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज मोहन यादव के आगुवाई में किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि एनपीएस में अपनी गाढ़ी कमाई की जो राशि जमा है उसे हर हाल में केन्द्र सरकार को वापस करना होगा। इसके अलावा प्राथमिक मांगों में सभी विभागों के सरकारी कर्मचारियों का सेवानिवृत्त की उम्र 62 वर्ष करने, शिक्षकों को भी अन्य विभागों की तरह एम एसीपी का लाभ देने, शिशु शिक्षण भत्ता लागू करने, 300 दिन से अधिक संचित उपार्जित अवकाश का उपयोग करने, अलाभकारी तथा कर्मचारी विरोधी संसोधनों को रोकने, समस्त राज्य कर्मियों को प्रशासनिक सेवा के सीमित परीक्षा में बैठने की अनुमति देने, संविदा/आउटसोर्सिंग नियुक्ति तथा निजीकरण को रोकना शामिल है। झारोटेफ के राज्य उपाध्यक्ष ब्रज मोहन यादव ने बताया कि आज आन्दोलन का प्रथम चरण है। अपनी मांगों को हम सभी संवैधानिक तरीके से लड़कर लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## करीम सिटी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने किया विभागीय संगोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की अध्यक्षता में हुई। संगोष्ठी का विषय था वर्तमान युग के दैनिक जीवन में मनोविज्ञान का अनुप्रयोग । सेमिनार में स्नातक तथा स्नातक उत्तर के 46 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने विचार और शोध पत्र सभा के समक्ष प्रस्तुत किए। इतिहास विभाग के डॉ इंद्रसेन सिंह तथा डॉ कौसर तसनीम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सानिया खान ने प्रथम, शुभम मोहंती ने द्वितीय तथा आयुष्मान शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगोष्ठी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ फिरोज इब्राहिमी ने उपस्थित सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का स्वागत किया। सभा का संचालन शबाना खातून तथा अलविया आजमी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ जकी अख्तर में किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ सत्यव्रत पण्डा की भूमिका सराहनीय रही।

## वेतन नहीं मिलने पर आदित्यपुर नगर निगम में साफ सफाई में लगे कर्मी गए हड़ताल पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर:** जिले के आदित्यपुर नगर निगम में साफ सफाई का कार्य कर रही क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ वहां कार्यरत टीपर चालकों और सफाईकर्मियों ने मोर्चा खोल दिया है। जिससे विगत दो दिनों से पूरे नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई कार्य ठप्प है। सभी सफाईकर्मी और टीपर चालक वेतन वृद्धि और नियमित भुगतान की मांग को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे निकाय क्षेत्र में कचरा उठाव भी पूरी तरह ठप्प हो गया है। विदित है कि इन सफाईकर्मियों को पिछले दो महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे सभी सफाईकर्मी नाराज हैं। संवेदक के बार-बार आश्वासन के बाद भी जब उन्हें वेतन नहीं मिला तो अंततः बुधवार से उन्होंने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि एक ओर जहां निकाय क्षेत्र में %स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ% अभियान चलाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर सफाईकर्मियों ने अब हड़ताल कर दी है जिससे इस अभियान को विराम लग गया है। इस दौरान हड़ताली सफाईकर्मियों और टीपर चालकों ने कहा कि विगत दो महीने से उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा है जिस कारण वे गम्भीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बकाया भुगतान नहीं होने तक वे काम पर वापस नहीं लौटने की बात बताया है। इसी संवेदक का ठेका मानगो नगर निगम भी चलता है। वहां के सफाईकर्मियों ने भी साथ ही हड़ताल कर दिया है। इधर, हड़ताली सफाई कर्मियों की मांग को नगर निगम वार्ड 17 की पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने अपना नैतिक समर्थन दिया है। उन्होंने सफाई कर्मियों और टीपर चालकों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि विगत कई सालों से कार्यरत टीपर चालक और सफाई कर्मी वेतन बढ़ाने और नियमित भुगतान की मांग कर रहे हैं।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**NirupanBhawan, 3rdFloor,Room No. 401,56-Set,**
**Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-08/2024-25**
**2nd Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/08/2024-25 Date:-29.07.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Widening/ Reconstruction of Rukotand (On Giridih-Gandey-Narayanpur-Jamtara road)-Hadmadih-Medho-Paharpur-Gadi-Sirsiya-Charghara-Barmasiya-Sijua Dubrajpur-Sabrajpur-Patrapur-Nawadih-Mundhari-Chapuadih (on NH-114A) road and Kundalhari- Kusamba-Maheshmunda link road including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Giridih District in the State of Jharkhand*Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 25 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 30000.00 (Thirty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 01.08.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 07.08.2024 17:00 PM |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 08.08.2024 17:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advertisement no. | PR 329858 (Road) 24-25 (D) |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**PR 331332**
**Road(24-25).D**

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

संपादकीय

# सर्वर के सहारे दुनिया

**विख्यात** कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में क्या साइबर खामी आई कि लगभग दुनिया की सांसें हांफने लगीं। गतिविधियां थम गईं। अमरीका समेत जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया सरीखे विकसित और प्रगतिवादी देशों में उड़ानें अवरुद्ध हो गईं अथवा रद्द करनी पड़ीं। उड़ानों के अलावा, बैंकिंग, रेलवे, स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल, रेस्तरां, डिजिटल पेमेंट्स, टीवी चैनलों से लेकर सुपर मार्केट सरीखी अत्यावश्यक सेवाएं ठहर गईं। कइयों को दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट का यह एकाधिकार बेहद खतरनाक है। क्या इतने बड़े देशों के ऑपरेटिंग सिस्टम एक ही कंपनी के सर्वर के भरोसे होने चाहिए? दुनिया के बड़े आर्थिक तंत्र के घटकों के लिए यह एक खास किस्म की विकलांगता है। दुनिया के 95 फीसदी से अधिक कम्प्यूटर माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम से ही चलते हैं। उनका भरोसा रहा है कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सिस्टम में कभी गड़बड़ी नहीं होगी, लेकिन सिर्फ एक खामी ने दुनिया की सबसे ताकतवर कंपनी को बेनकाब कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट को साइबर सुरक्षा देने वाली कंपनी-क्राउडस्ट्राइक-के अपडेट के कारण यह खामी पैदा हुई या पूरे सिस्टम में ही गड़बड़ी आई, लेकिन पूरी दुनिया सहम-सी गई, असमंजस में पड़ गई कि अब क्या किया जाए? ऐसे सर्वर की विश्वव्यापी सेवाएं देने वाली कंपनी के पास कमोबेश वैकल्पिक योजना होनी चाहिए थी, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने किसी 'प्लान बी' का इस्तेमाल नहीं किया। कंपनी सोचती रही कि साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक इस खामी को दुरुस्त करेगी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यह एक ही सर्वर के भरोसे दुनिया चलाने की खतरनाक स्थिति है। ऐसा नहीं है कि माइक्रोसॉफ्ट के विकल्प नहीं हैं। कई कंपनियां 'लाइनेक्स' और 'मेक' का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन दुनिया में माइक्रोसॉफ्ट का एकाधिकार है। चीन और रूस पर इस साइबर संकट का कोई भी असर नहीं पड़ा, क्योंकि उन्होंने यह आशंका काफी पहले भांप ली थी, लिहाजा उन्होंने अपने-अपने सिस्टम को विकसित किया। उनके अपने ऑपरेटिंग सिस्टम हैं, सर्वर हैं, वे पश्चिम के भरोसे नहीं हैं। उनके पश्चिम के साथ संबंध भी बेहतर नहीं हैं। भारत को इस वैश्विक संकट से सबक सीखना चाहिए। हालांकि पहले दिन शुक्रवार, 19 जुलाई को दुनिया भर में 4295 हवाई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, लेकिन भारत में भी 200 उड़ानें रद्द की गईं। भारत की अधिकतर साइबर प्रणालियां माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर से ही जुड़ी हैं। जरा कल्पना करें कि सर्वर फेल हो जाए और हमारा ऊर्जा-उत्पादन, थर्मल प्लांट, उड़ानें, मेट्रो समेत रेलवे सिस्टम, बैंकिंग और एटीएम, संचार, अस्पताल, डिजिटल लेन-देन आदि बुनियादी और अत्यावश्यक सेवाएं रुक जाएं, तो भारत ही ठप हो जाएगा! सॉफ्टवेयर डिवेलपमेंट और यूपीआई जैसे वित्तीय प्रौद्योगिकी सिस्टम बनाना हमारी क्षमताओं को बयां करते हैं। भारत चांद तक अपने अभियान की सफल यात्रा कर चुका है। हम 'आदित्य एल-1' अभियान के जरिए सूर्य का व्यापक अध्ययन कर रहे हैं। अंतरिक्ष में अनेक उपग्रह भेज चुके हैं। सॉफ्टवेयर के सर्वाधिक कुशल चेहरे हिंदुस्तान पैदा कर रहा है, जिनकी दुनिया भर में खूब मांग है। तो हम भारत का अपना ऑपरेटिंग सिस्टम, सर्वर, पूरी तरह लागू क्यों नहीं कर सकते। इतनी संवेदनशील सेवाओं के लिए हम 'पराश्रित' क्यों हैं? अब कुछ सवाल हैं, जो आने वाले वक्त में स्पष्ट होंगे। मसलन-माइक्रोसॉफ्ट की ग्राहक कंपनियां अपने घाटे की भरपाई कैसे करती हैं? क्या मूल कंपनी उन्हें मुआवजा देगी? क्या इस तरह का कोई अनुबंध है? यदि माइक्रोसॉफ्ट किसी भी किस्म का मुआवजा नहीं देती है, तो क्या उसे अदालत में घसीटा जा सकता है? क्या ग्राहक कंपनियों के पास ऐसे अधिकार हैं? दरअसल हम इसे माइक्रोसॉफ्ट की बुनियादी खामी मानते हैं, क्योंकि बाजार में उसी की प्राथमिक ख्याति है। 'क्राउडस्ट्राइक' से कंपनियों ने करार नहीं किया था। अलबत्ता वह माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ी कंपनी जरूर है। सवाल यह भी हो सकता है कि 'क्राउडस्ट्राइक' जो अपडेट कर रही थी, उसे जांचने का काम सिर्फ उसका था अथवा माइक्रोसॉफ्ट का भी था।

दुनिया के 95 फीसदी से अधिक कम्प्यूटर माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम से ही चलते हैं। उनका भरोसा रहा है कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सिस्टम में कभी गड़बड़ी नहीं होगी, लेकिन सिर्फ एक खामी ने दुनिया की सबसे ताकतवर कंपनी को बेनकाब कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट को साइबर सुरक्षा देने वाली कंपनी-क्राउडस्ट्राइक-के अपडेट के कारण यह खामी पैदा हुई या पूरे सिस्टम में ही गड़बड़ी आई, लेकिन पूरी दुनिया सहम-सी गई, असमंजस में पड़ गई कि अब क्या किया जाए? ऐसे सर्वर की विश्वव्यापी सेवाएं देने वाली कंपनी के पास कमोबेश वैकल्पिक योजना होनी चाहिए थी, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने किसी 'प्लान बी' का इस्तेमाल नहीं किया। कंपनी सोचती रही कि साइबर सुरक्षा कंपनी क्राउडस्ट्राइक इस खामी को दुरुस्त करेगी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### दुनिया की निगाहों का मरकज बनाकर भारत पर रणनीतिक दबाव बनाना था

# कारगिल के योद्धाओं को याद करे राष्ट्र

प्रताप सिंह पटियाल

पाकिस्तान हमेशा कश्मीर को हथियाने के मंसूबे तैयार करता रहा है। मगर भारतीय सेना ने पाक हुक्मरानों की ख्वाहिशों का काफिला सरहद से आगे कभी नहीं बढ़ने दिया। सन 1980 के दशक में पाक सेना के कर्नल 'जावेद अब्बास' 'आफिसर कमांड एंड स्टाफ कालेज' 'क्वेटा' में सेवारत थे। जावेद अब्बास को पाक सेना ने भारत पर एक रिसर्च प्रोजेक्ट 'इंडिया ए स्टडी इन प्रोफाइल' का काम सौंपा था। जावेद अब्बास ने अपने शोध में खुलासा किया था कि 'भारत के कुछ निजी मसलों का लाभ उठाकर हिंदोस्तान की ताकतवर सेना को कंट्रोल किया जा सकता है।

**भारतीय** सेना 26 जुलाई को कारगिल युद्ध की पच्चीसवीं वर्षगांठ मनाएगी। यह दिन पाकिस्तान के लिए शर्मिंदा करने वाली तारीख है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर को हथियाने के मंसूबे तैयार करता रहा है। मगर भारतीय सेना ने पाक हुक्मरानों की ख्वाहिशों का काफिला सरहद से आगे कभी नहीं बढने दिया। सन 1980 के दशक में पाक सेना के कर्नल 'जावेद अब्बास' 'आफिसर कमांड एंड स्टाफ कालेज' 'क्वेटा' में सेवारत थे। जावेद अब्बास को पाक सेना ने भारत पर एक रिसर्च प्रोजेक्ट 'इंडिया ए स्टडी इन प्रोफाइल' का काम सौंपा था। जावेद अब्बास ने अपने शोध में खुलासा किया था कि 'भारत के कुछ निजी मसलों का लाभ उठाकर हिंदोस्तान की ताकतवर सेना को कंट्रोल किया जा सकता है। सन 1990 के दशक में पाक सेना के 'सैन्य अभियान महानिदेशक' के पद पर आसीन परवेज मुशर्रफ जावेद अब्बास के उस शोध से इस कदर प्रभावित हुए कि कश्मीर को हथियाने का जहालत भरा मंसूबा तैयार करने लगे तथा 'डीजीएमओ' रहते कश्मीर मंसूबे का मश्विरा पाकिस्तान की तत्कालीन वजीरे आजम बेनजीर भुट्टो के समक्ष पेश कर डाला। हालांकि परवेज मुशर्रफ के उस प्रस्ताव को मोहतरमा ने नाकाबिले अमल करार देकर खारिज कर दिया था, लेकिन वक्त ने करवट ली।

सन1998 में पाक वजीरे आजम नवाज शरीफ ने पाक सेना के दो सीनियर जरनैलों को दरकिनार करके परवेज मुशर्रफ को पाकिस्तान का चार सितारा जरनैल नियुक्त कर दिया। नवाज शरीफ की जिंदगी की यह सबसे बड़ी भूल साबित हुई। 17 मई 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाक सेना के 'ओजड़ी कैंप' में वजीरे आजम नवाज शरीफ को कारगिल मंसूबे की ब्रीफिंग पेश करके कश्मीर का फातिम बनने का ख्वाब दिखाकर नियंत्रण रेखा के पार भारतीय हदूद में जाने की इजाजत लेने का ढोंग रचा था। जबकि हकीकत यह थी कि 18 हजार फीट की बुलंदी पर मौजूद कारगिल के दुर्गम क्षेत्रों में शीतकालीन स्थिति में भारतीय सेना जिन चौकियों को खाली कर देती थी, पाक सेना सन 1999 के शुरुआती दौर में ही एलओसी पार करके उन चौकियों पर रक्षात्मक किलेबंदी कर चुकी थी। यानी पाकिस्तान 21 फरवरी 1999 के लाहौर समझौते को नजरअंदाज करके



एलओसी पर मंसूबाबंदी को अंजाम दे चुका था। उस पेशकदमी के दौरान एवलांच की चपेट में आने से कई पाकिस्तानी सैनिकों की मौत भी हो गई थी। एलओसी पर सिविल लिबास में घुसपैठ कर चुके हजारों सैनिक पाकिस्तान की 'नार्दर्न लाइट इन्फैंट्री' तथा 'स्पेशल सर्विस ग्रुप' के थे। कारगिल के मंसूबे को पाक सेना ने आपरेशन 'कोह-ए-पैमा' का नाम दिया था जिसका मकसद कारगिल क्षेत्र पर कब्जा करके सियाचिन ग्लेशियर को भारतीय सेना की पहुंच से अलग करके कश्मीर मसले को आलमी सतह पर दुनिया की निगाहों का मरकज बनाकर भारत पर रणनीतिक दबाव बनाना था। तीन मई 1999 को स्थानीय चरवाहों ने कारगिल क्षेत्र में पाक घुसपैठ की खबर भारतीय सेना को दी। छह मई 1999 को तुर्तुक क्षेत्र में 'जाट रेजिमेंट' की गश्त पार्टी पर पाक सेना की एनएलआई ने घात लगाकर हमला कर दिया। भीषण गोलीबारी में लांस नायक 'खडग़ सिंह गुर्जर' वीरगति को प्राप्त हो गए। खडग़ सिंह कारगिल युद्ध के प्रथम बलिदानी थे।

आठ मई 1999 को द्रास सेक्टर में भारतीय सेना की 'ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट' के चार जवान तथा 13 मई 1999 को 'गढ़वाल राइफल्स' की पैट्रोलिंग पार्टी के भी चार जवान पाक सेना से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। 14 मई 1999 को पाक घुसपैठ का पता लगाने के लिए कैप्टन सौरभ कालिया के नेतृत्व में निकले गश्ती दल का कॉकसर क्षेत्र में पाक सेना से मुकाबला हुआ। सौरभ कालिया का गश्ती दल दुश्मन से आखिरी गोली तक लड़ा, मगर गोला बारूद खत्म होने के बाद उस गश्ती दल को हिरासत में लेकर पाक सेना ने उन सैनिकों की नृशंस हत्या कर दी थी। सौरभ कालिया के गश्ती दल को खोजने के लिए उनकी यूनिट 'चार जाट' का एक अन्य गश्ती दल 17 मई 1999 को कैप्टन अमित भारद्वाज के नेतृत्व में निकला। मगर पाक सेना से मुठभेड़ के दौरान कैप्टन अमित भारद्वाज सहित तीन अन्य जवान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन शहीद सैनिकों के पार्थिव शव सीजफायर के बाद 56 दिनों के बाद उठाए गए थे। कारगिल के पहाड़ों पर पाकिस्तानी घुसपैठ का पर्दाफाश होने के बाद 19 मई तक कारगिल सेक्टर युद्ध क्षेत्र घोषित हो चुका था। भारतीय सेना ने 'आपरेशन विजय' लांच करके जब पूरी तजवीज से पलटवार किया तो कारगिल का महाज पाक सेना के लिए कयामत का मंजर पेश करने लगा। बटालिक सेक्टर में 17 हजार फीट की बुलंदी पर प्वांइट 5203 पर कब्जा जमा चुकी पाक फौज पर '12 जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फैंट्री' के कैप्टन अमोल कालिया ने अपने सैन्य दल के साथ आठ जून 1999 को जोरदार हमला करके उस क्षेत्र को मुक्त कराने में अहम किरदार निभाया था, मगर आक्रामक कार्रवाई के दौरान अमोल कालिया अपने कई सैनिकों के साथ वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

दुश्मन की भीषण गोलीबारी के कारण अमोल कालिया का पार्थिव शव भी बारह दिनों बाद 20 जून 1999 को बरामद किया गया था। युद्ध में उत्कृष्ट बहादुरी के लिए सेना ने हिमाचली शूरवीर कै. अमोल कालिया को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा था। 'खालूबार' पर्वतीय श्रेणी पर स्थित प्वांइट 4812 पर भी '12 जैकलाई' के सात जवानों ने शहादत को गले लगाकर तीन जुलाई 1999 को कब्जा जमाया था तथा कारगिल जंग के जिंदा सबूत पाकिस्तानी सैनिक 'इनायत अली' को हिरासत में लिया था। भारतीय सेना के ऑपरेशन विजय के आगे पाक मिशन कोह-ए-पैमा पाक सेना के लिए इस कदर आत्मघाती साबित हुआ कि दुश्मन अपनी कयामत की दुआ मांगने पर मजबूर हो चुका था। बहरहाल कारगिल जंग में भारतीय शूरवीरों ने पाक सेना की तजवीज को नेस्तनाबूद करके पाकिस्तान के नामुराद जरनैलों की कश्मीर फतह करने की जंगी सनक को ध्वस्त कर दिया था। लाजिमी है विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्र कारगिल के योद्धाओं की दास्तान-ए-सुजात को नमन करे। देश अपने रणबांकुरों के शौर्य का हमेशा ऋणी रहेगा।

दृष्टि कोण

# असहनीय गर्मी से बचाव हेतु बनें सरकारी नीतियां

**पृथ्वी** ने लगातार 13 महीनों तक तापमान के रिकॉर्ड तोड़े हैं। हर महीने तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार जून, 2023 से हर महीना अपने पिछले महीने से ज्यादा गर्म रहा है जिससे जुलाई, 2023 और जून, 2024 के बीच वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक क्रांति से पहले के तापमान से (1.64 डिग्री सेल्सियस) ज्यादा हो गया है। नई रिपोर्ट तैयार करने वाली यूरोपियन यूनियन की कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के निदेशक कार्लो बुओनटेम्पो ने कहा कि यह सिर्फ सांख्यिकीय विषमता नहीं है। ये आंकड़े हमारी जलवायु में एक बड़े और निरंतर परिवर्तन को उजागर करते हैं। भले ही चरम सीमाओं का यह विशिष्ट सिलसिला किसी बिंदु पर समाप्त हो जाए, लेकिन जलवायु के गर्म होने के साथ-साथ हम नए रिकॉर्ड टूटते हुए देखेंगे। जब तक हम वायुमंडल और महासागरों में ग्रीनहाउस गैसों को जोड़ना बंद नहीं करते, यह सिलसिला जारी रहेगा। दुनिया ने इस साल गर्मी का रौद्र रूप देखा है। दक्षिणी और पूर्वी एशिया, दक्षिणी पश्चिमी अमेरिका, मध्य अमेरिका और दक्षिण-पूर्वी यूरोप सहित दुनिया के कई हिस्सों को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह काफी हद तक ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है। उत्तरी भारत ने कई सप्ताह तक भीषण गर्मी झेली, जिसमें तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अत्यधिक गर्मी जानलेवा हो सकती है। मार्च में भारत में गर्मी शुरू होने के बाद साढ़े तीन महीनों के दौरान अनेक लोगों की जानें गईं। लू और गर्मी से मरने वालों की सही-सही संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गर्मी की वजह से 143 लोगों की मृत्यु हुई। लेकिन विभिन्न राज्यों से मिले आंकड़े बताते हैं कि हीट स्ट्रोक से मौत के पुष्ट और संदिग्ध मामले 400 से अधिक हैं। सबसे ज्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं जबकि पुष्ट मामलों में दिल्ली सबसे आगे रहा। भारत में इस साल गर्मी असाधारण रूप से असहनीय रही। पिछले सालों की तुलना में लू इस बार अधिक तीव्र रही। गर्म हवाओं की अवधि भी सामान्य से अधिक रही। इस बार न सिर्फ दिन बल्कि रातें भी अच्छी-खासी गर्म रहीं। दिल्ली में जून के महीने में एक दिन रात का न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो कि पिछले 60 वर्षों में दर्ज सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। लंबे समय से चल रही गर्मी के कारण बिजली की खपत के रिकॉर्ड भी टूटे। पानी के संकट के कारण लोगों की कठिनाइयां और भी बढ़ गईं। भारत के अलावा दुनिया के दूसरे देशों में भी हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से कई मौतें हुईं। सबसे भयानक त्रासदी सऊदी अरब में हुई जहां 1300 से अधिक हाजियों ने भीषण गर्मी में दम तोड़ दिया। उन दिनों वहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था। शोध से पता चलता है कि उत्तरी गोलार्ध में गर्मी की खतरनाक लहरों के पीछे मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है और आने वाले दशकों में दुनिया को ऐसे ही मौसम का सामना करना पड़ेगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर जलने से वायुमंडल में अधिक कार्बन का उत्सर्जन होता है, जिससे हवा सूर्य से आने वाली अधिक गर्मी को ट्रैप कर सकती है। इससे औसत वैश्विक तापमान बढ़ता है। दुनिया में तापमान वृद्धि की शुरुआत पश्चिमी देशों द्वारा कोयला और अन्य जीवाश्म ईंधन जलाने से हुई। वैज्ञानिक यह पता लगाने के लिए अध्ययन कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन ने किसी विशिष्ट गर्मी की लहर को कितना प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले दशक में ऐसे सैकड़ों अध्ययन किए हैं, जिसमें कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए आज की मौसम प्रणालियों की तुलना की गई है। वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि यदि पिछली सदी में मनुष्यों ने वायुमंडल की केमिस्ट्री को नहीं बदला होता तो आज मौसम कैसा व्यवहार करता। ग्लोबल वार्मिंग के अलावा, अन्य कारक और परिस्थितियां भी हीट वेव को प्रभावित कर सकती हैं। एल नीनो या ला नीना जैसी जलवायु प्रणालियां, क्षेत्रीय सर्कुलेशन पैटर्न के साथ-साथ एक बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं। भूमि आवरण भी एक बड़ी भूमिका निभा सकता है, जिसमें अंधेरी सतह और निर्मित वातावरण परावर्तक सफेद सतहों या जंगलों या आर्द्र भूमि जैसी प्राकृतिक प्रणालियों की तुलना में अधिक गर्म होते हैं। जलवायु प्रणाली में भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका है। भूमि के इस्तेमाल में परिवर्तन से जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है। जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य को संकट में डालने के अलावा प्राकृतिक प्रणालियों को भी प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह से वर्षा, बाढ़ और समुद्री तूफान का पैटर्न बदल रहा है। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। वैज्ञानिकों का निष्कर्ष यह है कि जलवायु परिवर्तन पहले से ही गर्मी की लहरों को अधिक गर्म बना रहा है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों में हुआ पौधा वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में 27 जुलाई से चल रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम पर को पुनःबच्चों में पौधों को बांटा गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि कुमारी नीलम डीईओ रामगढ़,उपस्थिति रहीं।उन्होंने 200 से अधिक बच्चों को पौधे बांटे।यह अभियान मां प्रकृति को समर्पित है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा -भरा ,स्वच्छ तथा सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य तथा विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य भी उपस्थित रहें।विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि अगर पेड़ है तो हम हैं,पेड़ों की रक्षा जीवन की सुरक्षा, अधिक पेड़ लगाए जीवन को



बचाएं। मुख्य अतिथिकुमारी निलम ने कहा कि पेड़ हमारी धरोहर है। हमें पेड़ों को सुरक्षित रखना चाहिए, उसे बचाना चाहिए ।अगर हम पेड़ लगाएंगे तो ही स्वच्छ वातावरण बना पाएंगे और वातावरण स्वच्छ रहेगा , और तभी हम स्वस्थ रहेंगे। बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार परंदीप सिंह कालरा विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह रहें।

## कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष बने विकाश कुमार व सोनू कुमार बने सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल केके पंचायत स्थित बुधवार को पंचायत भवन परिसर में के के पंचायत के ग्रामीणो ने विधायक अंबा प्रसाद कि विकास योजनाओं से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कि। मौके पर कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज शामिल हुए। इस दौरान विकास कुमार को पंचायत अध्यक्ष, शिवकुमार मुंडा उपाध्यक्ष, सोनू कुमार सचिव, सूरज कुमार यादव कोषाध्यक्ष, खैटा करमाली संरक्षक, सौरभ कुमार मीडिया प्रभारी चुने गए। जिन्हें मुख्य अतिथि अंकित राज ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।



इसदौरान कार्यक्रम का संबोधित करते हुए अंकित राज ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है। पार्टी बूथ जीतो चुनाव जीतो के मंत्र पर कार्य कर रही है। वहीं कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साव ने कहा कि जो बड़कागांव विधानसभा का अभी चक्कर लगा रहे है उनके हाथ से रामगढ़ फिर से निकलने वाला है। परिवारवाद की पार्टी को बड़कागांव के जनता एक सिरे से नकारने वाली है। वहीं इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,मुखिया तिलेश्वर साव, संजय सिंह, विनय पन्ना, संजीत पासवान, लक्ष्मी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ एडिशनल कलेक्टर ने किया पतरातू का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** एडिशनल कलेक्टर कुमारी गीतांजलि पहुंची प्रखंड पतरातु और किया प्रखंड में चल रही योजनाओं का निरीक्षण। एडिशनल कलेक्टर कुमारी गीतांजलि का स्वागत प्रखंड विकास प्राधिकारी मनोज कुमार गुप्ता एवं जन सेवक सुमित कुमार सिन्हा ने किया निरीक्षण के दौरान वह पतरातू प्रखंड में चल रहे हैं अबुआ आवास प्रधानमंत्री आवास आंगनवाड़ी केंद्र कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं समुदायक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कमियां पाने पर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। पत्रकारों के पूछे जाने पर एडिशनल कलेक्टर कुमारी गीतांजलि ने बताया कि रूटिंग निरीक्षण है और निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर उसे जल्द से जल्द सुधार करने का आदेश दिया गया है।

## आउटसोर्सिंग में गंधौनिया के विस्थापितों को रोजगार सुनिश्चित करें प्रबंधन : राजू यादव

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत गंधौनिया में बुधवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता धर्मदेव करमाली व संचालन सुखदेव सोरेन ने किया। वहीं इस मौके पर राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विसमो के संरक्षक राजू यादव शामिल हुए। मौके पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि उरीमारी परियोजना के आउटसोर्सिंग खुलने पर गंधौनिया के विस्थापित ग्रामीणो को रोजगार से दरकिनार किया जा रहा है। सीसीएल प्रबंधन यहां के विस्थापितों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव ने यह भी कहा कि सीसीएल प्रबंधन कि मनमानी नहीं चलेगी,यहां के विस्थापितों को सीसीएल प्रबंधन नई आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार शत प्रतिशत सुनिश्चित करना होगा। अन्यथा गंधौनिया के विस्थापित ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं इस मौके पर पोटंगा मुखिया चरका करमाली,सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, कानू मरांडी,मनाराम मांझी, सुरेश मांझी,सीगू मांझी, अरूण बेसरा,कजरू उरांव, गंगा मांझी, जतरू बेसरा,मनू टुडू,मोहन मांझी,बहाराम मांझी, सुनील गुप्ता, विशाल हेम्ब्रोम, रमेश हेम्ब्रोम, बिनोद प्रजापति,दिपक यादव, संजय यादव,सीबू ठाकुर, अनिल मांझी,छोटू टुडू, उमेश हेम्ब्रोम, गणेश मांझी, सुरेन्द्र हांसदा, निखिल टुडू, बिरजू मांझी, मोहन करमाली, मदन करमाली,तालों मांझी, राजेश हेम्ब्रोम,महाबीर मांझी,सीकंदर, राधेश्याम,राम बेसरा, सरोज मुर्मू आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डीएवी बरकाकाना में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्र परिषद का चुनाव संपन्न

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बरकाकाना में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत छात्र परिषद का चुनाव संपन्न हुआ। छात्र परिषद किसी भी विद्यालय की आत्मा होती है और यह सुनिश्चित करती है कि विद्यालय में सभी कार्य सुचारू ढंग से चलें। विशेषकर, यह सुनिश्चित करती है कि विद्यालय प्रशासन छात्र अनुकूल हो। छात्र परिषद का सुचारू रूप से काम करना अत्यंत आवश्यक है।विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने चुनाव प्रक्रिया की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ग षष्ठ से वर्ग द्वादश तक के छात्र-छात्राएं इस चुनावी प्रक्रिया में शामिल हुए। प्रत्येक बच्चे को एक बैलट पेपर दिया गया, जिसमें प्रधान छात्र और प्रधान छात्रा के लिए विभिन्न उम्मीदवारों के नाम क्रमशः दर्शाए गए थे। प्रधान छात्र के पद के लिए उम्मीदवारों में मोहम्मद फरहान, संकेत कुमार, अभिषेक आनंद पांडे, आयुष, और अविनाश कुमार शामिल थे। प्रधान छात्रा के पद के लिए सृष्टि चंचल, निहारिका कुमारी, जन्नत जारा, और शिफा फरीदी के नाम नामांकित किए गए थे।सांस्कृतिक कप्तान के पद के लिए मानसी कुशवाहा, निकिता कुमारी, आरुषि सिंह, और अनुष्का कुमारी के नाम शामिल थे। खेल कप्तान के पद के लिए आकर्षण अदिति, आयुष कुमार, और अंजलि भारद्वाज के नाम नामांकित किए गए थे। इस आयोजन के सफल समापन पर, छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर इस प्रक्रिया की सराहना की और उम्मीद जताई कि नव-निर्वाचित छात्र परिषद विद्यालय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मनाई गई साहित्य साधक मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में बुधवार को साहित्य साधक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास, कविताओं की आधुनिक समय में प्रासंगिता, कहानियों से समाज को मिलने वाले संदेश के बारे में बताया गया।प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि प्रेमचंद हमारे समाज के सजग प्रहरी थे। उनको याद करके हम उनके विचारों से सीख सकते हैं और समाज को दिशा दे सकते हैं। उनके उपन्यास व कहानियों में सच्चाई व जीवन के अनुभव की झलक मिलती है। उनकी रचना का परिवेश ज्यादातर ग्रामीण रहा है।शिक्षिका दीपिका तिवारी ने बच्चों को बताया कि प्रेमचंद ने 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें लिखी हैं। प्रेमचंद के साहित्य और उनकी जीवनी पर आधारित विषय पर विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

# कोल वाहन ने बाईक सवार को रौंदा, घटनास्थल पर ही एक की मौत वहीं दूसरा बुरी तरह घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** कोल वाहनों के परिचालन को लेकर जारी तमाम प्रशासनिक दिशा निर्देशों का टंडवा में धाजियां उड़ाते हुए, इन दिनों सार्वजनिक सड़कों से दिन-रात कोयले की हो रही ढुलाई के कारण बड़े पैमाने पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को टंडवा पिपरवार सड़क किनारे स्थित मंडेर में अनियंत्रित कोल वाहन ने रांची स्थित हिंदपीढ़ी के रहने वाले दो युवक को कुचल कर हाइवा फरार हो गया। मृत एवं घायल दोनो युवक सामानों का ऑडर लेने के लिए मोटरसाइकिल से मोहम्मद कलीम और मोहम्मद सद्दाम टंडवा आ रहे थे। आने के दौरान मंडेर में यह घटना घटी है।जहां उन्हें कोयला लोडेड हाईवा वाहन अपने चपेट में लेकर फरार हो गया। इस हादसे में मोहम्मद सद्दाम की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल को रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीछे से आ रहे कोल वाहनों को रोककर दिन में कोयला ढुलाई बंद करते हुए समुचित मुआवजे की मांग करने लगे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा तमाम प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाया जा रहा है आपको बता दे कि पिछले दिनों 9 जुलाई को अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक के बाद न जाने क्यों दिन-रात कोल वाहनों के परिचालन के लिए हरी झंडी दिखा दी गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि होने से भारी जान माल की क्षति हो रही है। जबकि उक्त बैठक से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया के पत्रांक 499 दिनांक 1 जुलाई एवं पत्रांक 659 दिनांक 6 जुलाई को सीसीएल प्रबंधन समेत अन्य को पत्र लिखकर नो एंट्री का सख्ती से अनुपालन करते हुए, परियोजना क्षेत्र में ही कोल वाहनों का ठहराव करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। जिस पर सीसीएल अधिकारी ने सभी ट्रांसपोर्टर को पत्रक 393 दिनांक 7 जुलाई के माध्यम से सूचना भी जारी की थी, जो अब केवल हाथी का दांत बनकर रह गया है। जारी प्रशासनिक आदेश और उसकी शिथिलता से अब लोगों में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं।

## वनाधिकार समिति का हुआ गठन अध्यक्ष कुदुस, सचिव बने सुरेंद्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के बारियातु पंचायत अंतर्गत गांगपुर गांव में बुधवार को वन अधिकार समिति गठन को लेकर पंचायत के मुखिया डेगन गंझू के अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वनाधिकार समिति का गठन कर लिया गया।यह कमेटी का गठन पंचायत के मुखिया डेगन गंझू के अध्यक्षता में किया गया। वनाधिकार समिति गठन के मौके पर पर्यवेक्षक मृत्युंजय वर्मा वनरक्षी प्रकाश राणा, राजस्व कर्मचारि पप्पु कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। ग्राम सभा में काफी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण उपस्थित हुए। बताया गया के गांगपुर गांव में वनाधिकार समिति के अध्यक्ष कुदुस आलम को तथा सचिव के लिए सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता को सर्वसम्मति से चयन किया गया। जबकि 15-15 सदस्यी कार्यकारणी की भी गठन सर्व समिति से किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रहमती प्रवीण, वार्ड सदस्य सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना, सोमवार को भोलेनाथ को करेंगे जलाभिषेक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत के बाय से बुधवार को 55 कावारियों का एक जत्था बाबा धाम के लिए रवाना हुए। जो बागेश्वरी धाम मंदिर से पूजा अर्चना कर बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुए हैं। यह नेक कार्य बलबल मंदिर पुजारी दीपेंद्र पांडेय के नेतृत्व में किया गया है। इनका कहना है कि सावन माह में भोलेनाथ पूरे परिवार के साथ पृथ्वी लोक देवघर में विराजमान होते हैं। झारखंड के देवघर में स्थित बाबा बैजनाथ धाम को 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है। जिसका बहुत बड़ा महत्व है। सावन माह में आने वाले भक्तों का मानो इच्छा पूर्ण होती है। तथा सारे कष्ट दूर होते हैं।इसी वजह से देवघर में स्थापित शिवलिंग को कामना लिंगभी कहा जाता है।कल्याण और आध्यात्मिक विकास का आशीर्वाद मिलता है। रवाना हुए कांवरियों का नाम जवाहर यादव संजीत यादव सुरेंद्र यादव रविंद्र यादव महादेव यादव एवं दर्जनों भक्त शामिल है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक गोपाल का आगमन आज टंडवा में

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ टंडवा प्रखंड द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टंडवा स्थित टाउन हॉल में श्री गुरु पूजन उत्सव मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम एक अगस्त दिन गुरुवार को दोपहर 3:30 बजे से संध्या 5 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत प्रचारक श्री गोपाल जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आपको बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छः उत्सव में से गुरु पूजन उत्सव विशेष महत्व रखता है। इस कार्यक्रम में टंडवा प्रखंड स्वयंसेवक समाज के प्रबुद्ध लोग एवं अनुसांगिक संगठन के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। यह जानकारी टंडवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रखंड कार्यवाहक जय कुमार सिंह ने दी है। साथ ही कार्यवाह ने श्रीगुरूपूजन कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

# निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह-अनुमण्डल पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह-अनुमण्डल पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया। यह बैठक अनुमण्डल कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के अध्यक्ष सचिव और प्रतिनिधियों के साथ किया गया। बैठक में राजनीतिक। दलों के साथ 26-सिमरिया (अजा) विधान सभा निर्वाचन के साथ अगामी विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जुन से प्रारम्भ है। जिसकी अहर्ता 1 जुलाई है। जिसमें दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की तिथि-25 जुलाई से 9 अगस्त तक है। दावा एवं आपत्ति निस्तारण की अंतिम तिथि 26 अगस्त तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि-27 अगस्त है । जिसकी जानकारी सभी राजनीतिक दलों को दी गई है।1 जुलाई जिसकी आयु 18 वर्ष हो गई है। वैसे नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में बीएलओ,वोटर हेल्पलाईन एप, वोटर पार्टल के द्वारा प्रपत्र-6 के माध्यम से दर्ज करा सकते है।दावा एवं आपत्ति (प्रपत्र-6, 7 एवं 8) प्राप्त करने हेतु विशेष कैम्प का भी आयोजन किया गया है जिसकी तिथि-27 जुलाई से 28 जुलाई और 3 अगस्त से 4 अगस्त है। इसके अलावे भी बिरहोर अदिम जनजाति, सेक्स वर्कर, रैन बसेरा, बुर्जग 80, दिव्यांग के लिए भी विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है।दिनांक-25 जुन प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ, प्रखण्ड कार्यालय में जाकर या आनलाईन माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में है या नहीं की जाँच कर सकते है, अगर मतदाता सूची में नाम किसी कारण वश नाम नहीं है, तो पुनः प्रपत्र-6 भरवाकर नाम मतदाता सूची में जोड़वा सकते है।मतदाता सूची में कोई त्रुटि है जैस- नाम गलत है पता गलत, फोटो पुराना, पुराना वोटर कार्ड है तो प्रपत्र-8 भरकर नया वोटर कार्ड प्राप्त कर सकते है।

# अकेली महिला के घर में पांच व्यक्ति ने घुस कर किया मारपीट और छेड़खानी

**मारपीट और छेड़खानी को लेकर भुक्तभोगी ने थाना को लिखित आवेदन देकर की कारवाई की मांग**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा सदर थाना क्षेत्र के टुंडाग (तपेज) के एक महिला के साथ पांच व्यक्तियों ने मंगलवार की रात्रि 9:30 बजे घर में बाजबरन घुस कर घर में सोई महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट तथा गाली गलौज किया है। जिसे लेकर भुक्तभोगी महिला गीता देवी पति शत्रुघ्न प्रसाद दांगी ने उक्त पांचों लोगों के विरुद्ध कानूनी कारवाई को लेकर सदर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में भुक्त भोगी ने कही है की मंगलवार की रात्रि मैं घर में सोई हुई थी की लगभग 9:30 बजे रात्री गोपाल दांगी, जयजित कुमार, रोहित कुमार दांगी के अलावे दो अन्य व्यक्ति सभी ग्राम दारियातु (लोगागड़ा) थाना चतरा ने एक साथ मेरे घर पहुंच कर बाजबरन दरवाजा खुलवाया और मेरे दो छोटे छोटे बच्चे को घर से बाहर कर घर का अंदर से कुंडी लगा दिया। उसके बाद मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगे। जब मैं इसका विरोध किया तो सभी लोग मेरा साड़ी खींच दिया जिससे मैं अर्धनग्न अवस्था में हो गई और मेरे साथ मारपीट करते हुए अभद्र अभद्र गाली गलौज करने लगे। जब मैं जान बचाने के लिए शोर मचाई तो वे सभी लोग भाग गए। आगे पीड़ित महिला ने कही है की मेरे पति रोजीरोटी के लिए बाहर गए हुए हैं हम अकेली दो बच्चे के साथ घर में रहती हूं। मुझे डर है की अकेली होने के कारण उक्त लोग कभी भी घर में घुस कर मुझे जान से मार सकते है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज नहीं किया गया है। इधर पीड़ित महिला गीता देवी ने बताई की मेरे द्वारा दिया गया आवेदन पर कारवाई करने से सदर थाना द्वारा इंकार कर दिया गया है। सदर थाना द्वारा कहा गया है कि यह मामला फर्जी है। वहीं पीड़ित महिला ने अपने ऊपर घटित घटना एवं जान माल की सुरक्षा के लिए एसपी चतरा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## अचानक हुई वज्रपात से पुत्री की मौत, मां घायल

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जबड़ा आरसेल गांव में बारिश के साथ हुई वज्रपात में पुत्री की मौत और मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। मृतक महिला नीलम कुमारी 24 वर्ष पति नंदकिशोर साव बालूमाथ थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वही घायल मां गीता देवी पति मथुरी साव आरसेल गांव की है। घायल गीता देवी का इलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतिका नीलम अपने मायके आरसेल गांव आई हुई थी और अपनी मां के साथ घर के बगल में धान की रोपनी कर रही थी। इस दौरान जोरदार बारिश के साथ हुई वज्रपात से नीलम की मौके पर हीं मौत गई। जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर नीलम की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं आरसेल में भी मां बेटी के साथ इस तरह घटना से लोग काफी मर्माहत व गमगीन है।

## सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा में ग्रामीणों के पेयजल का मामला उठाया



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा में सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने टंडवा प्रखंड के गाड़ीलौंग गांव में पुनर्गठन ग्रामीण जिलापूर्ति योजना का मामला उठाया। दरअसल ग्रामीण जिलापूर्ति योजना को लेकर नेशनल इंजीनियरिंग सर्विस को कार्य का आवंटन वर्ष 2018 में किया गया था। इस योजना के तहत इस क्षेत्र के सभी घरों में नल से पीने का पानी पहुंचाना का लक्ष्य था। लेकिन काम करने वाले एजेंसी ने समय पूर्ण होने के बावजूद भी काम पूरा नहीं कर पाया। गौरतलब है कि नेशनल इंजीनियरिंग सर्विस को यह काम 16 अप्रैल 2020 तक ही पूरा करना था ।लेकिन इकरारनामा पूरा होने के बावजूद भी कार्य पूर्ण नहीं होने के मामले को लेकर विभाग ने इस एजेंसी का कार्य रद्द कर दिया। लेकिन उसके बावजूद बाद भी यह योजना अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है ।सदन के माध्यम से सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने सरकार से यह पूछा कि आखिरकार गाड़ीलौंग सहित अन्य गांव में ग्रामीण जिलापूर्ति योजना के तहत पेयजल की आपूर्ति क्यों नहीं हो पा रही है। इस मामले को लेकर सरकार ने सदन के माध्यम से विधायक सिमरिया को बताया कि इस मामले को लेकर पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु संचिका राज्य योजना प्राधिकृत समिति को भेजी गई है और अगरतर कार्रवाई की जा रही है।

# लोजपा ने चंदवा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लोक जनशक्ति पार्टी के बैनर तले रामविलास पासवान के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान के नेतृत्व में 31 जुलाई 2024 को चंदवा प्रखंड के एक निजी होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजेंद्र पासवान जिला अध्यक्ष, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता उपाध्यक्ष, शिवनंदन पासवान उपाध्यक्ष, विकास दुबे उपाध्यक्ष, योगेंद्र शुक्ला, सचिव, दिलीप कुमार एवं अन्य पदाधिकारी के उपस्थिति में कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुई। चंदवा प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी कार्यकर्ताओं को लोक जनशक्ति पार्टी का पट्टा देकर जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान लोक जनशक्ति पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बालेश्वर प्रजापति को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। जिला अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को लोक जनशक्ति पार्टी का पट्टा देकर सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के संबंध में 12 वीं कक्षा के छात्रों को दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर मे मुख्यमंत्री सारथी योजना का जिला समन्यवक प्रवेश कुमार ने विद्यार्थियों को कौशल विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। साथ ही बताया की 12 वीं कक्षा के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का प्रशिक्षण ले। प्रशिक्षण लेने के बाद आप सब रोजगार से जुड़ सकते है जिससे आत्म निर्भर बनने का अवसर प्रदान होगा। उपस्थित छात्र छात्राओं को निशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी प्राप्त करने को लेकर विभन्न ट्रेडों के बारे मे चर्चा किया। वहीं 150 छात्रा व 100 छात्र का कुल 250 आवेदन जमा करवा गया। जिला समन्यवक प्रवेश कुमार ने बताया 12 वीं क्लास मे पढ़ने वाले इच्छुक छात्र छात्राओं को तीन माह का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु वाले पढ़ाई छोड़ चुके हैं वैसे लोग भी प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं।

# एसडीओ ने बीएलओ के साथ किया बैठक, दिए कई निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में बुधवार को बिएलओ के साथ एसडीओ सन्नी राज बिडीओ राहुल देव ने बैठक किया। जहां उपस्थित बीएलओ को कई निर्देश दिए गए ।बतलाया गया कि मतदाताओं को फॉर्म 6, 7, 8 के तहत भरना है।एवं बुथ में मृतक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाना है। तथा वैसे मतदाताओं (कन्याओं) का नाम भी हटाना है। जिनकी विवाह हो चुका है। साथ ही साथ मईयां सम्मान योजना का फॉर्म ब्लॉक से उपस्थित सेविकाओं को सौ-सौ फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है। जो 3 अगस्त से लगने वाले शिविर में ऑनलाइन करवाना है। योग्य लाभुकों का फॉर्म भरकर ऑनलाइन करवाना है। जिसमें लाभुक पर्सनल पासबुक आधार कार्ड पहचान पत्र राशन कार्ड इन सभी दस्तावेजों का छाया प्रति साथ में लगाना है। बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा एवं दर्जनों बीएलओ बैठक में उपस्थित थे।

## गारु सतनदिया में बाढ़ की वजह से घंटों भर आवागमन ठप



**गारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारू क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के कारण सतनदिया नदी में अचानक तेज बाढ़ आ गई। बाढ़ की वजह से गारू-मेदीनीनगर मुख्य पथ पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। गारू-मेदीनीनगर मार्ग पर लगभग एक घंटे तक सभी प्रकार के वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।नदी के तेज बहाव के कारण छोटे और बड़े सभी वाहनों को किनारे खड़ा करना पड़ा। ग्रामीणों ने पानी कम होने का इंतजार किया। और इस दौरान यात्री भी परेशान रहे। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए लोग सुरक्षित स्थानों पर खड़े रहे। लगभग एक घंटे बाद, जब नदी का जलस्तर कम हुआ, तब वाहनों की आवाजाही पुनः शुरू हो सकी। हालांकि, समय रहते पानी का स्तर कम होने पर स्थिति सामान्य हो सकी और आवागमन चालू होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# 25000 टन के कोयले का उठाव ट्रक की जगह हाइवा में करने का ट्रक मालिकों ने जताया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित प्रभावित ट्रक ओनर एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को ट्रक मालिकों की एक बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता बालूमाथु उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने किया ।वहीं सभा का संचालन सतनारायण साव ने किया ।मौके पर बोलते हुए बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि वर्ष 2018 का भाड़ा लागू करने की मांग को लेकर जारी हड़ताल एवं भूख हड़ताल के दौरान मगध के परियोजना पदाधिकारी द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था कि 25,000 टन तक के कोयले का उठाव ट्रक मोड से किया जाएगा। लेकिन दो दिन पूर्व मगध संघमित्रा के महाप्रबंधक एवं परियोजना पदाधिकारी द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन को दरकिनार करते हुए। कुछ डीओ जैसे 725 क्वांटिटी 8000 टन, डीओ नंबर 726, 727, 728, 729 सभी में 4000 टन कोयला को हाइवा में उठाव करने के लिए सीसीएल द्वारा पेपर में साइन कर दिया गया है ।जिससे विस्थापित-प्रभावित ट्रक ओनर एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे 2000 ट्रक मालिकों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। ट्रक व्यवसाय से मजदूर, ड्राइवर, खलासी ट्रक मालिक, भट्ठा मालिक के पूरे परिवार का भरण-पोषण होता है। वही आयोजित बैठक में सीसीएल द्वारा दिये गए लिखित आश्वासन से मुकरने को लेकर एक आवेदन लातेहार उपायुक्त के नाम पर तैयार किया गया। जिसकी प्रतिलिपि केंद्रीय कोयला मंत्री, झारखंड सीएम, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार/ चतरा, पुलिस महानिरीक्षक हजारीबाग/ पलामू/ पुलिस अधीक्षक लातेहार/ चतरा, मगध संघमित्रा जीएम/ परियोजना पदाधिकारी/ विक्रेता पदाधिकारी के नाम शामिल है। जिसमें सैकड़ो ट्रक मालिकों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर किया। मौके पर त्रिवेणी साहू, कमलेश सिंह, मनोज यादव, मुकेश राम, सुनील यादव,महेश यादव, डोमन यादव, सितामन राम, अरुण केशरी, पंकज केशरी, अशोक साव, शम्भू साव, गिरेन्द्र यादव, दीपू गुप्ता, राजू सिंह, पाली कुमार, मदन साव, कुलदीप यादव, मोहन साव, हेमंत यादव, दिलीप साव, महेंद्र यादव, मो.शमीम, पंकज सिन्हा, ईश्वर कुमार, अभिनाश राम, मो.फैज, अनिल साव, मो.शकील, शिबू साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# लातेहार कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने रांची में वैधनाथ से मुलाकात की

**डिग्री कालेज व अन्य स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था से अवगत कराया**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह लातेहार जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से रांची झारखंड विधानसभा के कार्यायल कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान श्री तिवारी ने शिक्षा मंत्री को क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने लातेहार के दोनों नवनिर्मित डिग्री कॉलेज को उपस्कर उपलब्ध करा कर शीघ्र कक्षायें चालू कराने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने लातेहार जिला के विभिन्न स्कूलों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों को भरने का भी आग्रह किया। कहा कि छात्रों के अनुपात में शिक्षक नहीं रहने के कारण विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, सुनील प्रसाद, वरीय कांग्रेसी इस्तेखार अहमद, ज्योति प्रकाश दुबे, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ लातेहार प्रखंड अध्यक्ष वाजिद अंसारी, युवा कांग्रेस लातेहार प्रखंड अध्यक्ष मो साजिद, हेरहंज प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप कुमार, फूलचंद यादव समेंत कई लोग शामिल थे।

## सांप काटने से किसान अचेत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मानसिंघा ग्राम में बुधवार को खेत में हल चला रहे किसान मोहम्मद इसराफिल 30 वर्ष पिता मोहम्मद शकूर ग्राम मुरपा को एक जहरीला सांप काटने से अचेत हो गया। परियजनो द्वारा अचेता अवस्था में मोहम्मद ईशराफिल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मोहम्मद इसराफिल अपने खेत में हल चल रहा था इसी बीच एक बहरा जोड़ा सांप उसके पैर से दब गया और वह काट दिया। मोहम्मद इसराफिल ने उस सांप को पकड़ कर एक बोतल में बंद कर दिया। और बालूमाथ अस्पताल सांप को साथ लेते आया। जहां वह इलाज कराया। वही सांप को देखने के लिए भीड़ उमर पड़ी।

## ट्रक और हाइवा के बीच हुई टक्कर में, हाइवा चालक घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के चमातू ग्राम में ट्रक और हाईवा के बीच हुई टक्कर में हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनय उरांव 35 वर्ष पिता सुखी उरांव ग्राम मंधनिया थाना बारियातू निवासी बालूमाथ रेलवे साइडिंग से हाइवा से कोयला खाली करके वापस चमातु कोलियरी जा रहा था। इस दौरान चमातु ग्राम के पास अनियंत्रित होकर ट्रक से टक्कर हो गयी। जिसमें विनय उराँव गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## सांप्रदायिकता व अशिक्षा से लड़ने का हथियार है प्रेमचंद : सीटू



**हजारीबाग :** प्रेमचंद के 144 में जयंती पर स्थानीय सी पी आई एम कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण सिंह और संचालन जिला सचिव ईश्वर महतो ने किया. इस अवसर पर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि प्रेमचंद अपने समय में सांप्रदायिकता और शिक्षा पर बहुत काम किए हैं जो आज भी प्रासंगिक है. उनका मानना था कि साम्प्रदायिकता और अशिक्षा के रहते देश आजाद नहीं हो सकता. 144 वर्ष पहले 31 जुलाई को धनपत राय पैदा हुए थे. हम सब उन्हें प्रेमचंद के नाम से जानते और याद करते हैं. मशहूर साहित्यकार, कलम के सिपाही प्रेमचंद का देहांत आज से 88 साल पहले हो चुकी है. लेकिन आज भी प्रेमचंद प्रासंगिक क्यों हैं एक नज़र में लग सकता है कि आठ दशक पहले जो शख़्स इस दुनिया से जा चुका है, उसे याद करना महज़ एक रस्म अदायगी ही है क्योंकि जब वे लिख रहे थे तो देश गुलाम था. आज़ादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी. नया भारत बनाने के ढेरों ख्वाब थे. उस वक्त की समाजी- सियासी ज़रूरत कुछ और ही रही होगी. चुनौतियाँ भी एकदम अलग थीं. हाँ, इतना ज़रूर है कि उनकी लिखी बातें उस वक्त को समझने के लिए ज़रूर कारग़र होंगी. मगर रचनाओं का जो भंडार वे जमा कर गए, अगर उन पर नज़र दौड़ाई जाए तो वे आज भी मानव जीवन, समाज को बेहतर बनाने के लिए निहायत मददगार है. निजी विद्यालय के विषय में कर्मभूमि 1932 में जो उन्होंने लिखा है वह आज स्पष्ट दिखाई दे रहा है. शिक्षालय क्या है जुर्मानालय है इसलिए प्रेमचंद को याद करना, महज एक सालाना रस्म पूरा करना नहीं है बल्कि उन्होंने जो आन्दोलन चलाया था उसे पुनर्जीवित कर उसे तेज करने की आवश्यकता है. गोष्ठी में तपेश्वर राम, गुलाब साव, सुरेश कुमार दास, बालेश्वर दास, रामचंद्र महतो, पूरन महतो, किशोरी राणा, अंजू देवी, किरण देवी, सरिता देवी, मोहम्मद अशरफ सहित पार्टी के कई सदियों ने भाग लिया. धन्यवाद ज्ञापन देवेन्द्र कुमार ने किया.

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लिए शिविर आयोजित करने की तिथि निर्धारित

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत सचिवालय प्रांगण में आयोजित किया जाने वाला झारखंड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के सुयोग्य महिलाओ के लिए 1000 /- एक हजार रूपए प्रतिमाह की दर से आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया जाना है ।इसी आलोक में उपायुक्त हजारीबाग का पत्रांक संख्या 359 सा0 सु0 दिनांक 29/7/2024 में निहित निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय से आदेश पत्र निकाला गया । क्षेत्र के आठों पंचायत में शिविर लगा कर योग्य महिलाओ को झारखंड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना अंतर्गत लाभुको को लाभान्वित झरपो भाराजो खैरा डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेडम डहरभंगा आठों पंचायत की निर्धारित तिथि 3/8/2024 से 10/8/2024 तक तिथि निर्धारित किया गया है। जो शिविर आयोजित स्थानीय पंचायत भवन परिसर में ही किया जाएगा । बीडीओ ने क्षेत्र के योग्य महिलाओ से आग्रह किया की शिविर में सम्मिलित होकर योजना से लाभान्वित हो । यह झारखंड सरकार का अनोखा पहल महिलाओ के लिए किया गया है। इस शिविर में झरपो पंचायत में पंचायत सचिव गुड़िया रानी,खैरा में पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद, भराजो पंचायत में विश्वजीत दुबे , मो. मोइनुद्दीन चिस्ती,धर्मपुर में पंचायत सचिव संजय कुमार,टटीहझरिया में पंचायत सचिव अनिता कुमारी, डहरभंगा में पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे, बेड़म पंचायत पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे संग कई कर्मी मौजूद रहेंगे।

## हजारीबाग की आराध्या राय ने अन्तर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**हजारीबाग :** बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदलता है लोग खेल के प्रति अपनी भावना और समर्पण बढ़-चढ़ कर दे रहे हैं बड़े तो दे ही रहे हैं छोटे भी कुछ काम नहीं है, यह बात साक्षात हजारीबाग में देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता कोलकाता इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था जिसमें हजारीबाग शहर के कोलघट्टी निवासी आराध्या राय अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। आराध्या ने न केवल झारखंड सहित हजारीबाग का नाम रौशन किया है। आराध्या के हजारीबाग आने के बाद हर कोई अपने-अपने माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं देने लगा इस बीच भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने आराध्या राय को अपने कार्यालय में आमंत्रित कर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टिकोण से पौधा एवं अंग वस्त्र देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया इस अवसर पर आराध्या के माता-पिता भी मौजूद रहे, उन्हें भी सम्मानित किया गया द्य,ऐसे बच्चे पर हम सभी को गर्व है। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा की आप अपने प्रगति और लक्ष्य की और हमेशा केंद्रित रहिए हम सभी आपके साथ सदैव खड़े हैं। साथ ही कहा कि बच्चे को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बहुत बहुत बधाई और उसकी कड़ी मेहनत व समर्पण की सराहना करता हूं उन्होंने कहा कि ऐसे युवा हमारे समाज का भविष्य हैं और उनकी सफलता से हमें प्रेरणा मिलती है।

## झुरझुरी को आदर्श पंचायत बनाने के लिए जी जान से जुटी है प्रभारी मुखिया प्रियंका कुमारी

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत झुरझुरी पंचायत आदर्श पंचायत बनने की ओर अग्रसर दिख रहा है। सही मायने में सरकार ने जो पंचायती राज व्यवस्था की कल्पना की थी वह साकार होते देखना है तो झुरझुरी पंचायत जाकर देखें । आलम यह है कि ससमय ग्राम सभा और सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने का रोड मैप इस पंचायत की प्रभारी मुखिया प्रियंका कुमारी ने तैयार करने की कोशिश की है । मुखिया प्रियंका कुमारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर आम ग्रामीणों में सरकार के प्रति संतुष्टि का भाव पैदा करते दिख रही है। जहां एक और क्षेत्र के महिला एवं पुरुष ग्रामीण मुखिया प्रियंका कुमारी की कार्यशैली को देखकर खुश हैं वहीं लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान वह बच्चों से भी मिलती हैं और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति का जायजा लेती हैं। झुरझूरी पंचायत के ग्रामीण को श्रम एवं नियोजन विभाग की ओर से लेबर कार्ड , समाज कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं एवं बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाएं, कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए चलाई जा रही योजनाएं और मनरेगा की ओर से लोगों को दिए जा रहे कार्य को अशिक्षित ग्रामीणों के बीच बतलाकर लगातार उनके जीवन शैली के सुधार में लगी हैं। पंचायत के सकरेज के चटनियां सिंघा आदिवासी टोला,रविदास टोला,यादव टोला,मियां टोला, टंडापर, एन एच 2 रोड पर , गांगटीयाही, गुंजरा,सतघरवा, अल्पीटो ये सभी क्षेत्रो में घूम कर प्रियंका कुमारी ने नलजल योजना में सुधार, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना , सार्वजनिक शौचालय, सड़क निर्माण, प्राथमिक विद्यालय में घेराबंदी,राशन कार्ड में नाम जोड़ना, बिरधा, विधवा एवं विकलांग पेंशन योजना, धार्मिक स्थल की घेराबंदी होना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्र को बेहतरी की ओर ले जाने का खाका तैयार किया । हेमंत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की स्थिति यदि देखना है तो मुखिया प्रियंका कुमारी के पंचायत झुरझुरी जाकर देखें एक भी ऐसे लाभुक आपको ऐसे नहीं दिखाई देंगे जिनके पास पक्का मकान पूर्व से हो और सबसे मजे की बात यह है कि जहां एक और आवास योजना में धांधली को लेकर आए दिन जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक को शिकायतें मिलती है वहीं इस पंचायत में वर्तमान मुखिया प्रियंका कुमारी के कार्यकाल में मिलने वाले आवास योजना पर कोई भी भ्रष्टाचार को लेकर उंगली नहीं उठा सकता ।

## अंबा प्रसाद के नेतृत्व में सीसीएल के चंद्रगुप्त परियोजना के विस्थापितों ने सीएम से की मुलाकात

**रोहित गोस्वामी @ प्रभात मंत्र**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचड़ा में सीसीएल के प्रस्तावित चंद्रगुप्त कोल परियोजना के विस्थापितों के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके विधानसभा कक्षा स्थित कार्यालय में मुलाकात की! इस दौरान विस्थापित ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा बार-बार आमसभा कराई जा रही है जिसका ग्रामीणों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा है इसके बावजूद जिला प्रशासन कंपनी के दलाली कर रही है और जबरदस्ती आमसभा को पास कर कर खनन कार्य शुरू करना चाह रही है जिसे हम सभी ग्रामीण विरोध में हैं! ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



से इस मामले में हस्ताक्षेप कर बगैर ग्रामीणों के सहमति के किसी प्रकार का कार्य नहीं कराने हेतु अनुरोध किया ! विधायक अंबा प्रसाद ने भी इस मामले को विधानसभा में रखा एवं बगैर ग्रामीणों की समिति के कार्य नहीं करने की मांग की है! मौके पर मुख्य रूप से रवि शंकर पांडे रंजीत कुमार रजक संजय कुमार पासवान निरंजन कुमार इम्तियाज मियां प्रकाश राणा नंदकिशोर राणा दीपक साव, फुलेश्वर साव सुरेंद्र राणा लालो साव कमलेश राणा संतोष राणा गुल्लक राम जुगल राणा सहित कई लोग मौजूद थे!

## सांसद मनीष जायसवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को झारखण्ड में पिछले पांच वर्षों में आदिवासियों की जनसँख्या में धर्मांतरण के कारण हुए तीव्र घटाव, बांग्लादेशियों के द्वारा संगठित रूप से आदिवासी बेटियों से विवाह और जमीन हथिया कर क्षेत्र की डेमोग्राफी बदले जाने के विषय में विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस संबंध में पूरी जानकारी दी साथ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को हज़ारीबाग की विश्वविख्यात इंटरनेशनल रामनवमी में हज़ारीबाग़ पधारने का निमंत्रण दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का रामनवमी महोत्सव में आना हम सभी हज़ारीबाग़ लोकसभा वासियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण होगा।

## बरही विधायक ने स्वास्थ्य सहिया के प्रोत्साहन राशि का मामला सदन में उठाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने बुधवार को विधानसभा में स्वास्थ्य सहिया के प्रोत्साहन राशि का मामला उठाया।उन्होंने सदन में कहा कि स्वास्थ्य सहिया ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण से लेकर हर काम करती है, पर उसे मात्र दो हज़ार प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि मिलती है।प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर दस हज़ार किया जाना चाहिए। मालूम है कि पिछले दिनों पदमा हॉस्पिटल भवन के उदघाटन के समय स्वास्थ्य सहिया लोगों ने प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला था व उन्हें मिलने नगण्य प्रोत्साहन राशि के बाबत अवगत कराया था।

## बरही प्रखंड सभागार में मईया सम्मान पेंशन योजना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही प्रखंड सभागार में झारखंड मईयां सम्मान पेंशन योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी के सेविकाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सी. आर. इंदवार व संचालन कंप्यूटर ऑपरेटर मोहन मिर्धा ने किया। इस मौके पर बीडीओ सी.आर इंदवार ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा मइयां सम्मान योजना के अंतर्गत हर महीने 1000 रूपए का सहायता राशि महिलाओं के बैंक खाते से प्राप्त होगी, जिनकी उम्र 21से 49 वर्ष की होगी। अहर्ता रखने वाली लाभुक महिलाएं को आवेदन करने की स्थिति को बतलाया गया। आवेदिका के डॉक्यूमेंट में घोषणा पत्र के साथ आवेदन पत्र की मूल प्रति, आधार लिंक्ड सिंगल बैंक की छाया प्रति, मतदान पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, अंतोदय अन्न योजना पिला राशन कार्ड, गुलाबी राशन कार्ड, किरोसीन तेल सफेद राशन कार्ड, हरा रंग का पृथक राशन कार्ड का छाया प्रति, आवेदिका का मोबाइल नंबर एवं निबंधन करते वक्त भी लाभुक महिला का मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है, ताकि उसका आवेदन भरने वक्त उनका ओटीपी मालूम हो सके। साथ बताया कि इस योजना का शिविर 3 से 10 अगस्त से पंचायतवार लगाया जाना है। अपवर्जन मानक इस योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। इस मानक की आवेदिका स्वयं या उनके पति केंद्र या राज्य सरकार अथवा केंद्रीय या राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों,विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नियमित स्थाई कर्मी, संविदा कर्मी, मानदेय कर्मी के रूप में नियोजित हो अथवा सेवानिवृत्त के उपरांत पेंशन, पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हो। जिनके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद विधायक हो, आयकर अदा करने वाले परिवार जिन लाभुकों को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो रहा हो, उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा। ईपीएफ धारी आवेदक महिला को भी इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लिए सभी पंचायतों में लगेगा शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंद्वार ने बताया कि आगामी तीन से दस अगस्त तक प्रखंड के सभी पंचायत में तीन से दस अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में पंचायत के सभी आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को करसो पंचायत भवन, 4 अगस्त को केदारूत पंचायत भवन, 5 अगस्त को रसोइया धमना पंचायत भवन, दुलमहा पंचायत भवन, विजैया पंचायत भवन एवं बरही पूर्वी पंचायत के नगर भवन में आयोजित किया जाएगा वहीं 6 अगस्त को बरही पश्चिमी पंचायत भवन, कोनरा पंचायत भवन एवं कोल्हूआ कला पंचायत में किया जाएगा। 7 अगस्त को धनवार पंचायत भवन, बसरिया पंचायत भवन, खोड़ाहर पंचायत भवन एवं डपोक पंचायत भवन में आयोजित किया जायेगा। 8 अगस्त को करियातपुर पंचायत भवन, मलकोको पंचायत भवन, रानीचूआं पंचायत भवन एवं बरसोत पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। 9 अगस्त को गौरियाकरमा एवं भंडारों पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। वहीं अंतिम में 10 अगस्त को बेंदगी पंचायत भवन में आयोजित किया जायेगा। वहीं लाभुको को शामिल होकर उक्त योजना को लाभ लेने का अपील किया।

## करियातपुर के फुटपाथ गरीब दुकानदारों ने उपायुक्त को दिया आवेदन

▶ **कहा भवन निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन होने के बावजूद फुटपाथ गरीब दुकानदारों को किया जा रहा है परेशान**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर, कोरियाडीह, दूधपनिया धनवार आदि गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन दिया।आवेदन के माध्यम से कहा की हम सभी दुकानदार 45 से 50 वर्षो से सड़क के किनारे जिला परिषद के भूमि पर अपना छोटा-मोटा झोपड़ीनुमा दुकान बनाकर अपना जीकोपार्जन कर रहे हैं, इससे पूरे परिवार का भरण पोषण होता है। वही हम लोग के पास जीकोपार्जन का और कोई साधन नहीं है। दुकान हटाने से हम लोगों के साथ भुखमरी की स्थिति पैदा हो जाएगी। हम लोग के दुकान को ग्राम करियातपुर के कुछ असामाजिक तत्वों के लोगों के द्वारा जबरन दुकान को हटाने की धमकी दे रहे हैं, और अपना दुकान को चलाने की बात करते हैं। हम सभी गरीब फुटपाथ दुकानदार आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहते हैं की मौजा



करियातपुर में कुल 5 प्लॉट है, जिसका कुल रकवा पांच एकड़ भूमि है। जिस भूमि के बड़े भूभाग पर ग्राम करियातपुर के ग्रामीण भूमाफियाओं का कब्जा है, परंतु सिर्फ हम चिन्हित गरीब दुकानदारों को ही दुकान हटाने की धमकी दिया जा रहा है, जिससे स्थिति तनावपूर्ण है। ग्राम करियातपुर के असामाजिक तत्वों के द्वारा कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम देने का प्रबल संभावना है। वहीं उन्होंने कहा कि उक्त खाते की भूमि पर विद्यालय भवन बनाए जाना है जिसके लिए पर्याप्त भूमि खाली है। कहा कि विद्यालय भवन निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है जिस पर भवन निर्माण कराया जा सकता है। जिला परिषद के भूमि से केवल गरीब फुटपाथ दुकानदारों को नहीं हटाया जाए आदि हटाया जाता है तो जिला परिषद की संपूर्ण भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कृपा करें। आवेदन देने वालों में राजेन्द्र प्रसाद, सुधीर कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र ठाकुर, सुरेश रविदास,अर्जुन प्रसाद, शिवम कुमार वर्मा, अरविन्द कुमार,उमेश प्रसाद, विकाश महतो, मो. नसीम, गुरु चरण ठाकुर, सुखदेव पंडित, महेश प्रसाद, रंजीत प्रसाद, अर्जुन महतो, जागेश्वर महतो, कार्तिक महतो, प्रमेश्वर महतो, देवेन्द्र प्रसाद, किशोर कुमार, अशोक प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, बालेश्वर कुमार, चंदन कुमार, सिकंदर कुमार, इंद्रदेव महतो, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सफल संचालन को लेकर बैठक आयोजित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** झारखंड सरकार समाज कल्याण सह सामाजिक सुरक्षा के आदेशानुसार प्रखंड सभागार कक्ष में बैठक की गई! बैठक में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना सुचारू रूप से संचालन क्रियान्वयन एवं आवेदन पत्र की आपूर्ति एवं वितरण संबंधी समीक्षा की गई! बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने किया! बैठक में अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरीका महतो प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत समिति आंगनबाड़ी सेविका, बीएलओ के अलावा प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे! ज्ञात हो कि इस योजना में 21 साल से 50 साल की महिलाओं को महीना एक हजार सम्मान राशि दिया जाएगा! तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार ने जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह योजना झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसे सभी सुचारू रूप से क्रियान्वयन करें और अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाएं! सरकार के निर्देशों की जानकारी दी गई! साथ ही सभी सेविका को केंद्र वार 100 फार्म उपलब्ध कराया गया! सभी सेविका योग्य लाभुकों के घर घर जाकर 01 अगस्त से 02 अगस्त तक फार्म का वितरण करेंगी, 03 से 10 अगस्त तक सभी पंचायत भवन मे शिविर आयोजित क़र आवेदन प्राप्त किये जाएंगे !शिविर के बाद भी आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी रहेगी!

## राहगीरों को मौत का निमंत्रण देता रास्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत के रमुआ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, बाजारटांड़ में लगने वाले साप्ताहिक बाजार,माँ काली मंदिर,राममंदिर से यादव टोला रमुआ जाने वाली अहम मार्ग दुर्दशा का शिकार है। जैसा कि जानकारी के अनुसार यह मार्ग सर्वे का रास्ता है। परन्तु अपनी बदहाली का रोना रो रही है। बताते है,कि इस मार्ग पर एक पुलिया है,बारिश की वजह से पुलिया एक भाग की मिट्टी बह गई,जिसकी वजह से पुलिया क्षतिग्रस्त एवं इसके किनारे करीब 5-6 फीट तक गहरा गड्ढा हो गया है। इस मार्ग से रमुआ के आम लोग एवं छात्राएं साइकिल अथवा पैदल रोजाना आना जाना होता है। ऐसे में अंजान व्यक्ति या रात के अँधेरे में राहगीरों का गिरना तय है,जिससे उसे गंभीर चोट या मौत भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में कोई अनहोनी हो तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

## मेयातु में महिलाओं के द्वारा निकाला गया भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सावन का महीना भक्ति भाव से समर्पित है हर तरफ यज्ञ पूजा कलश यात्रा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही है इन्हीं कार्यक्रमों के बीच सदर विधानसभा क्षेत्र के सुल्तान पंचायत के मेयातु में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा मुख्य रूप से शामिल हुए। आयोजक मंडली के द्वारा श्री अजमेरा का आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया। भव्य कलश यात्रा गांव की स्थानीय महिलाओं के द्वारा निकला गया था जिसमें महिलाएं बगैर किसी की मदद से अपनी कर्माठता और निष्ठा से भव्य कलश यात्रा का आयोजन की है। इस भव्य कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा को संपन्न कर रही थी भव्य कलश यात्रा में महिलाएं



आकर्षक लाल पीली साड़ी में शामिल थी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बेहतर उदाहरण मेयातु में देखने को मिला,साथ ही कहा उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा,आर्थिक स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को एक समान अवसर मिलना चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। जिसका उदाहरण आज हम सभी को देखने को मिला। साथ ही कहा कि महिलाओं द्वारा अपनी ताकत और सामूहिक शक्ति को दर्शाने के लिए निकाली गई कलश यात्रा आमतौर पर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। कलश यात्रा का उद्देश्य सामाजिक और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना होता है। इसमें महिलाएं मिलकर अपनी संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं का प्रदर्शन करती हैं और सामूहिकता की भावना को मजबूत करती हैं। मौके पर कटकमदाग प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता, नेहा कुमारी, सोनी कुमारी , सोनम देवी , बबिता देवी , सुनिल पांडे, धीरज जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर विष्णुगढ़ में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड सरकार की महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वाकांक्षी योजना, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सुचारू रूप से आवेदन प्राप्ति को लेकर जारी दिशा निर्देश के आधार पर,आज विष्णुगढ़ प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बीडीओ अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में इस योजना के सुचारू क्रियान्वयन से जुड़े विष्णुगढ़ प्रखण्ड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, आंगनबाड़ी सेविकाएँ, प्रज्ञा केंद्र संचालको समेत, प्रखण्ड कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के आवेदन प्राप्ति के लिए 03 अगस्त 2024 से 10 अगस्त 2024 तक प्रखण्ड के सभी पँचायत भवन में आवेदन पत्र की प्राप्ति तथा तत्काल ऑनलाइन करने की कार्यवाई की जायेगी। इस




योजना के लिए लाभुक की उम्र 21 वर्ष से 50 वर्ष से कम की होनी चाहिए। वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आधार लिंक्ड बैंक खाता,पैन कार्ड हो तो दें, नही है,तो कोई बात नही, पासपोर्ट साइज फ़ोटो उपरोक्त सभी दस्तावेज के साथ झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लाभ के लिए लगने वाले कैम्प में फार्म को जमा कर दें। बैठक में प्रखण्ड चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया (हाथी पॉव) से बचाव के लिए एम.डी.ए/आई.डी.ए कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त 2024 से 25 अगस्त 2024 तक कार्यक्रम चलाया जायेगा। 10 अगस्त 2024 को बूथ पर दवा दी जायेगी।12 अगस्त 2024 से 13 अगस्त प्रखण्ड के सभी स्कूलों में दवा दी जायेगी। इसके उपरांत डोर टू डोर जाकर दवा का वितरण किया जाना है। इस कार्यक्रम के दौरान पोलियो ड्राप भी बच्चो को पिलाई जायेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा,मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो, मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार, जीपीएस रामसेवक दांगी,महेश बरनवाल,बेलाल अंसारी समेत सैकड़ो की सँख्या में मुखिया, पंसस, आँगनबाड़ी सेविका, सहिया, प्रज्ञा केंद्र संचालक समेत कई लोग बैठक में शामिल थे।

## उपायुक्त ने की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

# सभी तैयारियों को 13 अगस्त तक पूरा कर लेने का दिया निर्देश

**9 से 13 अगस्त तक किया जाएगा परेड का पूर्वाभ्यास**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य समारोह की सारी तैयारियों को 13 अगस्त तक पूरा कर लेने, साफ सफाई, रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले में ड्राई डे घोषित रहेगा। 13 अगस्त को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।

## झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बुधवार को झारखण्ड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा द्वारा रणधीर वर्मा चौक स्थित घरना स्थल पर शान्तीपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। घरने में जिले के सभी मुफस्सिल लिपिक अपनी मांगो को लेकर भारी संख्या में उपस्थित थे।

# पूर्व मध्य रेल ने पहली बार चलाया पौने तीन किलोमीटर लंबा मालगाड़ी "ब्रह्मास्त्र"

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर** : परिचालनिक दक्षता में वृद्धि को लेकर पूर्व मध्य रेल निरंतर क्रियाषील है । इसी क्रम में दिनांक 30.07.2024 को पहली बार एक साथ चार बॉक्सन रेक का संयोजन कर तैयार किए गए ''ब्रह्मास्त्र'' लांग हॉल मालगाड़ी का परिचालन किया गया। लगभग पौने तीन किलोमीटर लंबे ''ब्रह्मास्त्र'' को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया। चारो मालगाड़ियों को जोड़कर बनाए गए ''ब्रह्मास्त्र'' की लंबाई लगभग पौने तीन किलोमीटर रही । संयोजन के पश्चात चार मालगाड़ीयुक्त ''ब्रह्मास्त्र'' को गंजख्वाजा से रात लगभग 21.17 बजे धनबाद मंडल के टोरी के लिए रवाना किया गया। लगभग 37.5 किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति के साथ बीडी सेक्शन होते हुए लगभग 335 किलोमीटर की यात्रा के बाद ''ब्रह्मास्त्र'' गढ़वा रोड के रास्ते धनबाद मंडल के अंतर्गत 07.25 बजे टोरी पहुंची। परिचालन की दृष्टि से पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम रेल मंडलों में से एक है। रेल परिचालन को गतिमान रखने के साथ धनबाद मंडल से कोयला आदि के त्वरित परिवहन हेतु परीक्षण कर लदान हेतु तैयार खाली मालगाड़ियां नियमित उपलब्ध कराने में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ चार मालगाड़ियों को जोड़कर बने ''ब्रह्मास्त्र'' का सफल परिचालन पूर्व मध्य रेल की परिचालनिक दक्षता का द्योतक है जिससे माल लदान एवं परिवहन में और तेजी लाने में मदद मिलेगी। विदित हो कि ''ब्रह्मास्त्र'' के सफल परिचालन के एक दिन पहले 29.07.2024 को पहली बार एक साथ तीन मालगाड़ियों का संयोजन कर ''त्रिषुल'' का भी परिचालन किया गया जिसे गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया था ।

## कांग्रेस का जन संवाद यात्रा सहित विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु प्रखंड स्तरीय बैठक शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : प्रदेश कांग्रेस पार्टी के निंदेशानुसार सभी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी यात्राझ जनसभाझ जनसंवाद कार्यक्रम के तहत धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय बैठक शुरू हुई।

**Information & Public Relations Department**
**Government of Jharkhand, Suchana Bhawan, Ranchi.**

**Request for Proposal (RFP)**

Online RFP are invited from eligible reputed qualified firms/companies with sound Technical and Financial capabilities for **Selection of Social Media Management and Monitoring Agency.**

1. The following table provides a quick overview of the key activities and some important information about this RFP:

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1.1 | RFP Reference No. | 1116 |
| 1.2 | RFP issuing Authority | **Director, Information & Public Relations Department** Government of Jharkhand, Address:-Suchana Bhawan, Ranchi. |
| 1.3 | Name of the Project | **Selection of Social Media Management and Monitoring Agency** |
| 1.4 | Date of issue of tender document | 31-07-2024; 05:30 PM |
| 1.5 | Last date and time of submission of RFP document | 08-08-2024; 03:00PM |
| 1.6 | Last date of receipt of query | 03-08-2024; 03:00 PM |
| 1.7 | Date of opening of Bids / RFP | 09-08-2024; 03:00 PM |
| 1.8 | Date of Presentation | On same day after the opening of technical bid. |
| 1.9 | Mode of Submission of Tender / RFP | Online at www.jharkhandtenders.gov.in |
| 1.10 | EMD | The bidders are required to submit the EMD amounting **Rs. 5,00,000/- (Five Lakh only)** through Online Mode |
| 1.11 | Address of communication | Information & Public Relations Department, Government of Jharkhand, Suchana Bhawan, Ranchi. Tel: **0651-2281522, 0651-2282458** |

The Terms & Conditions and detailed copy of the RFP document should be obtained from departmental website (www.prdjharkhand.in) or may also be downloaded from the website www.jharkhandtenders.gov.in. The Bidder will submit the tender at the website of Jharkhand Government (www.jharkhandtenders.gov.in).

**Director**
**Information & Public Relations Department**

PR 331415 IPRD(24-25)#D

**ऊर्जा विभाग,झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2,धुर्वा, रॉची**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/35/2024-25** दिनांक– 31/07/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | छतर माण्डू, रामगढ स्थित ब्लॉक D के 6 अदद ज्यूडिशयल ऑफिसर्स आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,08,922=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 28 दिन |
| II | सेन्ट्रल स्कूल, डोरण्डा, रॉची के समीप स्थित न्यायाधीश बंगला सं0 12 में बगीचा लाईट, गेट लाईट के बदलीकरण एवं इलेक्ट्रीक पैनल को क्यूबिकल पैनल में बदलीकरण का कार्य। | 11,76,604=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | 28 दिन |
| III | ए0 जी0 मोड, डोरण्डा, रॉची स्थित झालसा मे विद्युत अधिष्ठापन के अतिरिक्त कार्य एवं स्वीच–सॉकेट, एल0 ई0 डी0 डाउन लाईट, पंखा लाईन, दिवाल पंखा, सर्विस केबल, मोटर केबल, यू0 पी0 एस0 कनेक्शन, के बदलीकरण एवं जनरेटर मरम्मति का कार्य। | 11,30,953=00 | 2,500=00 | 23,000=00 | 28 दिन |
| IV | सूचना भवन, कॉके रोड रॉची स्थित राजभवन सचिवालय में 30 के0 वी0 ए0 ऑन लाईन यू0पी0एस0 के बदलीकरण का कार्य। | 13,24,111=00 | 2,500=00 | 27,000=00 | 28 दिन |
| V | व्यवहार न्यायालय, रामगढ के विभिन्न कोर्ट रूम एवं न्यायाधीश कार्यालय कक्ष में ए0 सी0 वायरिंग का कार्य। | 35,11,774=00 | 5,000=00 | 71,000=00 | 28 दिन |
| VI | नेपाल हाउस डोरण्डा, रॉची के कमरा सं0 35, 14, 206 एवं योजना भवन के कमरा सं0 139 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं योजना भवन के विभिन्न कमरों, बरामदा, के दिवाल पंखा के बदलीकरण एन0 आई0 सी0 कार्यालय के दिवाल पंखा, एल0 ई0डी लाईट के बदलीकरण एवं राजा–रानी कोठी के सर्विस केबल एवं दिवाल पंखा के बदलीकरण का कार्य। | 10,21,983=00 | 2,500=00 | 21,000=00 | 28 दिन |
| VII | व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा के नजारत सेक्शन भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 10,38,016=00 | 2,500=00 | 21,000=00 | 28 दिन |
| VIII | व्यवहार न्यायालय, गढ़वा के ए0सी0 प्वाईट वायरिंग, कॉल बेल, प्वाईट वायरिंग, भवन लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 23,21,170=00 | 5,000=00 | 47,000=00 | 28 दिन |
| IX | लोहरदगा स्थित सर्किट हाउस के परिसर स्थित बगीचा लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 11,77,953=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | 28 दिन |
| X | पिस्का मोड, रॉची स्थित S.I.R.D Training Institute के भूतल में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 31,30,534=00 | 5,000=00 | 63,000=00 | 42 दिन |
| XI | व्यवहार न्यायालय गुमला के विभाग कोर्ट भवन के विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं परिसर स्थित सुरक्षा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 10,63,468=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 28 दिन |
| XII | कचहरी रोड, रॉची स्थित समाहरणालय भवन में अवस्थित 8 अदद् आठ पैसेन्जर कोने मेक लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 13,90,592=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | एक वर्ष |
| XIII | विद्युत कार्य प्रशाखा, डोरण्डा, रॉची अन्तर्गत माननीय न्यायाधीश आवास एवं रजिस्ट्रार आवास एवं 132 नं0 गेस्ट हाउस में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 13,37,750=00 | 2,500=00 | 27,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.08.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 13.08.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 20.08.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 21.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची

PR 331386 Energy(24-25).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची**
**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 05 अगस्त 2024, रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची** द्वारा **दिनांक 05.08.2024 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 04:00 बजे** तक **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में रोजगार मेला 2024** का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | CAMBRIDGE INSTITUTE OF TECHNOLOGY TATISILWAY, RANCHI | Assistant Professor | CSE – 07 CE-03 EEE -01 | B.E / B.Tech, M.E / M.Tech in Relevant Branch. | 18-60 Yrs | 15600 – 39100 with AGP-6000/- | NA | As per AICTE Norms 2019 |
| | | | CHEMISRY -01 MATHEMATICS -01 PHYSICS-01 ENGLISH-01 | B.Sc , M.Sc, Net / Ph.d | 18-60Yrs | 15600-39100 with AGP - 6000/- | NA | As per AICTE Norms 2019/UGC Norms |
| | | | BIOLOGY -01 | B.Sc , M.Sc, Net/Ph.d Bio-Technology | | | | |
| | | Laboratory Technician (CSE) | 01 | Diploma in Computer Science & Engg. | 18-60 Yrs | 15525/- | NA | – |
| | | Laboratory Technician (ECE) | 01 | Diploma in Electronic & Communication Engg. | 18-60Yrs | 15525/- | NA | – |
| 02. | KASHYAP MEMORIAL EYE HOSPITAL PVT.LTD. PURULIA ROAD, RANCHI-834001 | Typist | 05 | Graduate / BCA | 22-26 Yrs | 20,000 CTC | 0-2 Yrs | – |
| | | House Keeping Staff | 02 | 10th pass / 12th pass | 23-25 Yrs | 16,325 CTC | 0-2 Yrs | – |
| 03. | SAA VISHNU BAKERS PVT. LTD. DASMILE, RANCHI. | Electrician | 03 | – | 18-35 Yrs | – | – | – |
| | | Mechanical | 02 | – | 18-35 Yrs | – | – | – |
| | | Time Office Staff | 01 | – | 18-35 Yrs | – | – | – |
| | | Driver | 01 | – | 18-35 Yrs | – | – | – |
| | | Purchase | 01 | – | 18-35 Yrs | – | – | – |
| | | Sweepers | 01 | – | 18-35 Yrs | – | – | – |
| 04. | V-MART RANCHI STATION ROAD, INDIRA GANDHI CHOWK, RANCHI-834001 | Sales Associates | 05 | 12th pass / Graduate | 18+ | Up to 12500/- | – | – |
| | | Store Visual Merchandise | 01 | 12th pass / Graduate | 18+ | Up to 12500/- | – | – |
| 05. | EVERGREEN SERVICES SHOP NO-F-9, MARKETING COMPLEX, ARGORA HOUSING COLONY, RANCHI . | Sr. Software Developer (.Net / .Net Core) | 08 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21 -50 Yrs | 41800/- | 3 Yrs | Experience in MVC Architecture, .net 3.5, JavaScript / J Query, XML and knowledge of SQL Server / MySQL / Oracle database. |
| | | Data Base Administrator | 03 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 60500/- | 3 Yrs | Candidate must have a working knowledge of postgre SQL/Oracle /MySQL/ MongoDB. Candidate should also have general understanding of storage technologies, memory management, nas /san, networking. |
| | | Software Developer (Open Source – PHP) | 06 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 21600/- | 3 Yrs | Experience in MVC Architecture, Python, JavaScript / J Query, HTML , XML and knowledge of PostgresSQL / MySQL / Oracle database. |
| | | Software Developer (.Net / .Net Core) | 06 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 27000/- | 3 Yrs | Min (01) one year of post-qualification experience in software development field in .net framework / J2EE as per post. Candidates should have exposure to Android technology. |
| | | Mobile App Developer | 06 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 46200/- | 3 Yrs | Knowledge of Cross-platform development, UX/UI Design, modern programming language like PHP, Java, HTML5 and c#, as well as the likes of Adobe Flash lite, python,. |
| | | Database Developer | 07 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institut | 21-50 Yrs | 48400/- | 3 Yrs | Candidates should have sound knowledge of database like Oracle, postgreSQL, MySQL. |
| | | Jr. Software Developer (.Net / Net Core) | 10 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 27000/- | 3 Yrs | Experience in MVC Architecture, .net 3.5 and higher, JavaScript / JQuery, XML and knowledge of SQL Server / MySQL / Oracle database. |
| | | Jr. Software Developer (Open Source - PHP) | 02 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 26100/- | 3 Yrs | Experience in MVC Architecture, Python, JavaScript / JQuery,HTML XML and knowledge of postgres SQL / MySQL / Oracle database. |
| | | Network Engineer | 01 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ECE/EEE) /M.C.A. / M.sc (IT) /M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University / Institutes | 21-50 Yrs | 41800/- | 3 Yrs | Knowledge of Hardware , Networking . OS, Troubleshooting. |
| | | Technical Assistant or IT Assistant | 03 | BE/BTech(Computer Science/IT/ECE/EEE) /M.C.A./M.sc (IT)/M.sc (Electronics)/M.sc(CS) from Govt. Recognized university / institutes | 21-50 Yrs | 26300/- | 3 Yrs | Knowledge of Hardware , Networking . OS, Troubleshooting. |
| 06. | DELHIVERY LTD. COMPANY NAVIN MITRA LANE , LALPUR CHOWK – 834001. | Delivery Boy-LMA | Last Mile Agent-50 | 10th Passed | 18-42 Yrs | 12000/- to 15000/- | Fresher /3 Yrs | English Reading. |
| | | Delivery Boy-RFE | Regular Field Executive – 30 | 10th passed | 18-42 Yrs | 12000/- to 15000/- | Fresher /3 Yrs | English Reading. |
| 07. | VIRSON SECURITY & FACILITY SERVICES PVT.LTD. ALL JHARKHAND | Security Guard | 150 | 10th pass | 18-45 Yrs | 10000/- to 15000/- | – | Male |
| | | Supervisor | 50 | B.A | 21-45 Yrs | 12000/- to 18000/- | Yes | Male |
| | | Field Officer | 24 | B.A | 21-45 Yrs | 12000/- to 20000/- | Yes | Male |
| | | Accountant | 05 | B.Com | 21-30 Yrs | 10000/- to 15000/- | Yes | Female |
| | | Computer Operator | 25 | 12th pass | 18-45 yrs | 10000/- to 12000/- | Yes | Male / Female |
| 08. | VEDIKA CREDIT CAPITAL LTD. 404, SRILOK COMPLEX, 4TH FLOOR, H.B ROAD, RANCHI. | Sales Officer | 50 | 10th,12th & Above | 18-32 Yrs | 12000-15000/- | 1-5 Yrs | – |
| | | Collection Officer | 50 | 10th,12th & Above | 18-32 Yrs | 12000-15000/- | Fresher | – |
| | | Customer Support Officer | 50 | 10th,12th & Above | 18-32 Yrs | 12000-15000/- | Fresher | – |
| | | Relationship Executive ER | 50 | 10th,12th & Above | 18-32 Yrs | 12000-15000/- | 1-3 Yrs | – |
| | | Relationship Executive | 50 | 10th,12th & Above | 18-32 Yrs | 12000-15000/- | 1-3 Yrs | – |
| 09. | HARDAY ENERGIES PVT.LTD. RANCHI. | Computer Operator | 02 | 12th Pass / DCA | 18-40 Yrs | 10,000/- | NA | – |
| | | Marketing Executive | 06 | Graduate | 18-35 Yrs | 15/000/- | NA | – |
| 10. | 2050 HEALTH CARE RANCHI. | GDA for Ranchi | 50 | 10th, 12th pass & GDA, ANM | 18-35 Yrs | 12000/- | NA | – |
| | | GDA for Patna | 50 | 10th, 12th pass & GDA, ANM | 18-35 Yrs | 12000/- | NA | – |
| | | GDA for Bhubaneswar | 100 | 10th, 12th pass & GDA ANM | 18-35 Yrs | 12000/- | NA | – |
| | | GDA for Kolkata | 50 | 10th, 12th pass & GDA ANM | 18-35 Yrs | 12000/- | NA | – |
| 11. | SHREE JAGANNATH HOSPITAL & RESEARCH CENTRE RANCHI. | Front Office Executive | 01 | Graduate | 18-30 Yrs | 10000-12000/- | Fresher + 2 Yr | – |
| | | Staff Nurse | 04 | GNM | 18-30 Yrs | 13000-15000/- | Fresher+1 Yr | – |
| | | Lab Tech. | 01 | DMLT | 18-30 Yrs | 11000/- | Fresher+1 Yr | – |
| 12. | BEKAERT INDUSTRIES PVT.LTD. RANJANGAON | Apprentice SPMO (Spatial Purpose Machine Operator) | 127 | ITI – All Trade -77 Dip All stream –20 Graduate- B.sc (Chem)-30 | 18 -34 Yrs | Stipend- 15000/-per month 1st yr 16500/-per month 2nd yr 18000/-per month 3rd yr | Fresher | Canteen facility available , Bus facility available. Shift wise work. |
| 13. | RAYCHEM PVT.LTD. VADODARA , GUJRAT | (Apprenticeship) Cait Edusys | 200 | 10th, 12th, ITI | 18-35 Yrs | Stipend –Rs. 12500 -10th, 12th Candidates. Stipend- Rs. 13500/- ITI Candidates. | NA | Attendance Award-2000/- after 26 days. Note:- Fooding and accommodation provided company side (2000/- deduction from salary). |
| 14. | SUN BRIGHT MANPOWER SOLUTIONS PVT.LTD. NARSAPURA , DIST-KOLAR, BANGLORE. | Honda Motors, Assistant Machinist / Operator | 200 | ITI , 10th, 12th pass | 18-28 Yrs | 18000-22000/- | NA | 8 hrs duty, 2 times fooding ,Transportation. |
| | | Winstron, Assistant Machinist cum Operator | 200 (only female) | 10th, 12th, ITI , Diploma | 18-26 Yrs | 15000-20000/- | NA | 8 hrs duty, 2 times fooding ,Transportation. |
| 15. | RELIANCE NIPOON LIFE INSURANCE CO.LTD. RANCHI. | Life Planning Officer | 05 | Graduation | 30-40 Yrs | 10,500+other benefits | 1-2 Yrs | – |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

**रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें, एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरूद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रूप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।**

रिक्ति की विस्तृत विवरणी **ranchi.nic.in** पर देखी जा सकती है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

PR 331404 Labour Employment and Traning(24-25)#D

नशापान एवं समाजिक कुरुतियों को जड़ से है मिटाने की जरुरत, वही बाल विवाह कानूनन अपराध : पीडीजे

# डॉ. अनुग्रह नारायण +2 उवि में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 जुलाई मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तह्त डा0 अनुग्रह नारायण प्लस 2 उच्च विद्यालय मे जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे अरविंद कुमार पांडे एवं सचिव राजेश कुमार ने कार्यकम मे कहा कि विधिक सेवा के अंतर्गत इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य आम लोगों को नये कानुन भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की जानकारी, नशा के दुष्परिणाम, साईबर क्राईम, पोकसो एक्ट,बाल-विवाह के विषय मे लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत कार्यक्रम आयोजित करना ही प्राधिकार का मुल उद्देश्य है। कार्यक्रम मे नशा-पान, वाल विवाह जैसी समाजिक कुरुतियों को समाज से दुर करने हेतू लोगो को शपथ भी दिलाई गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र भुषण कुमार, विनीत कुमार, राजेश साहु, सोनामणि बाखला, पवन भगत के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्रा काफी संख्या मे उपस्थित थे।

## संसारिक मोह का त्याग कर सेवकाई में जुटे थे संत लोयला : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा येशु समाज के संस्थापक संत इग्नासियुस लोयला का पर्व पाकरटांड़ के सोगड़ा चर्च में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा चर्च पहुंचकर चर्च में उपस्थित सभी पुरोहितों को बुके देते हुए पर्व की बधाई दी। इसके बाद जोसिमा ने संत इग्नासियुस लोयला पर्व के मौके पर आयोजित समारोह को भी संबोधित किया। साथ ही कहा कि संत इग्नासियुस लोयला ने संतों के जीवनी का अध्ययन कर महान संतो के आदर्श और गुणों का अनुकरण किया। संसारिक मोह का त्याग कर सेवकाई के कार्य में जुटे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने प्रार्थनामयी सेवकाई जीवन से ईश्वर के निकट आते गए। इसी कारण उन्हें एक संत का दर्जा प्राप्त हुआ। क्योंकि संसारिक मोह-माया का त्याग कर जो ईश्वर के निकट आता है, उसे अनंत जीवन प्राप्त होता है। येसु ख्रीस्त ही हमारे जीवन का केन्द्र बिंदु है। उन्होंने कहा कि हमें केवल स्वयं की चिंता नहीं करते हुए दूसरों के लिए भी चितिंत रहना चाहिए। क्योकि सिर्फ स्वयं के लिए चितिंत रहने वाले व्यक्ति का नाश होता है। मौके पर चर्च परिसर में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन पल्ली पुरोहित फा प्रदीप तिर्की, फा सिलबानुस केरकेट्टा, फा थियोदोर किड़ो, डीन फा गाब्रियल डुंगडुंग, फा तारसियुस कुल्लू आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## सांसद सुखदेव भगत की मां की मनाई गई आठवीं पुण्यतिथि



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत की मां स्वर्गीय बुदिया भगत की आठवीं पुण्य तिथि आज उनके आवास लोहरदगा में मनाई गई। सबसे पहले पुरोहित परमानंद मिश्रा के द्वारा विधि विधान से पूजा हवन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। तत्पश्चात आवास में स्थित स्वर्गीय बुदिया भगत की प्रतिमा में परिजनों के साथ-साथ उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये। कार्यक्रम में ज्येष्ठ पुत्र दुर्गा भगत, कनिष्ठ पुत्र सांसद सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, पुत्रवधू अनुपमा भगत पूर्व अध्यक्ष लोहरदगा नगर परिषद, पौत्र अभिनव सिद्धार्थ राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस, पौत्र शाश्वत सिद्धार्थ, गुमला जिला युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा, आलोक साहू, साजिद अहमद चंगू, पवन गौतम, रवि रोशन, सोनू कुरैशी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुलाम जिलानी, सैफ अहमद, इमरोज़ अंसारी, प्रत्यूष पांडे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुरस्कार राशि के लिए 6 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेल विभाग, झारखण्ड रांची के द्वारा 11 मार्च 2023 विभागीय संकल्प संख्या 03 अंतर्गत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेता/ प्रतियोगी राज्य के खिड़ालियों/ प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगर पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निधारित किये गये हैं। झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने दिनांक 1 अप्रैल 2023 के बाद अंतरराष्ट्रीय/भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प के अनुसार अर्हताधारी हों वे दिनांक 06.08.2024 तक जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। भरा हुआ आवेदन 6 अगस्त 2024 तक ही जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में जमा करना है। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा द्वारा दी गई।

## 28 वर्षीय नवविवाहित युवक की बज्रपात की चपेट में आने से निधन, भाजपाइयों ने जताया गहरा दुःख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत हनहट ग्राम निवासी कार्तिक सिंह के 28 वर्षीय पुत्र नितेश सिंह का बज्रपात की चपेट मे आने से आकस्मिक निधन हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नितेश सिंह 30 जुलाई मंगलवार को अपने खेत मे धान फसल की रोपाई हेतू खेतों मे वारिस की पानी देखने एवं उसमे हल चलवाने को लेकर खेत गये हुये थे तभी मंगलवार को अपराह्न अचानक तेज गर्जना के साथ बज्रपात हूई, जिसकी चपेट मे नितेश सिंह आ गये, और घायल होकर गिर पड़े,आनन-फानन मे आसपास एवं परिजन नितेश सिंह को मान्डर अस्पताल ले गये जहाँ से चिकित्सकों ने नितेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। नितेश सिंह धार्मिक, समाजिक एवं एक राजनितिक कार्यकर्ता थे, वे बढ़-चढ़ कर एक दुसरे के सुख-दुख मे शामिल होते थे, वही राजनितिक क्षेत्र मे भाजपा कार्यकर्ता के रुप मे नितेश सिंह ने अपनी पहचान बनाई थी। भाजपा पार्टी के प्रत्याशी के जीत के लिए बूथों पर सक्रिय भागीदारी निभाते थे। नितेश सिंह की 20 दिन पुर्व ही कोलेबिरा के बानो से विवाह हूआ था। घटना की जानकारी मिलते ही कैरो थाना पुलिस पहुँची। 30 जुलाई को माण्डर से लौटने मे देर रात हो जाने के कारण पुलिस ने शव को 31 जुलाई को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनो को सौंप दिया है। आकस्मिक घटित घटना पर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है,वही हनहट क्षेत्र मे भाजपा पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई है। घटना पर पुर्व सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत,पुर्व रा0स0 सांसद समीर उराँव, पुर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, पुर्व मंत्री सधनु भगत, प्रदेश भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह, विन्देश्वर उराँव, श्री चन्द प्रजापति, ब्रजविहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम जिलाध्यक्ष मनीर उराँव, नवीन कुमार टिंकु,सुरज मोहन साहु, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, पशुपति नाथ पारस, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, पुर्व 20 सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, कैरो भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, विशेश्वर प्रसाद दीन, नजीर आलम खान, गोविंद महतो, प्रद्युम्न सिंह, कामेश्व्र सिंह, सीताराम महतो, मो0 हमिद, श्यामसुन्दर उराँव, विष्णु उराँव ने घटित घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान निधि योजना के लक्ष्य को करें पुर्ण : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को सीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सभी सेविका तथा सहायिकाओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना पर विचार विमर्श किया गया। सेविकाओं को जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लक्ष्य को हर हाल में पुरा करें। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिये। राज्य सरकार के द्वारा तय किए गए मानदंड के अनुसार लाभुकों का चयन करें। लाभुकों के चयन में गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित सेविका पर कार्रवाई किया जायेगा। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत लाभुकों का चयन के लिए महिला की आयु 21 साल से लेकर 50 साल के बीच होना चाहिए, लाभुक झारखंड का निवासी हो, लाभुक के किसी परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में नहीं होना चाहिए और किसी तरह का कोई पेंशन धारी नही होना चाहिये। पंचायत का जनप्रतिनिधि से लेकर विधायक,सांसद नही होना चाहिए। लाभुको के चयन में पुरी ईमानदारी बरतें वही बताया कि 3 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में कैम्प आयोजित कर मुख्यमंत्री मईया सम्मान निधि योजना का निःशुल्क ऑनलाइन कार्य किया जायेगा। मौके पर प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका को एक-एक सौ आवेदन दिया गया तथा तय समय पर भरते हुए जमा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बाल विकास परियोजना महिला पर्यवेक्षक परमुनी देवी, अंगनी बेक प्रज्ञा केंद्र संचालक नीतीश दास गोस्वामी, सजित उराँव, विनय, साहु अनिल राम के अलावे टिंकी देवी, रजनी देवी, यशोदा कुमारी, अहिल्या देवी सहित सभी सेविका और सहायिकाएं उपस्थित थे।

## सांसद का पहल: ट्रांसफार्मर लगने पर ग्रामीणों में हर्ष



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत सड़क टोली का ट्रांसफार्मर करीब एक सप्ताह से खराब था। जिसे सड़क टोली के ग्रामीण अंधकार में रहने को मजबूर थे। वही क्षेत्र भ्रमण के दौरान यूथ कॉंग्रेस पार्टी के बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष इमरान आज़ाद उगरा पंचायत के सड़क टोली पहुंचे तो कॉंग्रेस पार्टी के उगरा पंचायत अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी ने बताते हुए कहा कि उगरा सड़क टोली में बिगत एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर ख़राब हो गया है। जिसे बरसात के दिनों में ग्रामीण अंधेरा में रहने को विवश हैं। वही जानकारी होते ही इमरान आजाद अंसारी ने सांसद सुखदेव भगत सम्पर्क कर उगरा सड़क टोली में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने की बात कही गई तो सांसद के पहल से बिजली विभाग के एक्सक्यूटिव दीपक खलको द्वारा ख़राब ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसे की सांसद के पहल से ट्रांसफार्मर लगने पर ग्रामीणों में हर्ष है। एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण ग्रामीणों को अंधेरा मे रहने के लिये काफी दिकत और परेशानी हो रही थी। मौके पर सगीर अंसारी, सिदिक अंसारी, मुस्ताक अंसारी, रबानी अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्राम सभा में 266 अबुआ आवास की हुई स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत भवन में मुखिया धनबाज उरांव की अध्यक्षता में अबूआ आवास योजना को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभा में पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा ने कहा की 2024-25 में दूसरे चरण का अबुआ आवास निर्माण की लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमे सभी कोटि को मिलाकर 266 आवास पंचायत क्षेत्र में बनाना है। जिस निमित ग्राम सभा आयोजन किया गया है। ग्राम सभा में वैसे लोगों का सूची में नाम दर्ज है जो पूर्व में आवास लिए हैं साथ ही कहा कि जो पक्का मकान में रहते हैं तथा चार पहिया वाहन के मालिक हैं तो वैसे लोगों चिन्हित कर बताया जाये। वही ग्राम सभा में सभी सूची को पढ़ कर ग्रामीणों के बीच सुनाते हुए पारित किया गया। मुखिया धनबाज उरांव ने कहा की लाभुक भूमी सत्यापन कराके रखें एक एक घर की जांच करने के बाद ही राशि उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर मुखिया धनबाज उरांव, पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा, रुस्तम अंसारी, राजू साहू, रामलाल महतो, प्रकाश महतो, मोख्तार अंसारी, मुस्ताक अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालय आने जाने में साइकिल का उपयोग करेंगे बच्चे : राधा तिर्की

138 विधार्थियो के बीच साइकिल वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय अरु में शिक्षा विभाग की ओर से 138 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण के मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि छात्र छात्रओं को सरकार साइकिल दे रही है। जिसका उपयोग विद्यालय आने जाने में करें और समय से विद्यालय पहुंचे। साथ ही कहा साइकिल चलाने से पूरे शरीर का व्यायाम होगा। और आप स्वस्थ भी रहेंगे। बच्चे बच्चियों शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाने के लिये सरकार छात्रवृति, साइकिल और पुस्तक तथा मध्याहन भोजन दे रही है। जिसे पढ़ लिख कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य बना कर समाज को सुधार की दिशा में काम कर सकें। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीईईओ जयनाथ महतो, विकेश कुमार सिन्हा, आशा सुषमा बाड़ा, उपेंद्र ठाकुर, राजेश उरांव के अलावे छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## चेंबर अध्यक्ष रितेश कुमार के पिता एवं जुगल पोद्दार के निधन पर भाजपाईयों ने किया शोक प्रकट





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अप्पर बाजार निवासी समाजसेवी जुगल किशोर पोद्दार जी के निधन आज रायपुर में हो गया, वहीं लोहरदगा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रितेश कुमार के पिताजी परमानंद साहू उम्र 85 वर्ष का आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि यह एक अपूर्ण क्षति है। ऐसे व्यक्तित्व सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत,जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, विधान पार्षद प्रवीण सिंह,पूर्व विधायक रमेश उरांव, बृज बिहारी प्रसाद,राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, बजरंग उरांव, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, सरोज प्रजापति, विमलकांत सिंह, अजय पंकज, सुरेश बैठा, मीना बाखला, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, कलावती देवी, विश्वजीत शाहदेव, राजेश महतो, रामोतार वर्मन, मिथुन तमेड़ा, लाल अविनाश शाहदेव, विवेक चौहान शंकर प्रजापति, कृष्णा मोदी, यदुनंदन तिवारी आदि शमिल है।

## मतदाता सूची में मतदताओं का रंगीन फोटो लगायें : राकेश कुमार तिवारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा की तैयारी को लेकर सीओ सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलो के साथ बैठक आयोजन हुआ। सयोजित बैठक में सीओ सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि प्रपत्र 8 को भरकर मतदाता सूची में सभी मतदताओं का रंगीन फोटो लगायें और प्रपत्र 6 को भर कर नए मतदताओं का नाम जोड़ें साथ ही प्रपत्र 7 को भरकर मृत और सफटेड मतदताओं का नाम को सूची से हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदान सम्बंधित कार्य करने के लिये विशेष निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उराँव, पर्यवेक्षक नागमनी उराँव, गुहा उराँव, रिजवान अख्तर, ओमप्रकाश साहु, मुदस्सर हुसैन, कुदरत सिंह खेरवार के अलावे यशोदा कुमारी, हुमा समरीन, गीता देवी, रजनी देवी, शांता मिंज, किरण कुमारी सहित सैकड़ों बीएलओ उपस्थित थे।

## सुदेश महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी अपना परचम लहराएगी : देवशरण भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डा.देवशरण भगत ने आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला प्रधान कार्यालय में एक बैठक की, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवशरण भगत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड में आजसू पार्टी सुदेश महतो के नेतृत्व परचम लहराएगी। आज लोहरदगा विधानसभा की तैयारी का जायजा लेने के पश्चात मै यह कह सकता हूं कि इस बार लोहरदगा में आजसू पार्टी रिकॉर्ड मतों से विजयी प्राप्त करेगी क्योंकि एक-एक कार्यकर्ता इस बार तन मन धन से आजसू पार्टी को जीताने के लिए तत्पर है। वहीं बैठक में पूर्व उपायुक्त राजीव कुमार महतो, जिन्होंने कुछ दिनों पूर्व आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं सरकारी सेवक से रिटायर होने के बाद सामाजिक सेवा करने के लिए पार्टी में आया हूं और मैं आप लोगों के साथ हूं क्योंकि यह मेरा गृह क्षेत्र है, झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी एवं आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत जी ने माननीय केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो जी के लोहरदगा दौरे को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख,युवा मोर्चा तथा सभी अनुसांषगिक इकाई को विस्तार हो रहा है एवं चुनावी वर्ष में हम चल रहे हैं, उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि पार्टी कैसे मजबूती के साथ लोहरदगा विधानसभा चुनाव जीते इस पर सभी लोग एकजुट होकर लग जाए। जिला के संयोजक एवं केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल जी ने संगठन के मजबूती पर अपनी बात को रखें,केंद्रीय सचिव सह कैरो प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव चूल्हा प्रमुख जल्दी से जल्दी कैसे बने इस पर अपनी बात को रखते हुए सभी को संबोधन किया। बैठक का संचालन बुद्धि की मंच के केंद्रीय सचिव दिलीप साहू ने किया।

## झारखंड सरकार मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जुड़े योजनाओं को शीघ्र लागु करें : नमन बिकशल कोनगाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने बिधानसभा के मॉनसून सत्र सत्र में मनरेगा द्वारा संचालित ग्रामीण छेत्रों के विकास से जुड़े योजनाओं को अविलंब लागु करने की मांग सरकार से की। विधानसभा में कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने सरकार से कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानि कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाना है।जिसके अंतर्गत गाँव में विकास से संबंधित पी सी सी पथ, पुल पुलिया, कलभट, खलिहान आदि का निर्माण कराने का प्रावधान किया गया है।इन योजनाओं का किर्यान्वयन सही तरीके से होने पर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा तथा मनरेगा योजना के तहत बनने से उस छेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। परंतु पूर्ववर्ती सरकार ने इस योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की योजनाओ का संचालन मनरेगा योजना से बंद कर दिया था।इन योजनाओं के बंद होने से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बाधा उत्पन्न हो गई तथा जो रोजगार ग्रामीणों को मिलता था वो भी मिलना बंद हो गया है। विधायक ने ये भी कहा कि मनरेगा अंतर्गत जो भी योजना होती है उसके कुल लागत का 60 प्रतिशत हिस्सा मजदूरी का है एवं 40 प्रतिशत हिस्सा मटेरियल का होता है। इसके बारे में बिधायक ने कहा कि अक्सर ये देखा जाता है कि मनरेगा द्वारा संचालित योजनाऒं में मसिनो का प्रयोग पूरी तरह से वर्जित होने के बाद भी संचालन कर रहे एजेंसियों के द्वारा मशीनों का प्रयोग कर लोगों को रोजगार से वंचित कर दिया जाता है। ये मनरेगा की मूल भावना के पूरी तरह से खिलाफ है।इसपर कड़े कदम उठाने की जरूरत की बात बिधायक ने कही। इस मांग पर सरकार ने बताया कि चूंकि मनरेगा केंद्रीय प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य ऐसे प्रत्येक ग्रामीण परिवार जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करना चाहते हैं, को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की गारंटी युक्त रोजगार कराना है।यह योजना उत्पादक परिसंपत्तियों का सृजन, पर्यावरण की रक्षा, ग्रामीण महिला एवं पुरुषों का सशक्तिकरण, ग्रामीणों का सहरों की ओर पलायन को कम करने और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने को सशक्त बनाने में कार्य करता है। ग्राम पंचायत और किर्यान्वयन एजेंसियों द्वारा मनरेगा योजना के तहत शुरू कराए गए सभी कार्यों के लिए कुशल तथा अर्धकुशल की मजदूरी दर सहित सामग्री मद की लागत जिला अस्तर पर 60 और 40 प्रतिशत होगी।

## राम कथा श्रद्धा पुरुषार्थ विवेक की देती है सीख : पंडित इन्द्रशंकर झा



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामायण की कथा श्रद्धा पुरुषार्थ और विवेक की सीख देती है इसमें मर्यादाओं का ख्याल रखते हुए जीवन जीने का मुख्य सार है उक्त बातें तामडा में आयोजित 9 दिवसीय राम कथा की शुरुआत पर कथावाचक पंडित इंद्र शंकर झा ने कही। मौके पर उन्होंने रामायण का प्रसंग को याद करते हुए कहा कि जब भगवान श्री राम अपनी पत्नी सीता की खोज में दर-दर भटक रहे थे तब माता पार्वती को भगवान श्रीराम को ईश्वर है या नही इस पर सन्देह हुआ और परीक्षा लेने की सोची वही मां पार्वती सीता का वेश धारण कर जब भगवान राम के पास पहुंचे तो पत्नी के वियोग में विलाप कर रहे भगवान राम सीता रूप धरी मां पार्वती की पहचान कर ली और उन्होंने दंडवत प्रणाम किया इस बात को देख मां पार्वती समझ गई कि वाकई भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम सच्चिदानंद भगवान है। मौके पर उन्होंने कहा कि रामायण को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है, क्योंकि रामायण एक आदर्शवादी पुत्र पिता पत्नी और मानव जीवन जीने की सीख देती है। मौके पर जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष सुबोध केसरी ने बताया कि 9 दिनों तक यहां पर श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग भगवान के प्रसंग पर कथा सुनाई जाएगी वहीं इधर राम कथा सुनने के लिए आसपास काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मौके पर विजय केशरी, अमृत केशरी, विकास साहू, राजेंद्र केशरी, लक्ष्मी, सन्तोष, दुर्गेश, मोहन, मनोज, सुरेश साव, सुंदर साव, सुबास साव, छटकु केशरी सहित काफी सख्या में महिलाएं उपस्थित हुई।

मुख्यमंत्री मानसून सत्र के बाद प्रजापति समाज को दे सकते हैं बड़ा तोहफा

# मानसून सत्र के दौरान सदन में सीएम से मुलाकात उज्ज्वल भविष्य का संकेत : अविनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा का पंचम सत्र चल रहा है। सूबे की समस्या पर बहस की गहमा-गहमी है, बहसोरान्त राज्यवासियों का भाग्य तय होगा। धरना प्रदर्शन से लेकर मिलने का दौर जारी है, हर लोग अपने भाग्य-विधाता से बात कह रहे हैं। इसी कड़ी में माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन, झगरू पंडित की प्रतिमा का अनावरण, कुम्हारों पर हो रहे दमन व जन समस्याओं को लेकर माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव मानसून सत्र में अठारह जिलों से आए प्रजापति समाज के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड विधानसभा के अंदर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित किया। तत्पश्चात उक्त जन समस्याओं को उनके समक्ष रखा। यहां तक सबों को पहुंचाने का मंगल कार्य झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। राज्यभर से आए प्रतिनिधि, जो विधानसभा में पहली बार प्रवेश किए थे, यहां की रौनक से अभिभूत थे एवं अपने नेता के प्रति कृतज्ञता जता रहे थे। आए लोगों ने मुखर होकर कहा कि आगामी चुनाव में भी हेमंत दा हिम्मत के साथ विरोधियों को धूल चटाएंगे, वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द की प्रजापति समाज को सरकार की ओर से एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है, बस चंद दिनों की बात है, वहीं अविनाश देव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून सत्र में सीएम जी से हम सबकी मुलाकात प्रजापति समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। इस मौके पर बोद्यनाथ महतो, महादेव महतो, राजेश कुमार महतो, परमेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, संजय प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, विजय कुमार प्रजापति, जनकधारी प्रजापति, कमला देवी, सोनी देवी, कुलदीप प्रजापति, बालगोविंद प्रजापति, सरिता कुमारी, शिवम प्रजापति, नितेश पंडित, दिलीप पंडित, बादल कुम्हार, निरंजन मंडल, महेंद्र राम प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुजीत प्रजापति, यशोदा देवी, दिनेश प्रजापति, ललन प्रजापति समेत अन्य कई प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सभी योग्य लाभुक उठायें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राज्य वासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी योग्य लाभुक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ निश्चित रूप से उठायें। निर्धारित समय पर फॉर्म भरकर झारखंड सरकार के इस अति महत्वकांक्षी योजना को सफल बनायें। उन्होने कहा है कि पहली बार राज्य की महिलाओं का सशक्तिकरण के लिए व्यापक स्तर पर योजना चलायी जा रही है। गढ़वा सहित पूरे राज्य की माताएं एवं बहनें इसका लाभ जरूर उठायें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की महिलाओं की स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा, आर्थिक पिछड़ापन आदि को ध्यान में रखते हुए इसमें सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना की शुरूआत की है। इसके तहत 21 से 49 वर्ष आयु की सभी युवतियों एवं महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से एक हजार रूपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए जिले के सभी पंचायतों, नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डो में तीन से 10 अगस्त तक कैंप आयोजित कर फॉर्म जमा लिया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, किसी भी प्रकार का राशन कार्ड, आधार लिंक एकल बैंक खाता पासबुक एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है।

## डा. एमएन खान ने किया डायमंड ग्लास स्टोर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर के नामधारी कॉलेज कर्बला के पास डायमंड ग्लास स्टोर का उद्घाटन एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर डॉ. खान ने कहा कि इस क्षेत्र में डायमंड क्लास स्टोर खुल जाने से अब इस क्षेत्र के लोगों को ग्लास से संबंधित सामग्री खरीदने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।उन्हें इस क्षेत्र में ही ग्लास से संबंधित सामग्री उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ऐसे स्टोर की सख्त जरूरत थी। डायमंड ग्लास स्टोर के प्रोपराइटर सज्जाद अंसारी ने कहा कि उनके स्टोर में ग्लास से संबंधित सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर मुखिया संगीता देवी, हाजी अब्दुल अजीज, मोहम्मद शफीक अंसारी, मोहम्मद इस्तखार अंसारी, आबिद अंसारी, मोहम्मद राज, शाहबाज अंसारी, औरंगजेब अंसारी, नेसार अंसारी, सुरेंद्र, रामकेश, मोहम्मद सदिक अंसारी, रशीद अंसारी, शूजाउद्दीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वायनाड की घटना से सबक लें हम-आप

**रविंद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**

इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र की ओर से जारी किए गए भूस्खलन के मानचित्र के मुताबिक देश के तीस सबसे अधिक भूस्खलन वाले जिलों में 10 जिले केरल में हैं। जिसमें वायनाड 13वें स्थान पर है। इसमें कहा गया है कि पश्चिमी घाट और कोंकण पहाड़ियों (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र) में 0.09 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा है। बहुत अधिक जनसंख्या के कारण पश्चिमी घाट के निवासियों के घरों का घनत्व अधिक महत्वपूर्ण है, खासकर केरल में। वायनाड में घटते वन क्षेत्र पर 2022 में एक अध्ययन किया गया था, जिससे पता चला था कि 1950 से 2018 के बीच जिले में 62 फीसदी जंगल गायब हो गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल एंड पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया कि वायनाड के कुल क्षेत्र के करीब 85 फीसदी हिस्से में 1950 के दशक में वन क्षेत्र था। वैज्ञानिकों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन से पश्चिमी घाट में भूस्खलन की संभावना बढ़ रही है। यह दुनिया के जैव विविधता के आठ सबसे गर्म हॉट स्पॉट है। अरब सागर के गर्म होने से गहरे बादल बन रहे हैं, जिससे केरल में कम समय में अत्यधिक भारी बारिश हो रही है और भूस्खलन की संभावना बढ़ रही है। वायनाड में पहाड़ से बहकर आए सैलाब ने हाहाकार मचा दिया। करीब 22 हजार की आबादी वाले 4 गांव सिर्फ 4 घंटे में पूरी तरह तबाह हो गए। घर दफन हो गए और सैकड़ों लोग मलबे में दब गए। अब तक 156 लोगों की मौत होने की खबर है। इस आपदा ने 11 साल पहले आई केदारनाथ त्रासदी की यादें ताजा कर दी हैं। जो रात में सोया था, उसे उठने तक का मौका नहीं मिला और सुबह वह मलबे में मिला। चारों तरफ बर्बादी ने इन गांवों की खूबसूरती को उजाड़ दिया। केरल में कुदरत की विनाशलीला देखकर हर कोई सहम गया है। वायनाड में इसे सबसे बड़ी त्रासदी माना जा रहा है। चार घंटे में तीन जगह लैंडस्लाइड हुई और पहाड़ों से आया सैलाब चार गांवों को बहा ले गया। अब मलबे को निकाला जा रहा है और उसमें कीचड़ से लथपथ या पत्थर के नीचे दबी लाशें मिल रही हैं। कुछ लाशें नदी में भी बहती दिखीं। इन सबके बीच रेस्क्यू टीमें जान पर खेलकर बचाव कार्य कर रही हैं।वायनाड में मूसलाधार बारिश के बाद लैंडस्लाइड से ऐसी तबाही शायद ही पहले किसी ने देखी होगी। यहां भूस्खलन की घटना में अपने घरों में सो रहे लोगों को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। भूस्खलन के चलते कई मकान जमींदोज हो गए, नदियां उफान पर हैं और कई पेड़ उखड़ गए. सेना,नौसेना और एनडीआरएफ के बचाव दल खराब मौसम के बीच पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं और पीड़ित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के अनुसार वायनाड में भूस्खलन में घायल होने वाले लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। जिले में स्थापित 45 राहत शिविरों में 3,000 से अधिक लोगों को ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने बताया कि पहला भूस्खलन तड़के दो बजे हुआ, उसके बाद दूसरा भूस्खलन सुबह चार बजकर दस मिनट पर हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेप्पाडी, मुंदक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है और चूरलमाला-मुंदक्कई सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने संसद में भी वायनाड की भूस्खलन की घटनाओं में कई लोगों की मौत का जिक्र किया। स्थिति इतना भयावह है कि लोग फोन पर मदद की गुहार लगा रहे हैं और बचावकर्मी मलबे से लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हैं। टेलीविजन चैनलों ने कई लोगों की फोन पर बातचीत प्रसारित की जिसमें वे रो रहे थे और किसी से आकर उन्हें बचाने का अनुरोध कर रहे थे, क्योंकि वे या तो अपने घरों में फंस गए या पुलों के बह जाने और सड़कों के जलमग्न होने के कारण उनके पास वहां से निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा है। भूस्खलन में घायल हुए कई लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। 122 इन्फैंट्री बटालियन मद्रास की सेकेंड-इन-कमांड के नेतृत्व में 43 कर्मियों की एक टीम को बचाव प्रयासों में सहायता के लिए तैनात किया गया है। रक्षा सुरक्षा कोर केंद्र, कन्नूर और कोझिकोड से प्रादेशिक सेना के 200 सैनिकों की अतिरिक्त टुकड़ियों, चिकित्सा दलों और उपकरणों को बचाव प्रयासों में लगाया गया है। फंसे हुए लोगों को तेजी से निकालने के लिए सुलूर के वायु सेना स्टेशन से भारतीय वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर को प्रभावित इलाके में भेजा गया है। केरल सरकार के अनुरोध पर एझीमाला नौसैन्य अकादमी से नौसेना का एक दल भी बचाव प्रयासों में मदद करेगा। वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए बहु-आयामी बचाव अभियान चलाया जा रहा है। केरल के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि पिनराई विजयन के विशेष कार्य अधिकारी कार्तिकेयन को बचाव अभियानों के साथ समन्वय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूस्खलन की घटनाओं में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को संकट से निपटने के लिए केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें कि केरल में वायनाड को पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है। ये समुद्र तल से 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यहां हरी-भरी वनस्पतियां, धुंध से ढकी पहाड़ियां और शुद्ध हवा इलाके को स्वर्ग बना देती हैं। लेकिन,आज हालात अलग हैं। चारों तरफ मलबा पसरा है और जगह-जगह सड़कें धंसी हैं। वायनाड के इस विनाशकारी लीला से हम सभी को सबक लेने की जरूरत है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण पूरी तरह से असुरक्षित हो गया है। पर्यावरण तभी बचेगा जब अधिक से अधिक पेड़ लगाए जायेंगे। यह हम सबकी जिम्मेवारी है।

**पेड़ लगाओ - पेड़ बचाओ**
**1950 - 2018 के बीच वायनाड में गायब हो गए 62 फीसदी जंगल**

# अरुणा शंकर ने अच्छी बारिश के लिए किसानों के साथ की पूजा



**एक भी बृहद जलापूर्ति योजना नहीं, खामियाजा भुगत रहे किसान**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भंडारिया के बगवार पंचायत में आदिवासियों द्वारा वर्षा के लिए कराई जा रही पूजा में सम्मिलित होकर भगवान से ग्रामीणों के साथ मिलकर कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे पलामू में भी अच्छी बारिश हो। ताकि हमारे किसान भाई अच्छे से खेती कर सके। प्रथम महापौर ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी जहां दूसरे राज्य में नई नई तकनीक का प्रयोग कर ज्यादा से ज्यादा वहां के किसान खेती कर रहे हैं। वहीं आज हमारे जिले में एक भी वृहद सिंचाई योजना नहीं होने के कारण हम पानी के लिए पूजा कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने जन सम्मान यात्रा के क्रम में चौपाल भी लगाया। साथ ही गांव के कई सम्मानित लोगों से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा कराई जा रही विकास के कार्यों पर चर्चा की। अरूणा शंकर ने उस गांव की समस्या को समझते हुए योजनाओं का पूरा से पूरा लाभ लेने को कहा। लोगों ने प्रथम महापौर के इस यात्रा को काफी सराहा। इस यात्रा के दौरान प्रथम महापौर अरूणा शंकर बरगढ़, भंडारिया एवं कई पंचायत का सघन दौरा किया। जहां स्थानीय लोगों ने प्रथम महापौर का जोरदार स्वागत किया।

## आरएसएस राष्ट्र सेवा में लगा संगठन, उसकी आलोचना संविधान के खिलाफ : धनखड़

**नई दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देशसेवा में कार्य करने वाला संगठन बताया और कहा कि ऐसे संगठन के खिलाफ बोलना संविधान की आलोचना करने के समान है। संगठन को भारतीय संविधान के तहत अपना कार्य करने का अधिकार मिला है।राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के नेता रामजीलाल सुमन की आरएसएस पर की गई टिप्पणी पर सभापति ने आपत्ति जताते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वे पहले ही आरएसएस के बारे में कह चुके हैं कि संगठन की एक साफ छवि है। हालांकि सदस्य को बोलने से रोकने पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आपत्ति जताई और कहा कि वे नियमों के तहत अपनी बात रख रहे हैं।

# प्रभार अदला-बदली को लेकर डीएसई आफिस में हाई वोल्टेज ड्रामा

**गढ़वा से आए डीएसई आकाश कुमार ने स्वतः ग्रहण किया प्रभार**
**पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता ने चार्ज देने से किया इनकार**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग नया समाहरणालय स्थित डीएसई आफिस में बुधवार को दिनभर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। जैसे ही गढ़वा से ट्रांसफर होकर चार्ज देने के लिए नए डीएसई आकाश कुमार आए, पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता उनका स्वागत करने की जगह सरकारी दफ्तर में ताला बंद करा यह कहते हुए निकल गए कि चार दिनों के बाद प्रभार देंगे। प्रभार लेने और योगदान देने हजारीबाग आए नए डीएसई आकाश कुमार ने सरकारी आदेश का हवाला दे आज ही प्रभार सौंपने को कहा। लेकिन पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता निकल वहां से चलते बने। कोई चारा नहीं देख आकाश कुमार डीइओ प्रवीण रंजन के पास गए। फिर डीसी से मिला स्वतः प्रभार ग्रहण करने की अनुमति मांगी। इस बीच संतोष गुप्ता कोई रजिस्टर लेने आए और जैसे ही दफ्तर का ताला खुलवाया, ने डीएसई ने चार्ज एज्युम कर लिया। फिर क्या था, पूर्व डीएसई को कुछ नहीं सूझा, तो शिक्षकों की काउंसिलिंग के लिए डीएसई आफिस में बेंच लगवाने लगे। सरकार के ट्रांसफर लेकर में काउंसिलिंग का जिक्र है कि डीएसई काउंसिलिंग करेंगे। ऐसे में अब काउंसिलिंग की जिम्मेवारी ने डीएसई की है, अन्यथा सरकार ने जिन शिक्षा पदाधिकारियों के तबादले का आदेश पत्र जारी किया है, उसमें काउंसिलिंग का जिक्र ही नहीं होता। इधर एज्युम चार्ज पर डीइओ ने हस्ताक्षर करने की बात कही है। ऐसे में पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता को प्रभार लेने की मजबूरी है।

### डीएसई को चार दिनों बाद प्रभार क्यों देना चाह रहे थे संतोष गुप्ता, जानिए अंदरखाने की बात

नये डीएसई आकाश कुमार को आखिर संतोष गुप्ता प्रभार देना क्यों नहीं चाह रहे थे। इस मामले में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. अतिकुज्जमा ने कहा कि दूसरे जिले से आए शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए लाखों रकम को वसूली की गई है। अब पूर्व डीएसई पशोपेश में हैं कि जिला स्थापना समिति की बैठक नहीं होने से उन शिक्षकों को क्या जवाब देंगे। ऐसे में शिक्षकों से वसूली गई रकम लौटानी होगी। दरअसल किसी को तनिक अनुमान नहीं था कि सरकार का फरमान जारी होते ही ने डीएसई प्रभार लेने आ जाएंगे। पूर्व डीएसई को संभालने का मौका ही नहीं मिला। इन चार दिनों में डीएसई आफिस में और क्या-क्या खेल होते, कहना मुश्किल है। क्या-क्या अनियमितताएं और सबूत मिटाए जाते या फिर शिक्षकों को रकम लौटाई जाती। वहीं अपने चहेते पदाधिकारियों, कर्मियों और शिक्षकों के भी भविष्य की राह तलाशते। बहरहाल चार्ज नहीं देने से स्वतः ही सारे कारनामों की पोल पलभर में उजागर बीती स्पष्ट परिलक्षित होती प्रतीत हुई

### पोस्टिंग के लिए रकम देनेवाले शिक्षक पशोपेश में, बुरे फंसे बिचौलिए

दूसरे जिले से ट्रांसफर हैकर आए 93 में वह सभी शिक्षक सकते में हैं, जिन्होंने बिचौलियों के माध्यम से मनचाही पोस्टिंग के लिए लाख-सवा लाख तक खर्च किए हैं। उनकी पोस्टिंग पूर्व डीएसई संतोष गुप्ता के माध्यम से होनी थी। लेकिन अब ने डीएसई के आ जाने से पुराने डीएसई के तुरूप का पत्ता बदल गया। ऐसे में शिक्षक यह पशोपेश में हैं कि इतनी राशि खर्च कर मनचाहे स्कूलों में पोस्टिंग मिलेगी या नहीं। वहीं बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले कुछ बीइओ, क्लर्क, कंप्यूटर आपरेटर, सरकारी व पारा शिक्षक सकते में हैं कि पूर्व डीएसई संतैष गुप्ता की पिंड तो छूट गई, शिक्षकों के कोप भाजन का शिकार तै अब बिचौलिए ही बनेंगे।

